हरिभूमि

जबलपुर

शुक्रवार 7 अगस्त 2026

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

संसद के मानसून सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध जारी

2 दिन में दूसरी बार मिले रिजिजू-राहुल, परिसीमन बिल पर मांगा समर्थन

हंगामे के बीच लोकसभा में 'टैक्सेशन एंड अदर लॉज (अमेंडमेंट) बिल पास

अब तक की यह तीसरी मुलाकात रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध जारी है। गतिरोध को खत्म करने अब सरकार सीधे विपक्ष से बात कर रही है। सरकार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संपर्क में है। बताया जा रहा है कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और राहुल गांधी के बीच फिर बात हुई है। सत्र के दौरान सरकार और राहुल गांधी के बीच यह तीसरी बातचीत थी। इससे पहले बुधवार को भी रिजिजू और राहुल गांधी के बीच बातचीत हुई थी। सत्र में अब एक हफ्ता ही बचा और सरकार परिसीमन बिल लाना चाह रही है।

मंत्री किरेन रिजिजू और एलओपी राहुल गांधी

संसद में प्रश्नकाल भी नहीं चल सका

गुरुवार को लोकसभा की कार्यवाही फिर हंगामे की भेंट चढ़ गई। अध्यक्ष ओम बिरला की बार-बार शांति बनाए रखने की अपील के बावजूद विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी थमने का नाम नहीं ले रही थी। नतीजतन सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

विपक्ष जान-बूझकर संसद का कामकाज नहीं होने दे रहा: रिजिजू

रिजिजू ने राम मंदिर चंदे के मुद्दे पर विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस, सीबीआई और सपा भगवान राम का लगातार विरोध कर रही हैं। विपक्ष के चंदा चोरी नाटक का जिक्र करते हुए कहा कि इससे देशभर के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

अब 2000 रुपए से ज्यादा की यूपीआई पेमेंट पर लगेगा चार्ज

लोकसभा में बिना बहस के 'टैक्सेशन एंड अदर लॉज (अमेंडमेंट) बिल' पास कर दिया गया है। अब 2000 से अधिक के यूपीआई पेमेंट पर अधिभार लगेगा।

गृह मंत्री गायब, पीएम आ नहीं रहे

शाह बर्बरता पर दें जवाब: खरगे

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र के साथ पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा 15 दिन से सदन चल रहा है और गृह मंत्री गायब हैं। शाह जवाब दें।

गलत बातें फैला रहे राहुल और खरगे

शाह बहस को तैयार, भाग रहा विपक्ष

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों नेता गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ झूठी बातें फैला रहे हैं। विपक्ष जानबूझकर संसद में हंगामा कर रहा है। वह मुद्दों पर बहस करने से बच रहा है। सदन चलने पर वे हर सवाल का जवाब देने को तैयार हैं।

एटीएफ में इथेनॉल मिलाने वाले दावे गलत

मंत्री नायडू बोले- ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं

हवाई जहाज चलाने के लिए इस्तेमाल होने वाले फ्यूलएटीएफ (विमान ईंधन) में इथेनॉल मिलाने वाले दावे को सरकार ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि एटीएफ में इथेनॉल मिलाने का दावा पूरी तरह से गलत और गैर-जिम्मेदाराना है।

खबर संक्षेप

छात्रसंघ चुनाव की मांग पर टकराव, कार्यकर्ता भिड़े

उदयपुर। यहां के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव बहाल करने की मांग को लेकर प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी और एनएसयूआई कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। आर्ट्स कॉलेज के मुख्य गेट से शुरू हुआ विवाद कुलपति तक पहुंच गया। दोनों संगठनों के बीच धक्का-मुक्की की नौबत आ गई।

आसाराम को राहत अंतरिम जमानत नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। उन्हें एक प्रशिक्षित केयरटेकर रखने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने सुनवाई करते हुए उसे फिलहाल लंबित रखा।

प्रेमानंद के लिए 1000 कीलों पर दंडवत कांवड़

शाहजहांपुर। पवित्र सावन में आस्था का एक अद्भुत स्वरूप शाहजहांपुर में देखने को मिल रहा है। जैतीपुर क्षेत्र के ग्राम पहरा निवासी सोनू यादव ने प्रेमानंद महाराज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए अनोखी कांवड़ यात्रा शुरू की है। वह 1000 लोहे की कीलों पर दंडवत प्रणाम करते हुए यह कठिन यात्रा कर रहे हैं। इस पर लोग अचंभित हैं।

पंजाब में बिना अनुमति पेड़ काटा तो जुर्माना

चंडीगढ़। पंजाब में बिना अनुमति पेड़ काटने पर सख्त कार्रवाई होगी। नए 'पंजाब प्रोटेक्शन ऑफ ट्रीज बिल' के तहत, काटे गए हर एक पेड़ के बदले 10 पौधे लगाना अनिवार्य है। बिना अनुमति पेड़ काटने पर 10 हजार से लेकर 50 हजार तक का जुर्माना लग सकता है। राज्य सरकार और एनजीटी पर्यावरण संरक्षण को लेकर सख्त हैं।

अतीक के छोटे बेटे अबान की भी मौत

झांसी। मारे गए माफिया डॉन अतीक अहमद के परिवार का बुरा दौर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। कभी प्रयागराज में जिस परिवार के नाम से लोग कांपते थे, आज उसका वजूद लगभग मिट चुका है। गुरुवार को सबसे छोटे बेटे अबान की झांसी में सड़क हादसे में मौत हो गई है।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में 2 अहम फैसले लिए गए

असम में एनएच-15 पर बनेगा 4-लेन हाईवे

'गोबरधन' योजना से किसान होंगे लाभान्वित

यह प्रोजेक्ट एनएचओ के तहत 8970.20 करोड़ की लागत से 'बिल्ट-ऑपरेट-ट्रांसफर' टोल मोड पर डेवलप होगा। इसमें तेजपुर बाइपास पर 4.9 किमी लंबा इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी का निर्माण होगा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने गुरुवार को कई अहम और बड़े प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी। कैबिनेट ने असम में एनएच -15 पर गुवाहाटी के पास बैहाटा चारियाली से तेजपुर तक 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड गुवाहाटी-तेजपुर कॉरिडोर बनाने को मंजूरी दी है। बैहाटा चारियाली से तेजपुर तक बनाए जाने वाले इस 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड हाईवे की लंबाई 135.871 किमी होगी। यह प्रोजेक्ट एनएचओ के तहत 8970.20 करोड़की कुल लागत से 'बिल्ट-ऑपरेट-ट्रांसफर' टोल मोड पर डेवलप किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट में तेजपुर बाईपास पर 4.9 किमी लंबा एक इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी का निर्माण भी शामिल है, जिसे भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर अंतिम रूप दिया गया है।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने दी फैसलों की जानकारी

योजना को भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर अंतिम रूप दिया गया

15 बड़े पुल, 30 छोटे पुल, 19 फ्लाईओवर और 1 हाथी अंडरपास बनाने का प्रावधान

इसके अलावा प्रोजेक्ट में 15 बड़े पुल, 30 छोटे पुल, 19 फ्लाईओवर और 1 हाथी अंडरपास (तेजपुर बाइपास में) बनाने का प्रावधान है। चूंकि इस प्रोजेक्ट को एक्सेस-कंट्रोल्ड बनाया जा रहा है, इसलिए ट्रैफिक की आवाजाही बनाए रखने के लिए 46 अंडरपास, 19 फ्लाईओवर और 210 किमी सर्विस रोड का निर्माण भी किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट से यात्रा का समय आधा हो जाएगा, सड़क सुरक्षा बेहतर होगी, ईंधन की बचत होगी और गाड़ी चलाने का खर्च भी कम होगा।

कम्प्रेस्ड बायोगैस को विस्तार देने मजबूत ढांचा मुहैया होगा

योजना के तहत कृषि अपशिष्ट, पशुओं का गोबर, गन्ने की खोई, शहरी जैविक कचरा और अन्य बायोमास संसाधनों को स्वच्छ ईंधन, जैविक खाद, ग्रामीण आय और राष्ट्रीय आर्थिक मूल्य में बदला जाएगा। सरकार ने कहा कि सुनिश्चित मांग, आकर्षक एवं स्थिर मूल्य निर्धारण, पूंजीगत सहायता, पाइपलाइन अवसंरचना, ऋण समर्थन और प्रौद्योगिकी विकास जैसे उपायों के जरिये ये योजना कम्प्रेस्ड बायोगैस क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देने मजबूत एवं स्पष्ट ढांचा मुहैया होगा।

23,731 करोड़ की गोबरधन योजना को मंजूरी

मंत्रिमंडल ने गुरुवार को देश में बायोगैस उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 23,731 करोड़ रुपए के प्रावधान वाली राष्ट्रीय एकीकृत योजना 'गोबरधन' को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया के साथ बातचीत करते हुए बताया कि 'गोबरधन' योजना को 2026-27 से 2035-36 तक लागू किया जाएगा और इसका उद्देश्य कम्प्रेस्ड बायोगैस को देश के भविष्य के ऊर्जा मिश्रण का एक प्रमुख स्तंभ बनाना है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा लाभ

यह योजना किसानों, सहकारी समितियों, फीडस्टॉक आपूर्तिकर्ताओं और ग्रामीण उद्यमियों के लिए आय के नए अवसर पैदा करेगी। साथ ही कृषि अवशेष, गोबर और शहरी जैविक कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा।

सीबीजी उत्पादन को बढ़ाया जाएगा

यह योजना वित्त वर्ष 2026-27 से 2035-36 तक लागू रहेगी और भारत की ऊर्जा व्यवस्था में संपीड़ित बायोगैस को एक प्रमुख स्तंभ के रूप में स्थापित करेगी। सरकार का लक्ष्य इस योजना के माध्यम से देश में सीबीजी उत्पादन को करीब 10 गुना बढ़ाना, निजी निवेश आकर्षित करना और सर्कुलर बायोइकोनॉमी को मजबूत करना है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा संचालित इस योजना के तहत सीबीजी उत्पादकों को सुनिश्चित बाजार, स्थिर मूल्य, पूंजी सहायता दी जाएगी।

योजना के 6 प्रमुख घटक

1. सुनिश्चित सीबीजी खरीद
2. स्थिर मूल्य व्यवस्था
3. पूंजी सहायता
4. पाइपलाइन अवसंरचना का विकास
5. क्रेडिट गारंटी सुविधा
6. सीबीजी इकोसिस्टम

प्रयागराज में कल होनी थी सभा

कार्यक्रम की मंजूरी नहीं, आवाज उठाने से रोक नहीं सकते: राहुल

'छात्रों की गूंज' को मंजूरी आखिरी समय में रद्द कर दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर सियासी विवाद तेज हो गया है। 8अगस्त को प्रयागराज के केपी ग्राउंड में होने वाले इस कार्यक्रम की मंजूरी आखिरी समय में रद्द कर दी गई। राहुल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें छात्रों के हक की आवाज उठाने से कोई नहीं रोक सकता। अनुमति रद्द होने के पीछे कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश, लगातार बारिश से जलभराव और जिला प्रशासन से अंतिम मंजूरी नहीं मिलने का हवाला दिया है। इसमें पेपर लीक, फीस बढ़ोतरी, सीटों में कटौती और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर चर्चा होनी थी।

प्रियंका ने केंद्र पर साधा निशाना

'किस बात का डर?

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने प्रयागराज में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के लिए स्थल की अनुमति नहीं मिलने की आलोचना की। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि प्रशासन इस कार्यक्रम से किस बात से डर रहा है। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को संबोधित एक पत्र में, कायस्थ पाठशाला के कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि यह निर्णय प्रधानाध्यापक की जानकारी के बाद और उच्च न्यायालय के आदेश पर रद्द की है।

सरकार एथेनॉल 50 फीसदी तक बढ़ाएगी

ई-20 पर विवाद

आपके राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और भाजपा के आईटी विभाग प्रमुख अमित मालवीय के बीच एक्स पर तीखी बहस सामने आई। केजरीवाल ने केंद्र पर डीजल और विमानन टरबाइन ईंधन में एथेनॉल मिश्रण करने की योजना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि सरकार ई20 ईंधन के बाद पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण 50 फीसदी से अधिक बढ़ाएगी। केजरीवाल ने नए पेट्रोल और डीजल वाहन खरीदने से बचने का आग्रह किया।

ई 20 से आगे कोई फैसला नहीं लिया गया

भाजपा आईटी सेल के अमित मालवीय ने केजरीवाल के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि केंद्र ने ई20 से आगे मिश्रण बढ़ाने का कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने केजरीवाल के तर्क को तथ्यों के बजाय भय पर आधारित बताया। ई20 बिना वैज्ञानिक स्टडी के लागू नहीं किया था।

जेपीएससी-जेएसएससी में गड़बड़ी पर आंदोलन

सरकार से बातचीत के लिए डेलिगेशन किया तय 8 छात्र, 1 वकील और 2 एक्सपर्ट करेंगे बात

सभी मांगें और तथ्य केवल छात्र प्रतिनिधि सरकार के सामने रखेंगे

एजेंसी ▶▶ रांची

जेपीएससी और जेएसएससी समेत विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर रांची के जयपाल सिंह स्टेडियम में छात्र आंदोलन के बीच सरकार से वार्ता को लेकर बड़ी खबर है। छात्रों ने प्रतिनिधिमंडल की सूची जारी की है। इससे राज्य सरकार के साथ बातचीत होगी। प्रतिनिधिमंडल में 8छात्र प्रतिनिधियों के अलावा 2पत्रकार और 1 वकील को शामिल किया गया।

माइक, कैमरा, रिकॉर्डिंग डिवाइस बैन

आंदोलनकारियों ने कहा कि पत्रकार और कानूनविद केवल अभिभावक एवं मार्गदर्शक की भूमिका में रहेंगे। बैठक के दौरान किसी भी मुद्दे, मांग या तथ्य को केवल छात्र प्रतिनिधि ही सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। पत्रकार और कानूनविद बयान नहीं देंगे। बैठक में माइक, कैमरा, रिकॉर्डिंग डिवाइस बैन रहेंगा।

आंदोलनकारी छात्रों ने मांगा हेमंत का इस्तीफा, वे पद के लिए अयोग्य

झारखंड में विरोध-प्रदर्शन गुरुवार को 13वें दिन में प्रवेश कर गया। उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर छह प्रदर्शनकारी भी आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। वहीं सरकार की ओर से गंभीरता नहीं दिखाने पर अब आंदोलनकारी छात्रों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस्तीफे की मांग कर दी है। राज्य सरकार उनकी मांगों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही है।

20 दिन में 8 जगह धंसी सड़क

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे

नई दिल्ली। कानपुर एक्सप्रेसवे के लगातार धंसने पर एनएचएआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए परियोजना निदेशक नकुल प्रकाश वर्मा को हटा दिया। निर्माण कंपनी पीएनसी इंफ्राटेक पर भी कार्रवाई शुरू हुई है। मरम्मत पूरी होने तक एक्सप्रेसवे टोल फ्री रहेगा और गुणवत्ता की जांच आईआईटी खड़गपुर करेगा। अगस्त के पहले हफ्ते तक एक्सप्रेसवे आठ स्थानों पर उखड़ा और धंसा।

कॉकरोच जनता पार्टी के दीपके का नया ऐलान

सीजेपी शुरू करेगी 'क्या बोलती पब्लिक' अभियान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी(सीजेपी) की कोर टीम की बैठक गुरुवार को खत्म हो गई है। मीडिया को संबोधित करते हुए सीजेपी का फाउंडर अभिजीत दीपके ने बड़ा ऐलान किया है।दीपके ने कहा है कि सीजेपी सितंबर से एक अभियान शुरू करगी जिसका नाम होगा 'क्या बोलती पब्लिक'। इसके माध्यम से देशभर में लोगों से संवाद किया जाएगा और उनकी समस्याओं को जाना जाएगा। इस दौरान पता चलेगा कि जनता को किन मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है?

अब लोग सड़कों पर उतरेंगे

दीपके ने कहा कि लोगों के मन से डर खत्म हो गया है। अब लोग सड़कों पर उतरेंगे। आज उन्होंने एक व्यक्ति का इस्तीफा मांगा है। कल वे अन्य व्यक्तियों का भी इस्तीफा मांगेंगे। हमारी विचारधारा वही है जो भारत के संविधान की है।

बेरोजगारी को देशव्यापी मुद्दा बनाएंगे

दीपके ने आगे कहा कि देश में बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है और इसे देशव्यापी मुद्दा बनाया जाएगा। हम एजुकेशन सिस्टम में सुधार के लिए भी काम करेंगे। शिक्षा मुनाफा कमाने का कारोबार बन गई है।

दीपके के घर के बाहर दो युवकों का धरना

हमें दूसरा केजरीवाल नहीं चाहिए

छात्र आंदोलन से जुड़े होने का दावा करने वाले दो युवकों ने दीपके के घर के बाहर धरना दिया और आरोप लगाया कि उन्हें कोर टीम की बैठक में शामिल होने या अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया गया। युवकों की पहचान मनीष ब्रह्मभट्ट और राहुल पंड्या के रूप में हुई है।

गालियों वाले वीडियो पर बोले वांगचुक

मैं 'अपशब्दों' को कतई मंजूरी नहीं देता

नीट पेपर लीक के विरोध में जंतर-मंतर पर हुए प्रोटेस्ट के दौरान प्रधानमंत्री और सरकार को अपशब्द कहने के कई वीडियो वायरल हैं। इन वीडियो की भाषा को लेकर जब पर्यावरणविद और एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक से सवाल किया गया तो उन्होंने अपशब्दों पर आपत्ति जताई।

पेपर लीक मामले में वकीलों को फटकार

जज बोले- हर मिनट अहम आप 10 बजे कोर्ट में ही रहें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट यूजी पेपर लीक मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली की फास्ट-ट्रैक कोर्ट में चल रही है। बचाव पक्ष के कुछ वकीलों के सुबह 10 बजे समय पर नहीं पहुंचने पर अदालत ने नाराजगी जताई। अदालत ने सभी वकीलों को रोजाना समय पर उपस्थित रहने और भविष्य में किसी भी तरह की देरी से बचने का निर्देश दिया। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता ने कहा कि कृपया मेरी चिंता को समझिए। यहां हर मिनट अहम है। जब मैं पहले इस मामले की सुनवाई कर रहा था तब

इसे जल्द निपटाने के कोई निर्देश नहीं थे। आप सभी को सुबह ठीक 10 बजे अदालत में मौजूद रहना चाहिए। यह सिलसिला ऐसे नहीं चल सकता। आज मैं मामले की सुनवाई 11 बजे तक स्थगित कर रहा हूं। सुनवाई के दौरान नाराजगी जताते हुए जज ने कहा कि ये सही नहीं है कि वकील समय से न हो।

जबलपुर
शुक्रवार 7 अगस्त 2026
- श्रावण मास कृष्ण पक्ष-9
- वर्ष : 21 अंक : 95
- पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 26
न्यून. 22

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

उनसे पूरी बातचीत

प्रश्न: कितने अचंभित हैं चुनाव में अपनी जीत को लेकर?

उत्तर: चुनाव की जीत से तो अचंभित नहीं हूं, ये तो होना ही था। हालांकि, ज्यादा बड़े मार्जिन से जीत होनी थी। हमारी लड़ाई आशुतोष तिवारी से नहीं थी बल्कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मध्यप्रदेश शासन से थी। इस चुनाव में शासन ने हर तरह के हथकंडे अपनाए। पूरा मंत्रिमंडल यहां पड़ा रहा, सीएम, दोनों डिप्टी सीएम, 15 मंत्री, एक-एक बूथ गए, गांव-गांव गए। तरह-तरह के आश्वासन दिए, लोक-लालच दिए, कहीं-कहीं धमकी भी दी।

प्रश्न: आप और आशुतोष तिवारी दोनों ही भितरघात की बात कह रहे हैं, क्या कहना चाहेंगे?

उत्तर: हर पार्टी में मनमुटाव तो होता ही है लेकिन अक्सर उसे थाम लिया जाता है। मान-मनौव्वल करते हैं। वरिष्ठ नेता आश्वासन देते हैं और चुनाव आने तक अधिकतर स्थिति ठीक हो जाती है। फिर भी कई बार लोग नहीं मानते हैं, चुपचाप विरोध करते हैं। इस चुनाव में थोड़ा ज्यादा हुआ। हमारे कांग्रेस पार्टी में खुलकर भीतरघात हुआ। अब दूसरी पार्टी में क्या हुआ ये तो वो जानें।

प्रश्न: भाजपा में जो हुआ क्या वो आपके बिना संपर्क के हुआ?

उत्तर: भाजपा के लोगों से मेरा कोई संपर्क नहीं था। हां, घर में लड़ाई हुई, सड़कों पर उजागर हुई। और जब घर की लड़ाई सड़कों पर आती है तो स्वाभाविक रूप से सामने वाली पार्टी को फायदा होता ही है। इसका फायदा मुझे हुआ होगा।

प्रश्न: भाजपा के लोगों ने आपकी मदद की होगी, क्या कहेंगे आप?

उत्तर: थोड़े से लोगों ने जो मदद की वो अपने आप ही सामने से आए और कहलवाया कि हम मदद कर रहे हैं। किसी ने कहा हम दोस्ती कर रहे हैं, बहुत कम लोग खुलकर मदद करने के लिए आए। बाकी किसी के साथ बातचीत नहीं हुई। जो लोग असंतुष्ट थे वो कहां जाते, मेरे पास आए।

प्रश्न: क्या आपके लिए राजेंद्र भारती ने उतनी ही मेहनत की जितनी की नरोत्तम मिश्रा ने आशुतोष तिवारी के लिए की?

उत्तर: मुझे लगता है राजेंद्र भारती की तुलना में नरोत्तम मिश्रा ने आशुतोष तिवारी के लिए ज्यादा मेहनत की। वो उनके साथ मंच पर थे। लोगों से आग्रह कर रहे थे कि भाजपा को वोट दो। उन्होंने कसमें भी खाईं। ऐसा हमारे यहां (कांग्रेस में) नहीं हुआ। राजेंद्र भारती तो चुनाव से गायब रहे। एक दो बार मंच पर आए तो अपनी गाथा सुनाते रहे उन्होंने स्पष्ट अपील नहीं की।

प्रश्न: राजेंद्र भारती का कहना है कि घनश्याम सिंह को मेरा नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ बोलना भाया नहीं, इस बात में कितनी सच्चाई है?

उत्तर: राजेंद्र भारती आशुतोष तिवारी के खिलाफ नहीं बोले बल्कि उनकी तारीफ करते हुए कहा कि भाजपा ने बहुत अच्छा प्रत्याशी दिया है, क्या मतलब है इसका। सीएम मोहन यादव और भाजपा के खिलाफ एक शब्द नहीं बोले। ये कैसा प्रचार किया। दो बार मंच पर आए पर स्पष्ट रूप से यह कभी नहीं कहा कि घनश्याम सिंह को जिताओ। उन्होंने तो खुला घात किया।

प्रश्न: आप 15 साल से सेवढ़ा में पसीना बहा रहे थे, फिर आप कैसे चुनाव जीत गए?

उत्तर: बीते 15 वर्षों से मैं सेवढ़ा में था लेकिन दतिया के लोगों से मेरे व्यक्तिगत संपर्क रहे हैं, हालांकि राजनीतिक रूप से दूर था। मेरे दो कार्यकाल दतिया में विधायक के रूप में जनता के बीच रहे थे। बीते 15 वर्षों में लोगों ने अन्य विधायकों के कामकाज को देखा तो उन्हें लगा कि इससे तो घनश्याम सिंह के कार्यकाल का काम ज्यादा अच्छा था। यह फायदा मिला। दूसरा, पूरे देश में भाजपा के खिलाफ लहर चल रही है। चाहे केंद्र में पीएम मोदी हों या राज्य में सीएम मोहन यादव जनता भाजपा की नीतियों से नाराज है निराश है। नीचे तक सबके दिमाग में यह मैसेज पहुंच चुका है कि दो चार पूंजीपतियों के लिए सरकार है। न किसान का हित कर रही, न युवाओं का हित कर रही, न कोई सार्थक काम आम आदमी या गरीब के लिए किया जा रहा है। तो ये नाराजगी है।

दतिया से नवनिर्वाचित विधायक घनश्याम सिंह से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास मुलाकात

वे एकतरफा जीत की उम्मीद कर रहे थे... हालांकि ये छोटी हार है पर उनको लगता है कि हमारी छोटी नहीं बल्कि करारी हार हुई है, इसलिए वो लड़ रहे हैं

उनसे सवाल था
आपकी जीत ने भाजपा की जिला कार्यकारिणी को भंग करवा दिया, कितना दुखी हैं आप?

यह भी बोले घनश्याम सिंह

भाजपा के असंतुष्ट लोगों ने मेरी मदद की

राजेंद्र भारती ने मेरे लिए जीत की अपील तक नहीं की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायक घनश्याम सिंह का का कहना है कि 6000 की मार्जिन बड़ी नहीं है। लेकिन भाजपा छोटी सी हार से बहुत बौखलाई हुई है। उन्हें लगता था हम पैसे के दम पर पूरी जनता, वोटर और कांग्रेस के एजेंट्स को खरीद लेंगे। एक तरफा वोटिंग करवाएंगे। जहां होगा वहां बूथ कैप्चरिंग करवाएंगे। 10, 20, 50 हजार से एक तरफा जीतेंगे। जिस तरह की भाजपा राजनीति करती है उनकी यह सब योजना थी। उनको (भाजपा) को लगता है कि हमारी छोटी सी नहीं बल्कि बहुत करारी हार हुई है।

इसलिए वो लड़ रहे हैं। घनश्याम सिंह ने यह बात दतिया उप चुनाव जीतने के बाद 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से खास मुलाकात में कही।

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

एमईए की अब सोशल मीडिया स्नैपचैट पर एंट्री

नई दिल्ली। युवाओं और जेन-जी से संवाद बढ़ाने के उद्देश्य से भारत का विदेश मंत्रालय अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्नैपचैट पर भी शामिल हो गया है। मंत्रालय ने यह जानकारी एक्स पर दी है। अब युवाओं की पहुंच आसान होगी।

नौकरी का झांसा देकर होटल में रेप, 3 अरेस्ट

मुरैना। ग्वालियर की 26 वर्षीय युवती आरोप है कि मुरैना निवासी शिवा परमार ने उसे नौकरी का झांसा देकर एक होटल में बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचा है।

कलेक्ट्रेट में सरपंच ने की आत्महत्या की कोशिश

बुरहानपुर। कलेक्ट्रेट परिसर में सीतापुर गांव के सरपंच अमर सिंह मंडलोई ने ज़हर पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। प्रशासनिक उदासीनता से परेशान होकर सरपंच ने ये कदम उठाया। उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया है।

आज से प्रदेश भर में शुरू होगा 'जनविश्वास अभियान'

सीएम डॉ. यादव का नवाचार

आज मैदान में उतरेगी सरकार, मौके पर ही होगा समस्याओं का समाधान

अभियान का उद्देश्य जनता से सीधा संवाद एवं जुड़ाव, फील्ड की वास्तविक स्थितियों का फीडबैक प्राप्त करना, प्रशासन के पर्यवेक्षण तंत्र को सुदृढ़ करना और प्रशासन की पारदर्शी और संवेदनशील छवि का निर्माण करना है

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का एक विशेष जनोन्मुखी नवाचार शुक्रवार 7 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है। इसे जनविश्वास अभियान नाम दिया गया है। इसके तहत प्रत्येक शुक्रवार को मंत्रालय से लेकर संभाग, जिलों तक के सभी अफसर फील्ड में जनता के सामने होंगे और उनकी समस्याओं, शिकायतों का समाधान करेंगे। सीएम सहित सभी मंत्री कहीं न कहीं इस अभियान में शामिल होंगे। डॉ. यादव छिंदवाड़ा जिले में शामिल होकर अभियान का शुभारंभ करेंगे। सरकार ने अफसरों को पहले ही इसे लेकर मुस्तैद कर दिया था। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में जाकर जनता से सीधा संवाद एवं जुड़ाव, शिकायतों एवं समस्याओं का शत-प्रतिशत निराकरण करना, फील्ड की वास्तविक स्थितियों का फीडबैक प्राप्त करना, पर्यवेक्षण तंत्र को सुदृढ़ करना और प्रशासन की पारदर्शी और संवेदनशील छवि का निर्माण करना है।

डॉ. मोहन यादव

दफ्तर छोड़ फील्ड में जनता के सामने होंगे मंत्रालय से लेकर जिले तक के अधिकारी

दो प्रकार के कार्यक्रम जन-संवाद और उद्योग संवाद आयोजित किए जाएंगे

मुख्यमंत्री और मंत्री भी होंगे शामिल, शासन और प्रशासन ने पूरी कर ली तैयारी

डॉ. यादव छिंदवाड़ा जिले में शामिल होकर अभियान का शुभारंभ करेंगे

आज किसी भी स्तर पर नहीं होगी कोई बैठक

अभियान के दौरान प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार के दिन पूरे प्रदेश में अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर किसी भी स्तर पर कोई बैठक आयोजित नहीं की जाएगी। यह दिन केवल फील्ड भ्रमण को समर्पित रहेगा। जिला कलेक्टर एक सप्ताह पूर्व भ्रमण का क्षेत्र चिन्हित करेंगे और जन-प्रतिनिधियों को अवगत कराएंगे। एक सप्ताह पूर्व ही संबंधित क्षेत्र के सीएम हेल्पलाइन, जन-सुनवाई और लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी।

सादगी और मितव्ययिता से संचालित होगा अभियान

संपूर्ण अभियान सादगी और मितव्ययिता से संचालित होगा। साज-सज्जा आदि गैर जरुरी व्ययों से परहेज किया जाएगा। साथ ही वाहनों की पूलिंग होगी और शासकीय संस्थाओं, सार्वजनिक स्थान पर पूर्व निर्मित भवन में ही संवाद किया जाएगा।

जन-विश्वास अभियान के सबसे अहम बिंदु

अभियान के दौरान खासकर जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल की उपलब्धता तथा टंकी निर्माण की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। आंगनबाड़ी का निरीक्षण एवं कुपोषण से मुक्ति के लिए आंगनवाड़ी में बच्चों के वजन और ऊंचाई के मापन की स्थिति जानी जाएगी। स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण एवं डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टॉफ, दवाएं, उपकरण आदि की उपलब्धता एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के प्रदाय की स्थिति की जांच की जाएगी।

पूर्व गृहमंत्री से मुलाकात पर कहा- ये केवल शिष्टाचार भेंट

आशुतोष बोले-हार में नरोत्तम कितने जिम्मेदार जांच समिति तय करेगी

हार का दुःख नहीं अपनों की गतिविधियों से ज्यादा पीड़ा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आशुतोष तिवारी

नरोत्तम मिश्रा

दतिया उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे आशुतोष तिवारी ने कहा है कि हार के लिए पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा सहित कौन जवाबदार है कौन नहीं? इसका निर्णय जांच समिति करेगी। वही समीक्षा करेगी कि किस व्यक्ति के बारे में क्या मत है और जो भी विषय सामने आएंगे, उन्हें संज्ञान में लिया जाएगा। गुरुवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय पहुंचे तिवारी ने कहा कि उन्हें चुनाव हारने का उतना दुख नहीं है, जितनी पीड़ा अपने ही लोगों की कुछ गतिविधियों से हुई। उनका कहना था कि चुनाव के दौरान जो कुछ हुआ, उसने उन्हें अंदर से दुखी किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि कुछ कार्यकर्ता गलत लोगों के प्रभाव में आ गए थे, लेकिन इसके बावजूद उनके मन में किसी के लिए नाराजगी नहीं है।

नरोत्तम से मुलाकात के राजनीतिक मायने नहीं

आशुतोष ने कहा कि नरोत्तम से मुलाकात के कोई राजनीतिक मायने नहीं हैं। सार्वजनिक जीवन में कुछ शिष्टाचार होते हैं। यह उसी तरह की एक सामान्य सौजन्य मुलाकात थी। बैठक में कुछ लोगों की शिकायत के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैंने कोई अलग से रिपोर्ट नहीं दी है। मैं केवल उन सभी लोगों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने आया था, जिन्होंने मेहनत की, आशीर्वाद दिया और क्षेत्र में समय देकर हमारा सहयोग किया।

नरोत्तम दिल्ली होते हुए पहुंचे हरिद्वार

आशुतोष इधर भोपाल में प्रदेश भाजपा के नेताओं से मेल-मुलाकात कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ नरोत्तम मिश्रा भोपाल से बुधवार रात को ट्रेन से अचानक दिल्ली के लिए रवाना हुए। उन्होंने बताया कि मैं हरिद्वार आया हूं। राजधानी एक्सप्रेस से दिल्ली तक आया था।

दतिया उपचुनाव में जीत का इनाम

कांग्रेस ने अवधेश नायक को बनाया प्रदेश महासचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दतिया

- पटवारी ने जारी किया नियुक्ति आदेश

दतिया विधानसभा उपचुनाव में मिली बड़ी जीत के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस ने जिले के वरिष्ठ नेता अवधेश नायक को संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दी है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की सहमति से अवधेश नायक को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है।

आंगनबाड़ी भर्ती में रिश्वतखोरी मामला

डीपीओ दीक्षित सस्पेंड कमिश्नर ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

- कलेक्टर की रिपोर्ट पर कार्रवाई

आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया में कथित रिश्वतखोरी और पैसों के लेन-देन के मामले में छतरपुर के जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) दिनेश कुमार दीक्षित को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर मृणाल मीणा की रिपोर्ट के आधार पर सागर संभाग के आयुक्त अनिल सुचारी ने यह सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की है।

ड्रेसर न मिलने पर स्वयं लगाए 7 टांके

डॉ. विक्रांत ने घायल महिला की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झाबुआ

- अस्पताल पहुंचाया, व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

झाबुआ से कांग्रेस विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया ने एक बार फिर एक चिकित्सक के रूप में अपनी मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया है। कल्याणपुर क्षेत्र के दौरे के दौरान बावड़िया गांव के पास सड़क दुर्घटना में घायल महिला शांति मेड़ा को देखकर उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई। महिला के सिर से भारी मात्रा में खून बह रहा था।

बॉम्बे हाई कोर्ट की गोवा पीठ ने दोषी करार दिया

यौन उत्पीड़न केस में तरुण तेजपाल को 10 साल की सजा, लाखों का जुर्माना

- 13 साल पुराने मामले में सजा
- तेजपाल बोले मैं भी उमर खालिद और शरजील इमाम की तरह निशाने पर, जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶ पणजी

'तहलका' के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल को 2013 के यौन उत्पीड़न मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट की गोवा पीठ ने दोषी करार देते हुए 10 साल की कठोर कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने उन पर 10 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना भी लगाया है। हाई कोर्ट ने मई 2021 में गोवा की निचली (ट्रायल) अदालत द्वारा तेजपाल को सभी आरोपों से बरी करने के फैसले को पूरी तरह पलट दिया।

तरुण तेजपाल

फैसले को राजनीतिक साजिश करार दिया

सजा सुनाए जाने के बाद तरुण तेजपाल ने फैसले को राजनीतिक साजिश करार दिया है। 62 वर्षीय तेजपाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वे इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। तेजपाल ने खुद की तुलना दिल्ली दंगा मामले में बंद उमर खालिद और शरजील इमाम से करते हुए दावा किया कि उन्हें भी बदले की भावना से निशाना बनाया जा रहा है।

कुआलालंपुर से कोच्चि आ रहे विमान में हवा में बवाल

यात्री ने विंडो पैनल तोड़ा, इमरजेंसी एग्जिट खोलने की कोशिश, क्रू-यात्रियों को धमकी

केरल पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर से कोच्चि आ रही बाटिक एयर की फ्लाइट (ओडी231) में बुधवार रात एक यात्री की खतरनाक करतूत से बड़ा हादसा टल गया। सीट नंबर 12ए पर बैठे 36 वर्षीय यात्री जमशीर अथानिक्कल ने हवा में उड़ते बोइंग 737 विमान के आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट) द्वार की खिड़की के पैनल को लात मारकर तोड़ दिया और दरवाजा जबरन खोलने का प्रयास किया। पुलिस की एफआईआर के अनुसार यह घटना रात लगभग 9:30 बजे से 11:05 बजे के बीच घटी। आरोपी को ऐसा करने से रोकने की कोशिश करने पर उसने केबिन क्रू और सह-यात्रियों के साथ धक्का-मुक्की की तथा उन्हें जुबानी धमकियां दीं।



बोइंग 737 विमान की खिड़की का पैनल टूटा हुआ

प्रथम विश्व युद्ध (1917) में नगर सेठ ने दिए थे 35 हजार रुपए

109 साल बाद अब ब्रिटेन की सरकार लौटाएगी कर्ज सीहोर के सेठ परिवार से यूके सरकार ने मांगे दस्तावेज

यूके के डेप्ट मैनेजमेंट ऑफिस ने लीगल नोटिस के बाद शुरू की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

प्रथम विश्व युद्ध के दौरान सीहोर के प्रतिष्ठित नगर सेठ परिवार द्वारा ब्रिटिश हुकूमत को दिए गए 35 हजार रुपए के कर्ज (वार लोन) को लेकर एक बड़ी और ऐतिहासिक खबर सामने आई है। ब्रिटेन सरकार ने 109 साल पुराने इस कर्ज को चुकाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाते हुए देनदारी स्वीकार करने के संबंध में सेठ परिवार से आवश्यक दस्तावेज मांगे हैं। रूठिया परिवार के अनुसार साल 1917 में प्रथम विश्व युद्ध के समय भारत पर ब्रिटिश हुकूमत का शासन था। उस दौर में सेना के राशन, पानी और युद्ध से जुड़े भारी खर्चों की पूर्ति के लिए ब्रिटिश सरकार ने भोपाल रियासत सहित भारत के प्रमुख रईसों से (वॉर लोन) के रूप में फंड जुटाया था।

सेठ परिवार के विवेक रूठिया

मांगे गए दस्तावेज गिल्ट रजिस्ट्रार के सामने पेश किए जाएंगे

दस्तावेज मिलने के बाद रूठिया परिवार ने अपने अधिवक्ता श्रीयांश रानीवाल के माध्यम से ब्रिटेन सरकार के 'डेप्ट मैनेजमेंट ऑफिस' को ईमेल और हार्ड कॉपी भेजकर लीगल नोटिस दिया था। इस नोटिस के जवाब में यूके सरकार ने मामले को खारिज न करते हुए सकारात्मक रुख अपनाया है। ब्रिटेन सरकार ने लोन से जुड़ी अतिरिक्त जानकारी और प्रासंगिक दस्तावेज मांगे हैं, जिन्हें वहां के गिल्ट रजिस्ट्रार के समक्ष पेश किया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत कर्ज वसूली की तैयारी

विवेक रूठिया का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों के मुताबिक कोई भी संप्रभु देश अपने पुराने और वैध कर्ज को चुकाने के लिए कानूनी रूप से बाध्य होता है। यूके सरकार से सकारात्मक जवाब मिलने के बाद अब रूठिया परिवार मांगे गए सभी आवश्यक दस्तावेज जल्द से जल्द भेजने की तैयारी में जुटा है।

रोचक जानकारी / शिखर चंद जैन

बरसात के मौसम में आसमान में उमड़ते-घुमड़ते, घड़घड़ाते बादल, तरह-तरह की आकृति में दिखते बादल हम सभी को खूब आकर्षित करते हैं, मोहित करते हैं। ये बादल इस तरह अलग-अलग रूपों में क्यों घुमड़ते हैं, शोर मचाते हैं? जानो, बादल की एक प्यारी-सी चिट्ठी में।

बादल की चिट्ठी

प्यारे बच्चो

जरा पहचानो तो मुझे, खिड़की से बाहर आसमान की तरफ देखो। अभी-अभी हाथी का रूप बनाकर आसमान में घूम रहा था। अब अचानक दौड़ते हुए सफेद घोड़े जैसा दिखने लगा हूं। मैं हूं बादल, तुम्हारा प्यारा कूल दोस्त! आज मैं ऊपर आसमान की ऊंचाइयों से, नीली स्याही में अपनी कलम डुबोकर, यह चिट्ठी खास तुम्हारे लिए लिख रहा हूं...

मेरा घर और मेरा अनोखा सफरः दोस्तो, तुम मुझे हमेशा आसमान में देखते हो लेकिन क्या तुम जानते हो कि मेरा जन्म तो धरती पर ही हुआ है? नदियों, तालाबों, सागरों और हरी-भरी घासों पर बिखरी ओस की बूंदों में मेरा बचपन बीता है। जब सूरज दादा अपनी तेज धूप चमकाते हैं, तो मुझे बहुत गर्मी लगती है। तब मैं हल्का होकर 'भाप' बन जाता हूं, चुपके से ऊपर की ओर उड़ने लगता हूं। इसे विज्ञान की भाषा में वाष्पीकरण कहते हैं, लेकिन मेरे लिए यह आसमान की सैर का 'जादुई टिकट' है। ऊपर आकर जब मुझे ठंडी-ठंडी हवाएं मिलती हैं, तो मैं अपने जैसे लाखों-करोड़ों छोटे भाइयों और बहनों से गले मिल जाता हूं। हम सब मिलकर आसमान में तैरते हुए रुई के बड़े-बड़े पहाड़ जैसे बन जाते हैं। बस, यही मेरा बादल वाला रूप है!

मैं रूप बदलता हूं पल-पलः तुम लोग तो सिर्फ फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में ही रूप बदलते हो, लेकिन मैं तो हर मिनट अपना भेष बदल सकता हूं! कभी मैं आसमान में बिखरी हुई सफेद रुई जैसा दिखता हूं, तो कभी काले रंग का गाढ़ा कंबल बन जाता हूं। जब मैं सफेद होता हूं, तो मैं खुशमिजाज और शांत होता हूं। तब मैं तुम्हारे साथ लुका-छिपी खेलता हूं। लेकिन जब मेरा रंग गहरा सलेटी या काला होने लगे, तो समझ जाना कि अब मैं बहुत भारी हो गया हूं। मेरे अंदर पानी की बूंदें इतनी बढ़ जाती हैं कि मुझसे संभाली नहीं जातीं, फिर मैं जोर से गरजता हूं, गड़-गड़-गड़ाम! यह मेरा गुस्सा नहीं बच्चो, यह तो मेरा ढोल है, जिसे बजाकर मैं ऐलान करता हूं, 'लो भाई, मैं आ गया! अब बरसूंगा झमाझम, अपनी नावें तैयार कर लो!'

जब मैं बरसता हूंः जब मैं बरसता हूं, तो धरती पर त्योहार जैसा माहौल हो जाता है। मोर अपने सुंदर पंख फैलाकर नाचने लगते हैं, मेंढक टर्र-टर्र के कोरस में गाना गाते हैं। पेड़ों की पत्तियां ऐसे नहा-धोकर चमकती हैं, जैसे उन्होंने नए कपड़े पहने हों। मुझे सबसे ज्यादा मजा तब आता है, जब तुम लोग रंग-बिरंगे कागज की नावें लेकर बाहर दौड़ते हो। तुम्हारी बनाई वो छोटी-छोटी नावें जब पानी की लहरों पर तैरती हैं, तो ऊपर से देखकर मेरा दिल खुशी से झूम उठता है। मिट्टी से जो सोंधी-सोंधी खुशबू आती है, वो मेरी और धरती मां की दोस्ती की महक होती है।

आसमान की मजेदार बातेंः ऊपर आसमान से तुम्हारी दुनिया बहुत खूबसूरत दिखती है। मुझे सबसे अच्छे तुम्हारे स्कूल के मैदान लगते हैं, जहां तुम सब तितलियों की तरह रंग-बिरंगे कपड़ों में खेलते हो। कभी-कभी जब सूरज दादा मेरी पीठ थपथपाते हैं, तो मैं एक जादुई पट्टी हवा में बिखेर देता हूं। तुम उसे बड़े चाव से देखते हो और खुशी से चिल्ला पड़ते हो, 'देखो, इंद्रधनुष!' उसके सातों रंग बैंगनी, नीला, आसमानी, हरा, पीला, नारंगी, लाल असल में मेरी ही बूंदों से छनकर निकलने वाली सूरज की किरणें होती हैं।

पहाड़ों से मेरी अनोखी कुश्तीः बच्चो, क्या तुमने कभी पहाड़ों के ऊपर मुझे तैरते देखा है? जब मैं अपनी मखमली चाल से आगे बढ़ता हूं, तो ऊंचे-ऊंचे पहाड़ मेरा रास्ता रोक लेते हैं। फिर हमारे बीच एक दोस्ताना कुश्ती होती है! मैं उनसे टकराकर उनके ऊपर बर्फ या पानी की ठंडी बौछारें गिरा देता हूं। पहाड़ों से टकराकर ही मैं नदियों को उनका नया पानी देता हूं, जो बहकर तुम तक पहुंचता है।

मेरा कूलिंग इफेक्टः तुमको पता है, मैं सिर्फ पानी ही नहीं बरसाता, बल्कि मैं इस पूरी धरती के लिए एक जादुई छत या 'नेचुरल एयर-कंडीशनर' का काम भी करता हूं। जब मई-जून के महीने में सूरज दादा का पारा सातवें आसमान पर होता है, धरती तवे जैसी दहकने लगती है, तब मैं अपने पंख फैलाकर धूप को रोक लेता हूं। मेरी वजह से धरती मां को ठंडी छांव मिलती है, जिससे पेड़-पौधों और तुम सब बच्चों को गर्मी से राहत मिलती है।



आसमान में पेंटिंग क्लासः शाम के वक्त जब सूरज दादा घर लौटने वाले होते हैं, तब मैं उनके साथ मिलकर 'पेंटिंग क्लास' चलाता हूं। मैं सूरज की आखिरी किरणों को अपने भीतर सोखकर गुलाबी, चमकीला नारंगी, गहरा लाल या सुनहरा रंग ओढ़ लेता हूं। उस वक्त आसमान किसी बड़ी ड्राइंग बुक जैसा खूबसूरत दिखने लगता है। मैं चाहता हूं कि जब तुम शाम को खेलने के लिए घर से बाहर पार्क में जाओ तो मेरी इस जादुई कलाकारी को निहारो।

एक छोटी-सी शिकायतः बच्चो, जब मैं नीचे देखता हूं, तो कई जगहों पर पेड़ बहुत कम दिखते हैं। कारखानों और गाड़ियों का काला, जहरीला धुआं जब मुझसे आकर टकराता है, तो मुझे बहुत खांसी आती है, मेरा दम घुटने लगता है। अगर पेड़ नहीं होंगे, तो मुझे ठंडक कौन देगा? और अगर मुझे ठंडक नहीं मिलेगी, तो मैं पिघलकर बरसूंगा कैसे? फिर तो नदियां सूख जाएंगी और तुम सबके हिस्से का पानी कम हो जाएगा।

करो एक वादाः दोस्तो, मैं तुमसे एक वादा चाहता हूं। क्या अपने इस दोस्त की बात मानोगे? तुम अपने हर जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाओ। पानी की एक भी बूंद को बर्बाद न होने दो। प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करो ताकि हमारी धरती साफ-सुथरी रहे। जब तुम खूब सारे पेड़ लगाओगे, तो धरती हरी-भरी हो जाएगी। फिर मैं हर साल ढेर सारा ठंडा-मीठा पानी लेकर तुम सबके पास समय पर आऊंगा। हम फिर से रिमझिम बारिश में भीगेंगे मिलकर गाना गाएंगे। बाय.. बाय.. बच्चो! *

तुम्हारा बादल भैया

यह भी जानो / मच्छिंद्र ऐनापुरे

कमाल के होते हैं लिविंग रूट ब्रिज

बच्चो, क्या तुमने कभी ऐसे पुल के बारे में सुना है, जो पत्थर या सीमेंट से नहीं, पेड़ों की जड़ों से बने हों? हां बच्चो, ऐसे अद्भुत पुल अपने ही देश में मौजूद हैं। इन्हें लिविंग रूट ब्रिज कहा जाता है।

कहां हैं ये अनोखे पुलः ये अनोखे पुल भारत के पूर्वोत्तर राज्य मेघालय में पाए जाते हैं। स्थानीय भाषा में इन पुलों को 'जिंगकिएंग जरी' और 'ल्यु चराई' कहा जाता है। मेघालय अपनी हरियाली, बारिश और प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ इन अनोखे पुलों के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। भारत सरकार ने हाल ही में इन पुलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए एक प्रस्ताव भी भेजा है। मेघालय के 70 से 72 गांवों में लगभग 100 लिविंग रूट ब्रिजेस हैं। समय के साथ इनकी संख्या बदलती रहती है।



किस पेड़ की जड़ों से बनते हैं ये पुलः मेघालय की खासी और जयंतिया पहाड़ियों में एक खास पेड़ पाया जाता है- फिकस इलास्टिका यानी रबर का पेड़। आमतौर पर पेड़ों की जड़ें जमीन के अंदर जाती हैं, लेकिन इस पेड़ की कुछ जड़ें जमीन के ऊपर भी निकलती हैं। ये जड़ें बहुत मजबूत और लचीली होती हैं- बिल्कुल रस्सी की तरह।

कैसे बनता है रूट ब्रिजः पेड़ अपने आप पुल नहीं बना लेते। इन पुलों को पेड़ों की जिंदा जड़ों को मोड़कर, जोड़कर और बुनकर बनाया जाता है। नदी के किनारे उगने वाले इन पेड़ों की जड़ों को सही दिशा में बढ़ने के लिए तैयार किया जाता है। इसके लिए पहले उन्हें बांस का सहारा दिया जाता है, फिर जड़ों को आपस में गूंथकर ग्रो करने के लिए छोड़ दिया जाता है। यह काम स्थानीय खासी और जयंतिया जनजातियों के बुजुर्ग लोग करते हैं, जिन्होंने यह कला अपने पूर्वजों से सीखी हुई है। जब जड़ें आपस में जुड़ जाती हैं, तो उनके बीच की खाली जगहों में लकड़ी, पत्थर और मिट्टी भर दी जाती है। इससे पुल और भी मजबूत बन जाता है। लिविंग रूट ब्रिज बायो-इंजीनियरिंग का शानदार उदाहरण है।

कितना समय लगता हैः एक लिविंग रूट ब्रिज बनने में 15 से 30 साल तक लग सकते हैं, लेकिन एक बार बन जाने के बाद ये पुल सैकड़ों साल तक टिके रहते हैं। मेघालय के कुछ लिविंग रूट ब्रिज तो करीब 500 साल पुराने माने जाते हैं। पेड़ जितना बड़ा और मजबूत होता जाता है, पुल भी उतना ही मजबूत बनता जाता है।

बच्चो, लिविंग रूट ब्रिज हमें बताते हैं, हम प्रकृति के साथ मिलकर काम करें तो अद्भुत निर्माण कर सकते हैं! *

लिविंग रूट ब्रिज की उपयोगिता

बच्चो, यह तो तुम जानते ही हो कि मेघालय में बहुत ज्यादा बारिश होती है। यहां अकसर बाढ़ भी आती है। ऐसे में लकड़ी, लोहे या सीमेंट के पुल जल्दी खराब हो सकते हैं या पानी में बह भी सकते हैं। लेकिन पेड़ों की जड़ों से बने ये पुल बारिश और बाढ़ में भी मजबूती से टिके रहते हैं और स्थानीय लोगों के आवागमन में सहायता प्रदान करते हैं। इसलिए लिविंग रूट ब्रिज का निर्माण किया जाता है।

कविता / डॉ. मीरा सिंह 'मीरा'

आए बादल

उमड़-घुमड़ कर आए बादल,
सभी दिशा में छाए।
टिप-टिप बूंदें लगीं बरसने,
पंछी शोर मचाए।
नन्हीं चिड़िया चूं-चूं बोली,
चलो, नहाकर आएं।
धुली-धुली-सी लगती धरती,
पौधे सभी नहाएं।
जंगल-जंगल मोर नाचता,
कोयल गीत सुनाए।
उत्सव का माहौल हुआ है,
बादल ढोल बजाए।
बिजली रानी हंसकर बोली,
सेल्फी अब हो जाए!
टिप-टिप बूंदें रहीं बरसतीं,
बारिश सबको भाए।

सभी इमेज एआई

कहानी
रंजना मिश्रा

हमें किसी को कम नहीं समझना चाहिए। हर किसी में कोई ना कोई खूबी होती है। रवि और उसकी टीम ने साहिल को किसी लायक नहीं समझा, लेकिन वह ऐसा हुनरमंद निकला कि उसकी मदद से रवि की टीम को प्राइज मिला।

रंगों का जादूगर



रवि अपनी सोसाइटी की क्रिकेट टीम का कप्तान था। वह क्रिकेट खेलते समय हमेशा चौके-छक्के मारता था। शाम होते ही रवि और उसके दोस्त क्रिकेट खेलते हुए पार्क में खूब धमाल मचाते थे।

एक दिन पार्क की बेंच पर एक नया लड़का साहिल आकर बैठा था। वह इन सबके साथ खेल नहीं रहा था। वह बस अपनी ड्रॉइंग बुक में झुका हुआ कोई चित्र बना रहा था। तभी रवि ने बैट से बॉल मारी। बॉल लुढ़कती हुई साहिल के पैरों के पास पहुंच गई। रवि ने आवाज दी, 'ऐ लड़के बॉल इधर फेंक दो!'

साहिल ने घबराकर बॉल उठाई और रवि की ओर फेंक दी। लेकिन बॉल रवि तक पहुंची ही नहीं, थोड़ी दूर जाकर रुक गई।

रवि के दोस्त हंस पड़े। कोई बोला, 'इसे तो बॉल ठीक से फेंकनी भी नहीं आती।'

साहिल चुपचाप वापस आकर अपनी बेंच पर बैठ गया। उसका चेहरा उतर गया था। रवि ने कंधे उचकाए और फिर से खेलने में लग गया।

कुछ दिनों बाद सोसाइटी के गार्ड अंकल ने पार्क के बोर्ड पर एक नोटिस लगाया, इसमें लिखा था- 'पार्क सजाओ मुकाबला!' नोटिस के अनुसार बच्चों को पार्क की खाली दीवारों को पेंट करना था। जिस टीम की दीवार सबसे सुंदर लगेगी, उसे एक बड़ा-सा आइसक्रीम का डिब्बा ईनाम में दिया जाएगा। रवि और उसकी टीम बहुत उत्साहित हो गई। वह बोला, 'जीत तो हमारी टीम ही हासिल करेगी!' अगले दिन रवि और उसके साथी पेंट और ब्रश लेकर एक दीवार के पास पहुंच गए। रवि ने कहा, 'चलो, हम दीवार पर क्रिकेट खेलते बच्चों का चित्र बनाते हैं।' पेंटिंग करना क्रिकेट खेलने जैसा आसान नहीं था। किसी ने बैट बहुत छोटा बना दिया, तो किसी ने बॉल का चित्र इतना बड़ा बना दिया कि वह सूरज जैसी दिखने लगी। थोड़ी ही देर में पूरी दीवार बहुत ही बेतुके ढंग के चित्रों से रंग गई।

रवि की टीम में एक लड़की माया दुःखी स्वर में बोली, 'अरे! दीवार तो बहुत खराब लग रही है। अब हम हार जाएंगे।' तभी माया की नजर कोने में बैठे साहिल पर पड़ी। वह अपनी ड्रॉइंग बुक में कोई चित्र बना रहा था। वह चुपके से उसके पीछे गई और खड़ी होकर उसकी ड्रॉइंग बुक को देखने लगी। माया यह देखकर हैरान रह गई कि साहिल ने अपनी ड्रॉइंग बुक में पूरे पार्क का चित्र बना रखा था। उसमें रंग-बिरंगे फूल, उड़ते हुए पक्षी और रवि की टीम को खुशी से खेलते हुए दिखाया था। वह चित्र बहुत सुंदर लग रहा था। माया भागकर रवि के पास आई, बोली, 'रवि, जल्दी चलो! साहिल तो रंगों का जादूगर है!'

रवि और बाकी बच्चों ने साहिल के पास आकर जब उसकी ड्रॉइंग देखी तो उनकी आंखें खुली की खुली रह गईं। रवि को अपने आप पर थोड़ी शर्म आई। वह साहिल से बोला, 'साहिल, हम तुम्हारे ऊपर हंसे थे, उसके लिए सॉरी। तुम्हारी ड्रॉइंग तो कमाल की है! क्या तुम हमारी मदद करोगे?' साहिल ने सकुचाते हुए 'हां' में सिर हिला दिया। अगले ही पल, साहिल 'कप्तान' बन गया था। वह सबको निर्देश दे रहा था, 'रवि, तुम आकाश में नीला रंग भरो। माया, तुम फूलों में पीला रंग भरो।'

साहिल ने पार्क की दूसरी दीवार पर पहले एक सुंदर चित्र बनाया फिर रवि और उसके साथियों ने मिलकर उसमें रंग भरे। सबने बहुत मेहनत और सफाई से काम किया। शाम तक वह दीवार एक सुंदर कलाकृति में बदल गई थी। जब गार्ड अंकल ने दीवार देखी, बहुत खुश हुए, बोले, 'वाह! यह तो कमाल है! रवि की टीम जीत गई!' ईनाम में उन्हें आइसक्रीम का एक बड़ा डिब्बा मिला। रवि ने आइसक्रीम का पहला कप साहिल को दिया और बोला, 'आज से तुम भी हमारी टीम में हो।'

साहिल मुस्कुरा दिया। उस दिन रवि और उसके दोस्तों ने सीखा कि हर किसी में कोई ना कोई खूबी होती है। कोई किसी खेल में पारंगत होता है, तो कोई संगीत-नृत्य में तो कोई चित्रकला में। *

हंसगुल्ले



पिंकीः कल रात को सपने में मेरे पैर में कांटा चुभ गया था।
मिंकीः तुम चप्पल पहन कर सोया करो तब कांटा नहीं चुभेगा।

-दिव्या, रायपुर

कंप्यूटर टीचरः कंप्यूटर चलाने के लिए सबसे पहले सही ढंग से माउस पकड़ना आना चाहिए।
चिंटूः लेकिन सर, माउस को तो बिल्लियां पकड़ती हैं।

-रितेश, बिलासपुर

जीके क्विज-217

1. कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय प्लेयर्स ने कुल कितने गोल्ड मेडल जीते?
2. कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में जेवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने कौन-सा मेडल जीता?
3. भारत के वर्तमान संचार मंत्री कौन हैं?
4. जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर कौन थे?
5. वायुमंडल में कौन-सी गैस सर्वाधिक मात्रा में पाई जाती है?
6. अंग्रेजों के खिलाफ पहली क्रांति किस सन में हुई थी?
7. भारत में वोट देने की न्यूनतम आयु कितनी है?
8. भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति कौन थे?
9. पौधे का कौन-सा भाग मुख्य रूप से भोजन बनाने (प्रकाश संश्लेषण) में सहायक होता है?
10. हमारे शरीर का कौन-सा अंग रक्त का शुद्धिकरण करता है?

बच्चो, जीके क्विज-217 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-216 का उत्तर : 1.प्रह्लाद जोशी, 2.सारनाथ, 3.मीराबाई चानू, 4.वैभव सूर्यवंशी, 5.संस्कृत, 6.बिहार, 7.ओ(O), 8.चंद्रमा, 9.राज्यसभा, 10.जस्टिस सूर्यकांत

जीके क्विज-216 का सही उत्तर देने वाले : अर्पित-रायपुर, विवेक-दुर्ग, सान्या-बिलासपुर, हर्षिता-बलौदा बाजार, देवनारायण-जांजगीर, जिया शिया-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, जीवेश-रोहतक, संचिता-महासमुंद



तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

इशिता की समझदारी

बच्चो, इशिता नौ साल की है। शरारती है, जासूसी कहानियां पढ़ती है और रोजाना की जिंदगी को थोड़ा और मजेदार बनाना चाहती है। उसके एक दिन के रोमांचक सफर की बड़ी ही प्यारी-सी कहानी की किताब है- इशिता की सूझबूझ। इस कहानी के अनुसार एक दिन वह अपनी मम्मी और भाई विशु के साथ मामा के घर जाने के लिए निकलती है। लेकिन मेट्रो के सफर में उन दोनों से अलग हो जाती है। वह जानबूझकर अलग होती है या हड़बड़ी में? कुछ देर बाद वह पुलिस वाली आंटी के साथ क्यों नजर आती है? मम्मी और भाई से अलग होकर भी वह मुस्कुराती क्यों है? ये तो रहस्य की बातें हैं और इस रहस्य को सुलझाने के लिए तुम्हें यह किताब पढ़नी होगी। इस किताब के लेखक हैं विकास नैनवाल। किताब की भाषा सरल, सरस और आसानी से समझ में आने वाली है। किताब में मोटे फॉण्ट का इस्तेमाल किया गया है, जिससे पढ़ने में आसानी होती है। किताब के रंगीन चित्र बहुत आकर्षित करते हैं। यह किताब इतनी रोचक है कि इसे तुम एक बार पढ़ना शुरू करोगे तो पूरा पढ़कर ही उठोगे। तो देर किस बात की! तुम भी यह किताब मंगवाओ और पढ़ डालो। *

किताब : इशिता की सूझबूझ, **लेखक :** विकास नैनवाल,
मूल्य : 149 रुपए, **प्रकाशक :** साहित्य विमर्श, गुरुग्राम

अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में एक मादा कंगारू अपने बच्चे के साथ खड़ी है। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम पांच मिनट में इन दोनों चित्रों में आठ अंतर ढूंढ़कर बताओ।

उत्तर: 1.कंगारू की बाईं कलाई पर एक बैंड बंधा हुआ है। 2.कंगारू के दाएं पैर की अंगुलियां बड़ी-बड़ी हैं। 3.कंगारू के मार्सुपियम (थैली) से दिख रहे नन्हे कंगारू की आंखें बंद हैं। 4.कंगारू के पीछे बाईं तरफ एक अतिरिक्त पत्थर दिख रहा है। 5.पीछे पेड़ में एक टहनी अतिरिक्त दिख रही है। 6.पेड़ की पत्तियों के बीच एक बड़ी पत्ती दिख रही है। 7.पीछे पहाड़ के बीच में एक उभरी हुई चोटी दिख रही है। 8.ऊपर दाईं तरफ बादल का एक टुकड़ा दिख रहा है।

मिलान करो

बच्चो, यहां बाईं तरफ कुछ एनिमल्स के चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ उन चित्रों की परछाइयां दी गई हैं, जो क्रम में नहीं हैं। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से एनिमल्स के चित्र और परछाई का सही मिलान करो।



उत्तर : 1-B, 2-A, 3-D, 4-C

उत्तराखंड में बारिश और भूस्खलन से 111 सड़कें बंद, स्कूलों की छुट्टी

दिल्ली-एनसीआर में बिगड़े हालात, वर्क-फ्रॉम-होम की सलाह: बद्रीनाथ हाईवे बंद, केदारनाथ में गाड़ियां फंसी, ऋषिकेश में गंगा खतरे के निशान से ऊपर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर और पूर्वोत्तर भारत में मानसूनी बारिश आफत ला रही है। दिल्ली और गुरुग्राम में गुरुवार को हुई भारी बारिश से कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया। इससे सड़कों पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। दिल्ली-जयपुर हाईवे, धौला कुआं, कालिंदी कुंज, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, ग्रीन पार्क और एम्स समेत कई सड़कों पर गाड़ियां रेंगती नजर आईं। गुरुग्राम पुलिस ने निजी कंपनियों से कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम देने की अपील की है। उत्तराखंड के ऋषिकेश में गंगा नदी वॉर्निंग लेवल के ऊपर बह रही है। लोगों को घाटों पर न जाने की चेतावनी दी गई है।

कोहिमा। नगालैंड में लगातार हो रही मानसूनी बारिश और बाढ़ ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। भारी बारिश के चलते कई जगह नुकसान की खबरें सामने आई हैं। ताजा जानकारी के अनुसार दीमापुर और पेरेन जिले को जोड़ने वाला झारनापानी और मोलवोम के बीच का अस्थायी पुल भारी बारिश और बाढ़ में बह गया है। इससे चुमौकेदिमा और पेरेन के बीच की कनेक्टिविटी टूट गई है।

मानसून में हाई अलर्ट पर रहें सभी एजेंसियां: धामी

सीएम ने सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन से फोन पर बातचीत कर हालात की जानकारी ली। सीएम ने एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन और स्वास्थ्य विभागों को समन्वय से 24 घंटे हाई अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आपदा की स्थिति में बिना विलंब राहत और बचाव कार्य शुरू किया जाए।

खबर संक्षेप

पीएम मोदी और नेतन्याहू के बीच फोन पर हुई वार्ता

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बृहस्पतिवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फोन कर पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। पीएमओ के अनुसार, दोनों नेताओं ने भारत-इजराइल विशेष रणनीतिक साझेदारी में प्रगति की समीक्षा की और विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब पश्चिम एशिया में संघर्ष जारी है और ऊर्जा आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर वैश्विक चिंताएं बनी हुई हैं।

देवेश होंगे इथियोपिया में भारत के नए राजदूत

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने 2003 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी देवेश उत्तम को इथियोपिया का नया राजदूत नियुक्त किया है। वह वर्तमान में लिथुआनिया में भारत के राजदूत के रूप में कार्यरत हैं और जल्द ही अपना नया पदभार संभालेंगे। देवेश उत्तम 2001 बैच के आईएफएस अधिकारी अनिल कुमार राय का स्थान लेंगे। मूल रूप से उप्र के निवासी देवेश उत्तम तेहरान, न्यूयॉर्क और विदेश मंत्रालय के सीपीवी प्रभाग में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। उनकी यह नियुक्ति भारत और इथियोपिया के बीच महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

पिछले साल 59 जवानों ने की थी आत्महत्या

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े अर्द्धसैनिक बल सीआरपीएफ में वर्ष 2025 के दौरान आत्महत्या के 59 मामले दर्ज किए गए हैं, जो पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक हैं। इनमें 80 प्रतिशत से अधिक संख्या कांस्टेबुलरी (आरक्षी संवर्ग) के जवानों की थी। सूत्रों के अनुसार, 2021 से 2025 के बीच दर्ज 262 मामलों में से 77 प्रतिशत से अधिक कर्मियों ने ड्यूटी के दौरान कदम उठाया। अधिकारियों के मुताबिक, पारिवारिक समस्याएं और कठिन ड्यूटी का तनाव इसके मुख्य कारण हैं। जवानों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए निरंतर उपाय किए जा रहे हैं।

माल ढुलाई से लेकर यात्री सुविधाओं तक बढ़ाने के प्रयास

ईस्टर्न रेलवे का राजस्व बढ़ा, ट्रेनों में क्यूआर कोड से मिलेगी अब 'खाने' की जानकारी

कोयला ढुलाई रेलवे के लिए बना आमदनी का बेहतर जरिया, 2263.20 करोड़ की हुई आमदनी, रेवले ने यात्री सुविधाएं भी बढ़ाईं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने माल ढुलाई में रिकॉर्ड राजस्व हासिल किया है। इसके साथ ही रेल यात्रियों के खान-पान में पारदर्शिता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए रेल मंत्रालय ने एक बड़ा तकनीकी कदम उठाया है। भारतीय रेल ने जुलाई 2026 में माल ढुलाई और यात्री सेवाओं दोनों क्षेत्रों में मजबूत परिचालन प्रदर्शन दर्ज किया। इस दौरान रेलवे ने 141.3 मिलियन टन माल ढुलाई की, जो जुलाई 2025 के 129.7 मिलियन टन के मुकाबले 9% अधिक है। माल ढुलाई में वृद्धि, यात्रियों की बढ़ती आवाजाही, बेहतर राजस्व अर्जन और आवश्यक वस्तुओं की अधिक ढुलाई भारतीय रेल की आर्थिक गतिविधियों को समर्थन देने और देशभर में भरोसेमंद परिवहन एवं लॉजिस्टिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है।जुलाई 2026 में कई प्रमुख कमोडिटी समूहों की ढुलाई में सालाना आधार पर अच्छी वृद्धि दर्ज की गई। लौह अयस्क की ढुलाई 22.2%, उर्वरक की 12%, कोयले और अनाज की ढुलाई 11.5% तथा अन्य वस्तुओं की ढुलाई 12.1% बढ़ी।

एआई इमेज

विद्युत संयंत्रों को घरेलू कोयले की आपूर्ति 20% बढ़ी

थर्मल पावर संयंत्रों में कोयले की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारतीय रेल ने जुलाई 2026 में विद्युत संयंत्रों को घरेलू कोयले की आपूर्ति पिछले साल के इसी महीने के मुकाबले 20% बढ़ाई। इससे ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और बिजली क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने में रेलवे की भूमिका और महत्वपूर्ण हुई है। माल ढुलाई में वृद्धि से जुलाई 2026 में रेलवे को जुलाई 2025 की तुलना में 1,137 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ, जो 8% की वृद्धि है। जोनल रेलवे में पूर्व-मध्य रेलवे और पूर्व रेलवे ने 33% की वृद्धि दर्ज की। पश्चिम-मध्य रेलवे का माल ढुलाई राजस्व 23% और दक्षिण-पूर्व रेलवे का 10.33% बढ़ा। जुलाई 2026 में भारतीय रेल ने 63.35 करोड़ यात्रियों को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई, जबकि जुलाई 2025 में यह संख्या 62.19 करोड़ थी।

ईस्टर्न रेलवे की माल ढुलाई में बड़ा उछाल

ईस्टर्न रेलवे (पूर्वी रेलवे) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के शुरुआती चार महीनों में माल ढुलाई और राजस्व संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। इस वित्तीय सफलता में मुख्य योगदान आयातित कोयले की ढुलाई का रहा, जिसे मुख्य रूप से नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन के ताप बिजली संयंत्रों तक पहुंचाया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस राजस्व वृद्धि से न केवल देश की अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है, बल्कि स्थानीय उद्योगों को भी सीधा लाभ हो रहा है। अर्जित अतिरिक्त राजस्व का उपयोग रेलवे ट्रैक के आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं के विस्तार पर किया जाएगा।

ट्रेनों में खाने की गुणवत्ता सुधारेगा क्यूआर कोड

ट्रेन यात्रियों के सफर को अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से भारतीय रेल ने खाने के पैकेटों पर क्यूआर कोड अनिवार्य करने का निर्णय लिया है। रेल मंत्रालय ने बुधवार को लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी।शिकायतों पर सख्त कार्रवाई रेल मंत्रालय ने बताया कि रेलवे हर साल लगभग 58 करोड़ भोजन पैकेट यात्रियों को परोसता है। यद्यपि खाने की गुणवत्ता से संबंधित शिकायतों का औसत मात्र 0.0008 प्रतिशत है, फिर भी प्रत्येक शिकायत की गंभीरता से जांच की जाती है।

कोयला ढुलाई

- 1 अप्रैल 2026 से 31 जुलाई 2026 के बीच ईस्टर्न रेलवे ने 23.14 मिलियन टन कोयले की ढुलाई की। यह पिछले वित्तीय वर्ष (2025-26) की इसी अवधि की तुलना में 7.29 प्रतिशत अधिक है।

कोयला ढुलाई से राजस्व

- कोयले की ढुलाई से मिलने वाले राजस्व में 13.22 फीसदी का इजाफा हुआ, जो बढ़कर 2,263.20 करोड़ पर पहुंच गया।

कुल माल ढुलाई

- इस दौरान सभी वस्तुओं की कुल माल ढुलाई 33.391 मिलियन टन रही, जो 2.43 फीसदी की वृद्धि दर्शाती है।

कैटरिंग सेवाओं में सुधार, सख्त रुख, 5.13 करोड़ का जुर्माना

- नियमों का उल्लंघन करने वाले वेंडर्स पर 5.13 करोड़ का जुर्माना लगाया गया।
- 54 वेंडर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए।
- 6 ठेकेदारों के कांट्रैक्ट रद्द किए गए।
- कई लापरवाह लाइसेंस धारकों को ब्लैकलिस्ट भी किया जा चुका है।

क्षेत्रीय सेना के रोडमैप पर मंथन

नागरिक-सैनिक की भावना से मजबूत होगी राष्ट्रीय सुरक्षा: राजनाथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक का प्रमुख एजेंडा क्षेत्रीय सेना (टेरीटोरियल आर्मी) की भूमिका और इसके भविष्य को नया आकार देना था। संसदीय समिति को क्षेत्रीय सेना के जनादेश, अब तक की उपलब्धियों और भविष्य की रूपरेखा के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। चर्चा के दौरान इस बात पर विशेष बल दिया गया कि क्षेत्रीय सेना वास्तव में नागरिक-सैनिक की अवधारणा का एक जीवंत प्रतीक है। यह बल राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने के साथ-साथ आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में निरंतर उल्लेखनीय योगदान दे रहा है।

क्षमता विस्तार और भावी रोडमैप पर मंथन

बैठक के दौरान समिति के सदस्यों ने क्षेत्रीय सेना की प्रभावशीलता और क्षमता बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार, बैठक में भावी रोडमैप, विस्तार योजनाओं और आधुनिक सुरक्षा अनुरूप इसमें सुधारों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। यह बैठक भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा सकारात्मक कदम मानी जा रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए।

सुरक्षा में सीधी भागीदारी जरूरी

क्षेत्रीय सेना भारतीय सशस्त्र बलों का एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटक है। यह आम नागरिकों को सैन्य प्रशिक्षण प्रदान कर देश की सुरक्षा में सीधे तौर पर सक्रिय भागीदारी का अवसर देती है। नियमित सेना का पूरक (सप्लीमेंट) होने के नाते यह बल शांतिकाल और आपातकाल-दोनों ही परिस्थितियों में अपनी प्रभावी भूमिका निभाता है।

नीलम-झेलम का श्राप!

पीओके का काल बन गई चीन की 42 हजार करोड़ की खैरात

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर इस समय भारी जन-आक्रोश की आग में जल रहा है। चीन की 42 हजार करोड़ रुपए की खैरात से तैयार हुआ 969 मेगावाट का नीलम-झेलम हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट स्थानीय लोगों के लिए सबसे बड़ा श्राप बन चुका है।

अंतरराष्ट्रीय बैंकों के इनकार के बाद चीन से मिली इस आर्थिक मदद और शहबाज शरीफ-आसिम मुनीर की मिलीभगत ने इस इलाके को बर्बादी के मुहाने पर ला खड़ा किया है। तमाम दावों और विकास के ढोल

पीटने के बावजूद, तकनीकी खामियों और भ्रष्टाचार के कारण यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट अब पूरी तरह ठप पड़ा है। त्रासदी यह है कि जिन स्थानीय नदियों को बांधकर यह बिजली बनाई जा रही थी, उन पर पीओके के लोगों का कोई हक नहीं बचा।

पूर्व राष्ट्रपति जूमा के भारत दौरे पर विवाद

दक्षिण अफ्रीका ने भारतीय उच्चायुक्त सूकलाल को वापस बुला लिया

एजेंसी ▶▶ प्रिटोरिया

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जूमा की हालिया भारत यात्रा ने देश की राजनीति में बड़ा भूचाल ला दिया है। जून के आखिरी हफ्ते में भारत आए जूमा ने सहारनपुर में भगोड़े कारोबारी अजय गुप्ता से मुलाकात की थी।

गुप्ता बंधुओं पर जूमा के राष्ट्रपति कार्यकाल (2009-2018) के दौरान सरकारी तंत्र पर कब्जे, अरबों रैंड के गबन और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। इसी घोटाले के चलते जूमा को अपनी सत्ता गंवानी पड़ी थी। इस मुलाकात की तस्वीरें

सामने आने के बाद दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री रोनाल्ड लमोला ने भारत में तैनात अपने उच्चायुक्त अनिल सूकलाल को वापस हेडक्वार्टर बुला लिया है। सूकलाल पर राजनयिक प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने और विदेश मंत्रालय के लिखित निर्देशों की अनदेखी कर जूमा की मदद करने का आरोप है।

एलन मस्क की स्पेसएक्स का बेकाबू हुआ रॉकेट

साढ़े 8 हजार किमी की रफ्तार से 4 हजार किलो का रॉकेट चांद से भिड़ा

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

एलन मस्क की अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स का एक बेकाबू रॉकेट चांद की सतह से टकरा गया है। लगभग 4,000 किलोग्राम वजनी और 45 फीट लंबा यह टुकड़ा स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट का ऊपरी हिस्सा था, जो करीब 8,690 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चांद से टकराया। हालांकि, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने स्पष्ट किया है कि इस टक्कर से पृथ्वी को किसी तरह का कोई खतरा नहीं है।

नासा ने कहा पृथ्वी सुरक्षित, चिंता की बात नहीं

फ्लोरिडा से हुआ था लांच

इस रॉकेट को फ्लोरिडा स्थित केनेडी स्पेस सेंटर के लॉन्च सेंटर 39ए से अमेरिका के ब्लू घोस्ट और जापान के हकुटो-आर लूनर लैंडर को अंतरिक्ष में भेजने के लिए लॉन्च किया गया था। मुख्य मिशन पूरा होने के बाद रॉकेट का यह हिस्सा अंतरिक्ष में ही तैरता रह गया था।

टक्कर से चांद की धूल का विशाल गुबार उठा

कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के खगोलविद डॉ. मैट बोथवेल के अनुसार, इस प्रचंड टक्कर से चांद की धूल का एक विशाल गुबार उठा जो लगभग 100 किलोमीटर ऊपर तक गया। हालांकि, हादसे के वक्त चांद का चक्कर लगा रहा कोई भी स्पेसक्राफ्ट सही स्थिति में नहीं था। जिससे लाइव तस्वीरें नहीं मिल सकीं।

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर लगाई लगाम

दुनिया के कई देशों को ब्लैकमेल करने के लगे थे आरोप

टैरिफ की रट लगा रहे ट्रंप को लगा बड़ा झटका वापस करना पड़े 100 अरब अमेरिकी डॉलर

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के लगाए गए बड़े टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद सरकार ने अब तक लगभग 100 बिलियन डॉलर का रिफंड आयातकों को वापस कर दिया है।

कोर्ट में दाखिल दस्तावेजों के मुताबिक, यूएस कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन के एक अधिकारी ने बताया कि 31 जुलाई तक लगभग 128.68 बिलियन डॉलर और प्रमाणित रिफंड को प्रोसेसिंग के लिए किया गया था।

शुल्क चुकाने वाले आयातकों को लौटाया रिफंड

इनमें से 100 बिलियन डॉलर का भुगतान पहले ही पूरा कर लिया गया है और इसे ट्रेजरी डिपार्टमेंट को भेज दिया गया है। यह रकम ट्रंप प्रशासन द्वारा इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट के तहत लगाए गए 166 बिलियन डॉलर के टैरिफ का लगभग 60 प्रतिशत है।

यह रिफंड उन आयातकों को दिया गया है जिन्होंने ये शुल्क पहले चुकाए थे। पिछले साल व्हाइट हाउस लौटने के बाद ट्रंप ने व्यापारिक साझेदारों पर दबाव बनाने के लिए इस कानून का इस्तेमाल कर बड़े पैमाने पर टैरिक लगाए थे।

कोर्ट ने कहा- राष्ट्रपति ने अधिकार क्षेत्रों का उल्लंघन किया

लेकिन इस साल फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि ऐसा करके राष्ट्रपति ने अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया है। कोर्ट के इस फैसले से ट्रंप की मनमाने ढंग से टैरिक लगाने की क्षमता को बड़ा झटका लगा। हालांकि, ट्रंप के सेक्टर-विशिष्ट टैरिफ, अभी भी लागू हैं। दस्तावेजों के अनुसार, फरवरी के फैसले के बाद से ट्रंप ने दर्जनों साझेदार देशों पर फिर से टैरिफ लगाने के लिए नए कानूनी तरीके अपनाए हैं, जिससे कोर्ट में और चुनौतियां खड़ी हो गई हैं।

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर 7% टोल टैक्स वसूलेगा ईरान

तेहरान। अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच मध्य पूर्व की जियो-पॉलिटिक्स में बड़ा मोड़ आ गया है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान और ओमान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाले व्यावसायिक जहाजों पर 7% तक शिपिंग टोल लगाने की डील पर चर्चा कर रहे हैं। यदि यह समझौता सिरे चढ़ता है, तो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के सबसे अहम समुद्री मार्ग पर ईरान का नियंत्रण काफी हद तक बढ़ जाएगा। अनुमान के मुताबिक, 7% टोल लागू होने पर ईरान को रोजाना करीब 385 मिलियन डॉलर (38.5 करोड़ डॉलर) और सालाना 100 बिलियन डॉलर (100 अरब डॉलर) से अधिक की कमाई हो सकती है।

टैक्स दर पर ओमान से खींचतान

ईरान जहाजों पर सामान की कुल कीमत का 5% से 7% शुल्क वसूलना चाहता है, जबकि ओमान ने इसे 3% रखने का सुझाव दिया है। ईरानी उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने पुष्टि की है कि प्रस्ताव के तहत जहाजों को आने-जाने दोनों समय ईरानी जलक्षेत्र का इस्तेमाल करना होगा।

क्रिटिकल मिनरल्स और फार्मा में भी सहयोग बढ़ाएंगे भारत-दक्षिण अफ्रीका

एजेंसी:जयपुर। जयपुर में आयोजित 'ब्रिक्स 2026 व्यापार मंत्रियों की बैठक' के दौरान भारत और दक्षिण अफ्रीका ने क्रिटिकल मिनरल्स, फार्मास्यूटिकल्स और विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दक्षिण अफ्रीका के व्यापार, उद्योग एवं प्रतिस्पर्धा मंत्री पार्क्स टाउ के साथ एक अहम बैठक की।

खबर संक्षेप

इन्फिस्टार रिन्यूएबल्स की आर्किप्लग से साझेदारी

अहमदाबाद। भारत की इन्फिस्टार रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड ने फिनलैंड की आर्किप्लग ओए के साथ एक विशेष संयुक्त उद्यम किया है। इस साझेदारी के तहत इन्फिस्टार रिन्यूएबल्स भारत में पहली बार मेक-इन-इंडिया मॉड्यूलर प्लग फ्लो कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट स्थापित करेगी। इसका उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना, जैविक कचरे का बेहतर उपयोग करना है। कंपनी का दावा है कि जहां पारंपरिक बायोगैस प्लांट बनने में 12 से 18 महीने लगते हैं, वहीं ये प्लांट 4 से 5 महीने में तैयार होकर उत्पादन शुरू कर सकते हैं।

इंटेक्स ने होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो बढ़ाया

नई दिल्ली। घरेलू कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड इंटेक्स टेक्नोलॉजीज ने अपने होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए पंखे, वॉटर हीटर और स्मॉल डोमेस्टिक अप्लायंसेज श्रेणियों में प्रवेश की घोषणा की है। कंपनी का कहना है कि यह कदम भारत के तेजी से बढ़ते कंज्यूमर ड्यूरेबल्स बाजार में अपनी मौजूदगी मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है। एयर कूलर सेगमेंट में पहले से मौजूद इंटेक्स अब डेकोरेटिव, ऊर्जा दक्ष बीएलडीसी , एग्जॉस्ट और टीपीडब्ल्यू फैन बाजार में उतारेगी।

सैमसंग गैलेक्सी जेड8 सीरीज की डिलीवरी शुरू

गुरुग्राम। सैमसंग ने भारत में प्री-बुकिंग करने वाले ग्राहकों के लिए गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी जेडफोल्ड8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 की अर्ली डिलीवरी शुरू कर दी है। कंपनी के अनुसार, लॉन्च के 72 घंटे के भीतर इन फोल्डेबल स्मार्टफोन्स को 2.71 लाख से अधिक प्री-ऑर्डर मिले। कंपनी प्री-बुकिंग ग्राहकों को 10 हजार का अपग्रेड बोनस, 9,000 तक का बैंक/यूपीआई कैशबैक या जीरो फीसदी डाउन पेमेंट के साथ 30 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआई का विकल्प दे रही है।

जून 2026 में सबसे अधिक नए ग्राहक जोड़ने के साथ जियो सबसे आगे-ट्राई

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

- मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में रिलायंस जियो के ब्रॉडबैंड ग्राहक 21 लाख के पार
- जियोहोम ने पेश किए टीवी ओनली और नए किफायती वाई-फाई कॉम्बो पैक
- यह पैक 2 महीने और पांच महीने की अवधि के विकल्पों में उपलब्ध है

मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ टेलीकॉम सर्किल में रिलायंस जियो ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जियो के ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या 21 लाख के पार पहुंच गई है।भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की जून 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में जियोफाइबर और एफडब्ल्यूए आधारित जियोएयरफाइबर सेवाओं से 46 हजार से अधिक नए ब्रॉडबैंड ग्राहक जुड़े हैं। इसी अवधि में एयरटेल के करीब 14 हजार नए ब्रॉडबैंड ग्राहक जुड़े।

अकेले जियो के ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या 21 लाख से अधिक

रिपोर्ट के अनुसार, मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में सभी टेलीकॉम कंपनियों के कुल ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या 35 लाख से अधिक हो चुकी है। इनमें अकेले जियो के ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या 21 लाख से ज्यादा है। वहीं, मोबाइल सेवाओं में भी जियो का मजबूत प्रदर्शन जारी है और कंपनी के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 5.05 करोड़ से अधिक हो चुकी है। इस उपलब्धि के साथ जियोहोम ने डिजिटल मनोरंजन और हाई-स्पीड इंटरनेट को हर घर तक पहुंचाने के लिए नए और बेहद किफायती सर्विस पैक पेश किए हैं। कंपनी ने विशेष रूप से टीवी मनोरंजन पसंद करने वाले ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए 'टीवी-ओनली' पैक लॉन्च किया है। इस पैक के तहत ग्राहक प्रभावी रूप से मात्र 400 रुपए प्रति माह की लागत पर टीवी मनोरंजन का लाभ ले सकते हैं। यह पैक 2 महीने और 5 महीने की अवधि के विकल्पों में उपलब्ध है। इसके माध्यम से ग्राहक 1,000 से अधिक लाइव टीवी चैनलों का आनंद ले सकते हैं। इनमें 200 से अधिक एचडी चैनल और 15 से अधिक क्षेत्रीय भाषाओं के चैनल शामिल हैं।

ग्राहकों के लिए 'वाई-फाई-ओनली' पैक भी उपलब्ध

इसी तरह, केवल इंटरनेट की सुविधा चाहने वाले ग्राहकों के लिए 'वाई-फाई-ओनली' पैक भी उपलब्ध हैं। 30 एमबीपीएस स्पीड वाला पैक 2,200 रुपए में 5 महीने के लिए उपलब्ध है, जिसकी प्रभावी मासिक लागत 450 रुपये प्रति माह है। वहीं, 100 एमबीपीएस स्पीड वाला पैक 3,000 रुपए में 5 महीने के लिए उपलब्ध है, जिसकी प्रभावी मासिक लागत 600 रुपये प्रति माह है।

ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जियोहोम ने ऑल-इन-वन विकल्प भी उपलब्ध कराए हैं। 3-इन-1 कॉम्बो पैक में 30 एमबीपीएस की इंटरनेट स्पीड, 1,000 लाइव टीवी चैनल और 12 ओटीटी ऐप्स की सुविधा उपलब्ध है। यह पैक 2,222 रुपए में 4 महीने के लिए लिया जा सकता है, जिसकी प्रभावी मासिक लागत 555 रुपए प्रति माह है।

मंडी ने की कार्रवाई अवैध परिवहन पर दो वाहनों से 34,735 रुपए की वसूली

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कार्रवाही करती टीम

कृषि उपज मंडी समिति भोपाल ने मंडी अधिनियम के उल्लंघन के मामले में कार्रवाई करते हुए दो कृषि उपज से भरे वाहनों पर कुल 34,735 रुपए की राशि वसूल की है। यह कार्रवाई मंडी के उप संचालक एवं सचिव नरेश कुमार परमार के निर्देशन में उड़नदस्ता दल द्वारा की गई। मंडी अधिकारियों के अनुसार, मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के तहत किए जा रहे नियमित निरीक्षण के दौरान कृषि उपज के अवैध परिवहन के मामले सामने आए।

संबंधित वाहनों द्वारा मंडी अधिनियम की धारा 19(6) का उल्लंघन पाए जाने पर धारा 19(4) के तहत कार्रवाई की गई। 5 अगस्त 2026 को वाहन क्रमांक एमपी04वॉयजे6670 में परिवहन की जा रही 30 क्विंटल गेहूं की उपज पर कार्रवाई की गई। इसकी अनुमानित कीमत 81,000 रुपए बताई गई। इस प्रकरण में मंडी शुल्क, निराश्रित राशि और प्रशमन राशि सहित कुल 11,885 रुपए जमा कराए गए। वहीं 6 अगस्त 2026 को वाहन क्रमांक एमपी13 जीबी3722 में ले जाई जा रही 100 क्विंटल मक्का की उपज पर कार्रवाई की गई। इसकी कीमत करीब 2.10 लाख रुपए आंकी गई। इस मामले में कुल 22,850 रुपए की राशि वसूल की गई। मंडी उड़नदस्ता दल ने बताया कि कृषि उपज के अवैध परिवहन और मंडी नियमों के उल्लंघन के खिलाफ आगे भी लगातार निरीक्षण और कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में मंडी निरीक्षक जीवन सिंह राजपूत, रघुवीर शर्मा, महेंद्र परिहार और संतोष मिश्रा शामिल रहे।

जंग से 14.15 लाख करोड़ का नुकसान जीडीपी का 4.3 फीसदी प्रभावितः रिपोर्ट

एजेंसी:नई दिल्ली । जंग के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को हर वर्ष लगभग 14.15 लाख करोड़ रुपए का नुकसान होता है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 4.3 प्रतिशत है। हाल ही में जारी नोमुरा की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

इंडियन बैंक ने 500 करोड़ के एमएसएमई ऋण मंजूर किए, यूनिफाइड एमएसएमई पोर्टल लांच

नई दिल्ली। इंडियन बैंक ने अपने 120वें स्थापना दिवस पखवाड़ा समारोह के तहत आयोजित एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में करीब 500 करोड़ रुपए के एमएसएमई ऋण स्वीकृत किए। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी बिनोद कुमार ने 128 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र सौंपे। बैंक ने इसे प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' विजन के अनुरूप एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। बैंक ने बताया कि स्थापना दिवस पखवाड़ा के दौरान देशभर में मेगा लोन मेले, डिजिटल बैंकिंग कार्यक्रम, ग्राहक संपर्क अभियान और सीएसआर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान 1,250 करोड़ के ऋण प्रस्ताव भी जुटाए गए हैं, जो भविष्य के कारोबार विस्तार की संभावनाओं को दर्शाते हैं।

राशिफल

मेष — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

वृष — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

मिथुन — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

सिंह — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कन्या — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

तुला — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

धनु — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मकर — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

कुंभ — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

मीन — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय
महेंद्रगढ़ (हरियाणा) - 123031
विज्ञापन सं: CUH/02/R/T/2026 दिनांक: 31.07.2026
रोजगार सूचना
विभिन्न **शैक्षणिक पदों** पर नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदनपत्र, विस्तृत विज्ञापन और अन्य विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.cuh.ac.in** पर उपलब्ध हैं। इस संबंध में शुद्धिपत्र, परिशिष्ट आदि केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि **31.08.2026** तक है।
कुलसचिव

मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लि.
कार्यालय मुख्य अभियंता (अउदा-नि.)
ब्लॉक नं.- 4, शक्ति भवन, जबलपुर-482008
निविदा सूचना
निविदा विशेषीकरण क्र. मुख्य अभियंता (अउदा-नि.)TC/2025/377 से TC/2024/381, निविदा क्रमांक 666 दिनांक 05.08.2026
(1) 220 KV उपकेन्द्र महलगांव ग्वालियर में 2.4 मीटर ऊँचाई की बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य। (2) TLM उपसंभाग रीवा में 4 बे शेड के बाहर भराव, पेवर ब्लॉक, सीसी रोड एवं वॉटर कूलर रूम निर्माण से संबंधित सिविल कार्य। (3) 220 KV उपकेन्द्र सूखा जबलपुर में विभिन्न सिविल रख-रखाव कार्य। (4) 400 KV उपकेन्द्र कटनी में यार्ड एवं कंट्रोल रूम में आवश्यक सिविल कार्य। (5) पारेषण भण्डार ग्वालियर (नागौर-तुरारी) में (i) एक नग ओपन शेड (ii) 4.5 मीटर चौड़ी सीसी रोड (iii) 4-बे शेड का निर्माण कार्य। उपरोक्त कार्यों हेतु पात्र ठेकेदारों से ऑनलाइन पृथक-पृथक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के खुलने की दिनांक एवं अन्य विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट **www.mptransco.nic.in** एवं **www.mptenders.gov.in** का अवलोकन अथवा दूरभाष क्र. 0781-2702128/2702276 पर कार्यालयीन समय में सम्पर्क करें।
म.प्र. माध्यम/127404/2026 मुख्य अभियंता (अउदा-नि.)
"विद्युत की बचत कीजिये"

कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर
"प्रारूप-क"
(नियम 4 देखिए)
क्र. 0.019/अ-82/2025-26 नरसिंहपुर दिनांक 20/07/26
राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्रो मे ग्राम स्तर पर यथास्थिति संबंधित ग्राम पंचायत के परामर्श से निम्न भूमियों का अर्जन कराना चाहती है और लोक प्रयोजन के लिए सामाजिक समाघात ' निर्धारण अध्ययन करना चाहती है । अध्ययन का कार्य भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकार और पारदर्षिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2012) की धारा 4 के प्रावधानो के अनुसार किया जायेगा ।

01	परियोजना विकासक का नाम	लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग जबलपुर
02	भूमि के प्रस्तावित अर्जन का प्रयोजन	नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत इटारसी-जबलपुर सेक्शन के रेलवे कि मी 858/ 0-1 मे स्थित लेबल क्रासिंग क 257 पर आर ओ बी निर्माण बावत् ।
03	अध्ययन का कार्य हाथ मे लेने वाले सामाजिक समाघात निर्धारण दल के विवरण	01. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, गाडरवारा 02. उप संचालक, सामाजिक न्याय व नि:शक्तता 03. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सांईखेडा 04. सरपंच ग्राम पंचायत बरेली 05.हल्का पटवारी ग्राम बरेली
04	भूमि का विवरण	
क	जिला	नरसिंहपुर
ख	तहसील	गाडरवारा
ग	ग्राम / नगर	बरेली प.ह.न.- 95 नं ब-300
घ	कुल प्रवावित क्षेत्र	निजी भूमि 0.516 हे.
ड	अर्जित होने वाला क्षेत्र	कुल रकवा 0.516 हे. (खसरा वार सूची)
05	प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त विवरण	ग्राम बरेली में रेलवे क्रासिंग के 257 पर आर ओ बी निर्माण बावत्
06	परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्र	परियोजना क्षेत्र 0.516 हे. एवं प्रभावित क्षेत्र 0.516 हे.
07	क्या ग्राम सभाओं और/याभूमिधारिको की सहमति अपेक्षित है	नही
08	सामाजिक समाघात निर्धारण पूर्ण किऐ जाने की तारीख	अधिसूचना प्रकाशन के छः माह के भीतर

अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) गाडरवारा, जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर
G-16766/26 "स्वच्छता ही सेवा"

कार्यालय नगरपालिका परिषद् मण्डला (म.प्र.)
क्रमांक /लो.नि.शा./2026/2017 मण्डला, दिनांक 06.08.2026
निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत फर्म/कम्पनी/व्यक्ति से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

क्र.	टेंडर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य/ सामग्री का विवरण	कार्य की समयावधि एवं लागत राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_527561_1 Date- 06/08/2026	Supply ofTractor Hydraulic Trolley 02 Nos at Nagar Palika Parishad Mandla Dist. Mandla (M.P.)	01 माह राशि 500000.00	राशि 2000.00 ईएमडी राशि 10000.00	22/08/2026
2	2026_UAD_527562_1 Date- 06/08/2026	Supply of Smart bio Toilet covered with Trp moulded sheet with ventilator floor of FRP with FRP pan top of FRP, 4 nos And Urinal single made of moulded G.I. sheet with floor of FRP top FRP Moulded urinal seat provided door for male/female 04 Nos at Nagar Palika Parishad Mandla Dist Mandla (MP)	01 माह राशि 950000.00	राशि 2000.00 ईएमडी राशि 19000.00	22/08/2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मण्डला

केनफिन होम्स लिमिटेड
Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK)
78, प्रथम तल, जे.आर. सामा काम्पलेक्स, गोरखपुर, कटंगा जबलपुर-482001 फोन : 0755 –4921736
Mob:7625079237 E-mail-jabalpur@canfinhomes.com, CIN : L85110KA1987PLC008699
कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु) [नियम 8 (1)]
सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत **केनफिन होम्स लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित उधारकर्ताओं/जमानतदारों को मांग सूचना में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि एवं उस पर संविदात्मक दर से देय ब्याज उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।
उधारकर्ता ऋण चुकाने में असफल रहे है, अतः उधारकर्ताओं एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित प्रत्येक उधारकर्ताओं की संपत्ति का कब्जा निम्न वर्णित दिनांक को ले लिया है।

क्र.	ऋणी एवं जमानतदार का नाम	बंधक संपत्ति का विवरण	मांग सूचना दिनांक	बकाया राशि	कब्जा दिनांक
1.	ऋणी : **श्री मनोज मेश्राम पुत्र लाल दास मेश्राम, श्रीमती पद्मा पत्नि लाल दास मेश्राम**	**संपत्ति स्थित एलआईजी-609, एम पी हाऊसिंग बोर्ड, पूर्वा कॉलोनी, तहसील एवं जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश, 482003 क्षेत्रफल 42.00 वर्गमीटर चर्तुसीमाएँ:** उत्तरः एलआईजी- 608, दक्षिणः एलआईजी-610, पूर्वः सड़क, पश्चिमः एलआईजी-606।	30-05-2026	₹ 10,54,269/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे	05.08.2026
2.	ऋणी : **श्री रितेश वर्मा पुत्र ऋषि कुमार वर्मा** जमानतदारः **श्री सतीश चौरसिया**	**संपत्ति स्थित प्रायवेट लेआउट प्लॉट संख्या 14 एवं 15, खसरा नं. 496 का भाग, पी.एच. नं. - 52, मौजा पदारिया, आर.एन.एम - बड़ौदा, तहसील पनागर, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश, 483220, प्लाट क्षेत्रफल 2000 वर्गफुट (185.87 वर्गमीटर) चर्तुसीमाएँ:** **प्लॉट नं. 14 :** उत्तर में प्लॉट नं. 21, दक्षिण में सड़क, पूर्व में प्लॉट नं. 13, पश्चिम में प्लॉट नं. 15 **प्लॉट नं. 15,** उत्तर में प्लॉट नं. 20, दक्षिण में सड़क, पूर्व में प्लॉट नं. 14, पश्चिम में प्लॉट नं. 16।	30-05-2026	₹ 12,42,872/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे	05.08.2026

ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (redeem कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है। उधारकर्ताओं को विशिष्टता और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **केनफिन होम्स लिमिटेड (CFHL)** के अधीन होगा।
दिनांक: 07.08.2026
स्थान: जबलपुर
हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
केनफिन होम्स लि., भोपाल

कार्यालय नगरपालिका परिषद, बालाघाट (म.प्र.) 481001
क्रं./एफ/स्वा. शाखा/50-2/2026/6035 बालाघाट, दि. 06/08/2026
//निविदा सूचना//
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं-

क्रं.	टेंडर आईडी नं.	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागात	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_526988_1	02 नग इलेक्ट्रिक टिप्पर वाहन का क्रय कम्प्लीट इन्स्योरेंस एवं आर सी रजिस्ट्रेशन सहित	30 दिवस 29,75,600=00	5,000=00 एवं 22,500=00	07/09/2026
2	2026_UAD_526998_1	01 नग बैकहो लोडर मशीन क्रय कम्प्लीट इन्सोरेंस एवं आर सी रजिस्ट्रेशन सहित	30 दिवस 39,90,000=00	5,000=00 एवं 30,000=00	07/09/2026
3	2026_UAD_527364_1	04 नग टिप्पर(डीजल) वाहन-क्रय कम्प्लीट इन्स्योरेंस एवं आर सी रजिस्ट्रेशन सहित	30 दिवस 40,00,000=00	5,000=00 एवं 30,000=00	07/09/2026
4	2026_UAD_527375_1	02 नग ट्रेक्टर क्रय कम्प्लीट इन्स्योरेंस एवं आर सी रजिस्ट्रेशन सहित	30 दिवस 14,50,000=00	2,000=00 एवं 10,875=00	07/09/2026
5	2026_UAD_527006_1	01 नग मिनी एक्सकेवेटर मशीन क्रय कम्प्लीट इन्स्योरेंस एवं आर सी रजिस्ट्रेशन सहित	30 दिवस 27,00,000=00	5,000=00 एवं 20,250=00	07/09/2026

नोट : निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद बालाघाट

शब्द पहेली - 6310



बाएँ से दाए
1.अत्यावश्यक-6
5.कारागार,जेल-4
8.पानी,नीर-2
9.मीन,मत्स्य-3
10.लक्ष्मी,कमला-2
11.कलाकार,फनकार-4
12.मर्द,मादा का विलोम-2
14.हसरत,मुराद-4
15.कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17.भूमि,धरती-3
19.मतवासा,मदहोश-4
21.फिल्मी दुनिया-3,3
24.दुर्भाग्यशाली-5
27.ठोकर लगना,भिड़ना-4
29.दौंडी पीटना-3
31.सांप,सर्प-2
32.दाल-4
33.हूर,अप्सरा-2
35.गाड़ी चलाने वाला-4
36.पिता का छोटा भाई-2
38.पुत्र,बेटा-3
39.टौंटी,नलका-2
40.ललचाना,तड़फाना-4
41.टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

ऊपर से नीचे
1.ईश्वर,अनश्वर-3,3
2.तेलहन-2
3.सुखद वस्तु, वर देना-4
4.करधनी,कमर पेटी-5
5.गलीचा-3
6.दिन-2
7.समस्या का हल-4
11.धरोहर,थाती-4
13.मिट्टी,धूल-2
16.चमकना-4
18.वायुसेना का एक विमान-3
19.इतराना-4
20.परत-2
22.जाप करना-3
23.किवाड़,द्वार-2
25.उदाहरणतः-4
26.परवरिश-3,3
28.राग छेड़ना-5
29.भेंट,मेल-मिलाप-4
30.दिया,दीपक-2
32.औषधालय, दवाखाना-4
34.खाली होना-3
37.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.नया,नवीन-2

शब्द पहेली - 6309 का हल

सूडोकु नवताल- 6320

मध्यम

4	6		3		8	9		7
	1		9		6		5	4
						8		
	4		5				8	
2		5		4		6		1
	3				1		7	
		3						
5	9		7		2		6	
7		6	4		3		9	2

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6319 का हल

5	7	2	3	8	4	1	9	6
8	6	1	9	2	5	7	3	4
3	9	4	1	6	7	5	8	2
2	5	7	4	1	3	8	6	9
4	8	6	5	9	2	3	7	1
1	3	9	6	7	8	4	2	5
6	2	3	7	4	1	9	5	8
9	4	5	8	3	6	2	1	7
7	1	8	2	5	9	6	4	3

अब बदलेगा टीम इंडिया का फिटनेस सिस्टम, 10 मिनट में 2 किमी दौड़ना जरूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के लिए फिटनेस टेस्ट पास करना अब पहले से ज्यादा मुश्किल हो गया है। आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर टीम के खराब प्रदर्शन के बाद बीसीसीआई ने फिटनेस पैरमीटर्स को ज्यादा चैलेंजिंग बनाने का फैसला किया है। भारतीय खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस साबित करने के लिए दो तरह के टेस्ट से गुजरना होता है।

इनमें एक ब्रोंको टेस्ट और दूसरा 2 किलोमीटर की दौड़ है। ब्रोंको टेस्ट के लिए पहले 6 मिनट का समय मिलता था। अब इसे 5 मिनट 15 सेकेंड से लेकर 5 मिनट 20 सेकेंड में पूरा करना होगा। इसके ठीक बाद 2 किलोमीटर की दौड़ 9 से 10 मिनट में पूरी करनी होगी।

समय में 40 सेकेंड तक की कमी की गई

ब्रोंको टेस्ट में पांच सेट होते हैं। हर सेट में खिलाड़ियों को 20 मीटर अप-डाउन, 40 मीटर अप-डाउन और 60 मीटर अप-डाउन की दौड़ लगानी होती है। यानी एक सेट में कुल 240 मीटर दौड़ना होता है। पूरे टेस्ट में इस तरह के पांच सेट लगाने होते हैं। सेट के बीच कोई ब्रेक नहीं होता। पहले पूरे टेस्ट के लिए 6 मिनट का समय था। अब इसमें 40 सेकेंड तक की कमी की गई है।

पहले यो-यो टेस्ट टीम इंडिया के लिए फिटनेस का बड़ा पैमाना था

पहले यह स्टैंड अलोन टेस्ट था

ब्रोंको टेस्ट के अलावा खिलाड़ियों को 2 किलोमीटर की रनिंग भी करनी होती है। पहले यह स्टैंड अलोन टेस्ट था। यानी इसे ब्रोंको के साथ नहीं लिया जाता था। पुराने नियम के तहत फास्ट बॉलर्स को 8 मिनट 15 सेकेंड में 2 किलोमीटर दौड़ना होता था। बाकी खिलाड़ियों के लिए 8 मिनट 30 सेकेंड का समय निर्धारित था।

ब्रोंको टेस्ट के ठीक बाद 2 किमी की रनिंग

अब 2 किलोमीटर की रनिंग ब्रोंको टेस्ट के ठीक बाद करनी होगी। समय में कुछ रियायत दी गई है। खिलाड़ी 2 किलोमीटर की दौड़ 9 से 10 मिनट में पूरी कर सकते हैं। दोनों टेस्ट बैक टु बैक होंगे, लिहाजा खिलाड़ियों के लिए यह पहले से ज्यादा चैलेंजिंग है।

बार-बार इंजरी पर फिजियो से जवाब-तलब

खिलाड़ियों के लगातार चोटिल होने और इंग्लैंड के अनुकूल मौसम में भी मांसपेशियों में खिंचाव यानी क्रैम्प्स की शिकायतों के बाद बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया और टीम मैनेजमेंट ने टीम के फिजियो कमलेश जैन से जवाब-तलब किया है। उन्हें साफ कहा गया है कि किसी भी खिलाड़ी के कद या स्टार स्टेटस की परवाह किए बिना फिटनेस में कमी दिखे तो उसकी तुरंत जानकारी दें। मैनेजमेंट का मानना है कि कई खिलाड़ियों की मैदान पर मोबिलिटी घटी है और लंबे समय तक बल्लेबाजी के दौरान सीनियर बल्लेबाजों को दौड़कर रन लेने में परेशानी हो रही है।

बुमराह श्रीलंका टेस्ट सीरीज से बाहर

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) और टीम मैनेजमेंट के बीच तालमेल की कमी भी सामने आई है। बुमराह को 15 अगस्त से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के पहले मैच तक फिट करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन सीओई ऐसा नहीं कर सका। वहीं सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ियों को नए फिटनेस पैरामीटर्स की जानकारी भी देर से मिली। मोहम्मद सिराज जब श्रीलंका दौरे से पहले सीओई पहुंचे तो अचानक ब्रोंको और 2किमी टेस्ट कराए जाने से हैरान रह गए। अब गैर-टेस्ट खिलाड़ियों को भी इन्हीं नए मानकों के अनुसार तैयारी करने के लिए कहा गया है।

खबर संक्षेप

विश्व एथलेटिक्स अंडर 20 के फाइनल में तीन भारतीय

यूजीन। भालाफेंक खिलाड़ी आशीष यादव और टी धरणीधरन के साथ चक्काफेंक खिलाड़ी अमानत कम्बोज ने विश्व एथलेटिक्स अंडर 20 चैम्पियनशिप के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करके फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया। यादव पुरूषों के भालाफेंक ग्रुप ए क्वालीफिकेशन दौर में 69 . 87 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे और कुल दूसरा स्थान हासिल किया । दक्षिण अफ्रीका के जान हेंडरिक हेमैंस 76 . 02 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे । धरणीधरन 68 . 07 मीटर का थ्रो फेंककर बारहवें और आखिरी स्थान पर रहे और फाइनल में जगह बनाई। भारतीय सुपरस्टार नीरज चोपड़ा के नाम इस स्पर्धा का विश्व रिकॉर्ड है जिन्होंने 2016 में पोलैंड में 86 . 48 मीटर का थ्रो फेंका था। महिलाओं के चक्काफेंक में अमानत ने ग्रुप ए में 52 . 58 मीटर का थ्रो फेंककर छठा स्थान हासिल किया और कुल 12वें स्थान पर रहे । चीन की सू यिशिन 58 . 06 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष रही ।

बोडोलैंड एफसी ने एफसी वन को 3-0 से हराया

गुवाहाटी। बोडोलैंड एफसी ने शुरूआती मैच में नॉर्थईस्ट यूनाईटेड के हाथों मिली हार के बाद वापसी करते हुए बृहस्पतिवार को यहां

डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप एफ मुकाबले में एफसी वन पर 3-0 की शानदार जीत दर्ज की। इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में बोडोलैंड एफसी के लिए तीनों गोल दूसरे हाफ में हुए। रोबिन्सन रेंडन ने 57वें मिनट में, रितुराज मोहन ने 78वें मिनट में और आरोन थापा ने 82वें मिनट में गोल दागे।

मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी जीता

मियामी। लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप के बाद पहले दो गोल किये जिसकी मदद से इंटर मियामी ने लीग्स कप में एटलेटिको सान लुईस को 4-2 से हराया । बिजली कड़कने और बारिश के कारण दूसरे हाफ में मैच 30 मिनट के लिये रोकना पड़ा । मेस्सी ने 11वें और 44वें मिनट में गोल किये। उनके अब लीग्स कप में 12 मैचों में 14 गोल हो गए हैं । टेलास्को सेगोविया और डिफेंडर माइकल ने भी गोल दागे ।विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले मेस्सी अर्जेंटीना को फाइनल तक ले गए थे लेकिन स्पेन ने 1-0 से हराकर लगातार दूसरा खिताब जीतने का उनका सपना तोड़ दिया। मेस्सी का विश्व कप के बाद यह दूसरा मैच था । 39 बरस के मेस्सी शनिवार को कोलंबस क्रू के खिलाफ ड्रॉ रहे मैच में 37 मिनट स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर खेले थे ।

आज से श्रीलंका एकादश के खिलाफ तीन दिवसीय मुकाबला

फिरकी के खिलाफ खुद को परखेंगे भारतीय बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारतीय बल्लेबाज अगले सप्ताह श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले शुक्रवार को 'नॉनडिसक्रिप्ट्स क्रिकेट क्लब' मैदान पर श्रीलंका एकादश के विरुद्ध खेले जाने वाले तीन दिवसीय अभ्यास मैच में स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अपनी तैयारियों को पुख्ता कोशिश करेंगे।

हाल के दिनों में घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखलाओं में भारतीय बल्लेबाजों की सबसे बड़ी कमजोरी बेहतर स्पिन गेंदबाजी के सामने उजागर हुई थी। श्रीलंका के खिलाफ भी परिस्थितियां कुछ अलग नहीं होंगी। श्रीलंका के पास विशेष रूप से घरेलू परिस्थितियों में प्रभावी स्पिन आक्रमण है। ऐसे में 15 अगस्त से गॉल में खेले जाने वाले पहले टेस्ट से पहले यह अभ्यास मैच भारतीय बल्लेबाजों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

हमारे पास हर चुनौती का जबाव तैयार होना चाहिए

मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी खिलाड़ियों को हर पहलू पर पूरी तैयारी करने का संदेश दिया। उन्होंने बीसीसीआई की ओर से जारी वीडियो में कहा, ''हमें पता है कि हमारे सामने क्या चुनौती है। हम भरपूर अभ्यास कर सकते हैं, अपनी क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ा सकते हैं, हर तैयारी पूरी कर सकते हैं और 15 अगस्त की सुबह, चाहे हम पहले बल्लेबाजी करें या गेंदबाजी, हमारे पास हर चुनौती का जवाब तैयार होना चाहिए। इसलिए अभी से हर पहलू पर पूरी तैयारी सुनिश्चित करें।''

खिलाड़ियों को तालमेल बैठाने का अवसर मिलेगा

कप्तान शुभमन गिल, लोकेश राहुल और यशस्वी जायसवाल जैसे प्रमुख बल्लेबाज श्रीलंका रवाना होने से पहले अपने-अपने घरेलू अभ्यास केंद्रों पर स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अभ्यास कर चुके हैं, लेकिन श्रीलंकाई पिचों पर मैच जैसी परिस्थितियों में खेलने का अनुभव उससे कहीं अधिक उपयोगी होगा। यह तीन दिवसीय मुकाबला खिलाड़ियों को स्थानीय परिस्थितियों से तालमेल बैठाने का अवसर देगा।

टीम के कई खिलाड़ी पहली बार लाल गेंद से खेलेंगे

टीम के कई खिलाड़ी पहली बार श्रीलंका में लाल गेंद के क्रिकेट में उतरेंगे। भारत ने पिछली बार 2017 में श्रीलंका में टेस्ट श्रृंखला खेली थी और तब से टीम में बड़े बदलाव आ चुके हैं। मौजूदा भारतीय टीम में केवल लोकेश राहुल, कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा को ही श्रीलंका में टेस्ट खेलने का अनुभव है।

टीमें इस प्रकार हैं

भारतः शुभमन गिल (कप्तान), लोकेश राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुतार, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन, आकिब नबी।

श्रीलंका एकादश : निशान मधुष्का, रविंदु रशनथा, पसिंदु सूरियाबंदर, पवन रतनायके, अहान विक्रमसिंघे, सोनल दिनुषा (कप्तान), अंजला बंडारा (विकेटकीपर), निपुन दनंजय, लाहिरू कुमारा, विश्वा फर्नांडो, असंका मनोज, इसिथा विजेसुंदरा, रमेश मेंडिस, केसारा नुवंथा, दिलुम सुदीरा।
मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू होगा।

मुकाबला 19 को

हॉकी विश्व कप में भारत को ड्रॉ पर रोक सकता है पाक

एजेंसी ▶▶| लाहौर

पाकिस्तान हॉकी टीम के मुख्य चयनकर्ता समीउल्लाह खान ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी टीम 19 अगस्त को होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को ड्रॉ पर रोक सकती है।

खान ने कहा कि बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले इस टूर्नामेंट में पहले दौर के पूल चरण से आगे बढ़ने के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण होगा। पाकिस्तान ने बुधवार को विश्व कप (15 से 30 अगस्त) के लिए 20 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम आठ साल बाद इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है। समीउल्लाह ने कहा, ''व्यावहारिक रूप से भारत को कम से कम ड्रॉ पर रोकना हमारे लिए अहम होगा। हमारे पास वेल्स को हराने की क्षमता है लेकिन सबसे मुश्किल प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड होगा जिसकी रैंकिंग काफी ऊंची है। वहीं एफआईएच रैंकिंग में हम फिलहाल 12वें स्थान पर हैं।''पाकिस्तान के पूर्व कप्तान समीउल्लाह ने बताया कि टीम निदेशक और मुख्य कोच हरमन क्रूइस सीधे नीदरलैंड में टीम से जुड़ेंगे जहां वह टूर्नामेंट से पहले की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने क्रूइस की सहायता के लिए दो विदेशी कोच बॉब जोहान वेल्डहॉफ और क्रिस्टोफर बोवेन को भी शामिल किया है।

भारत भी पाक के ग्रुप में शामिल

समीउल्लाह के अनुसार टीम का चयन राष्ट्रीय चयनकर्ताओं और हाल में नियुक्त विदेशी कोचिंग स्टाफ ने मिलकर किया है। भारत भी पाकिस्तान के ग्रुप में शामिल है और समीउल्लाह को भरोसा है कि उनकी टीम भारत को ड्रॉ पर रोक सकती है। पूल डी में इंग्लैंड और वेल्स अन्य टीमें हैं। पाकिस्तान अपने अभियान की शुरुआत 15 अगस्त को नीदरलैंड के एम्सटेलवीन में इंग्लैंड के खिलाफ करेगा।

दूसरा टेस्ट

पाक ने विंडीज को हरा विदेशी जमीं पर हार का सिलसिला किया खत्म

एजेंसी ▶▶| पोर्ट ऑफ स्पेन

पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हरा दिया है। चौथी पारी में पाक टीम को सिर्फ 74 रनों का लक्ष्य मिला था, जिसे पाकिस्तान ने आसानी से हासिल कर लिया।

इसी के साथ 2 टेस्ट मैचों की यह सीरीज एक-एक से ड्रॉ रही। सीरीज चाहे बराबरी पर समाप्त हुई, लेकिन पाकिस्तान ने 1105 दिनों से चले आ रहे हार के सिलसिले का अंत कर दिया है। वेस्टइंडीज की टीम ने पहली पारी में 344 रनों का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में अब्दुल्लाह शफीक के ऐतिहासिक शतक की बदौलत पाकिस्तान पहली पारी में 387 रन बनाकर 43 रनों की बढ़त ले पाया।

दूसरी पारी आई तो अली उस्मान और साजिद खान ने मिलकर 8 विकेट चटकाए और कैरेबियाई टीम 117 रनों पर सिमट गई। पाकिस्तान को सिर्फ 74 रनों का लक्ष्य मिला। बाबर आजम और अब्दुल्लाह शफीक 24-24 रन बनाकर नाबाद लौटे।

1105 दिन बाद आई जीत

दरअसल पिछले करीब 3 साल से पाकिस्तान टीम विदेशी सरजमीं पर कोई टेस्ट मैच नहीं जीत पाई थी। विदेश में उसकी आखिरी जीत 27 जुलाई 2023 के दिन श्रीलंका के खिलाफ आई थी। उस समय पाक टीम ने श्रीलंका को पारी और 222 रनों से हराया था। उसके बाद 1105 दिन बीत चुके थे, लेकिन पाकिस्तान को विदेश में कोई टेस्ट जीत नहीं मिल पा रही थी।

बाबर को दोबारा कप्तान बनाया गया

आखिरकार बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में 8 विकेट से हराकर 3 साल से चले आ रहे हार के सिलसिले का अंत किया। गजब की बात यह है कि 3 साल पहले श्रीलंका के खिलाफ जीत भी बाबर आजम की ही कप्तानी में आई थी। बताते चलें कि पीसीबी ने हाल ही में शान मसूद को टेस्ट कप्तानी से हटाकर बाबर आजम को दोबारा रेड बॉल टीम का कप्तान बनाया है।

चानू जूनियर एशिया कप में भारतीय महिला हॉकी टीम की बनी कप्तान

नई दिल्ली। मिडफील्डर खाइदेम शैलेमा चानू चीन के मोकी में 30 अगस्त से 13 सितंबर तक होने वाले जूनियर एशिया कप में भारत की 18 सदस्यीय जूनियर महिला टीम की कप्तानी करेंगी । टूर्नामेंट की तैयारी के लिये भारतीय टीम हाल ही में ब्रिटेन के दौरे से लौटी है । एशिया कप में मैचों का कार्यक्रम और पूल की जानकारी टूर्नामेंट शुरू होने के आसपास दी जायेगी । मुख्य कोच टिम व्हाइट ने कहा, ''इन युवा खिलाड़ियों ने टीम में जगह बनाने के लिये जो प्रतिबद्धता और दृढता दिखाई है, मुझे उस पर गर्व है । पिछले कुछ महीने में उन्होंने लगातार काम किया है और खेल के हर पहलू में सुधार किया है ।''

टीम : गोलकीपर : निधि, एंजिल हर्षा रानी मिंज
डिफेंडर : पूजा साहू, सुप्रिया, पूजा मलिक, पार्वती टोप्नो, मधु
मिडफील्डर : खाइदेम शैलेमा चानू (कप्तान), तनुजा टोप्पो, बिनिमा धन, रोशनी इंद , गीता यादव
फॉरवर्ड : लालरिंपुइ, पूर्णिमा यादव, सुखवीर कौर, कृष्णा शर्मा, सानिका माने, मधु सिदार
रिजर्व : एफ लालबियाक्सियामी, तनुश्री काढु ।

इंग्लैंड पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला खेलेगी

इंग्लैंड की टीम में लॉरेंस, कार्स पोप और कुक की हुई वापसी

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की आगामी श्रृंखला के पहले मुकाबले के लिए डैन लॉरेंस को दो साल बाद टीम में वापसी का मौका दिया है जबकि जैकब बेथेल दाहिने घुटने की चोट के कारण पूरी श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

बेन स्टोक्स के संन्यास लेने के बाद के दौर की शुरुआत 19 अगस्त से लीड्स में होगी और सरे के बल्लेबाजी ऑलराउंडर लॉरेंस को पूर्व टेस्ट कप्तान की जगह लेने की बड़ी जिम्मेदारी संभालने का पहला मौका मिलेगा। लॉरेंस के छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने की संभावना है जबकि विकेटकीपर जेमी स्मिथ उनसे एक स्थान

नीचे उतर सकते हैं। बेथेल की अनुपस्थिति ने जोर्डन कॉक्स के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का रास्ता खोल दिया है। कॉक्स भी चोट के कारण जून में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ द ओवल में टेस्ट पदार्पण कर पाए थे जहां उन्हें सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करनी पड़ी थी। तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स दाहिने हाथ की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ 1-2 से गंवाई श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उन्हें इंग्लैंड की 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

टेस्ट कप्तान के रूप में जो रूट की वापसी हुई है जबकि नव नियुक्त कोच स्टीफन फ्लेमिंग की अनुपस्थिति में अंतरिम कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक टीम चयन में शामिल रहे।

कहा, मैदान पर उतरते ही हमारे पास हर सवाल का जवाब होगा

15 अगस्त से पहले गंभीर ने भरा खिलाड़ियों में जोश

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारतीय टीम का हाल के वर्षों में घरेलू मैदान पर टेस्ट में प्रदर्शन निराशाजनक रहा है लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर को उम्मीद है कि 15 अगस्त से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए उनकी टीम पूरी तरह तैयार रहने के साथ हर चुनौती का जवाब देने में सक्षम रहेगी।

अभ्यास सत्र से पहले खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए गंभीर ने टीम में शामिल हुए नए खिलाड़ियों स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला सारांश जैन और तेज गेंदबाज आकिब नबी का भी स्वागत किया। सोशल मीडिया पर जारी किया गंभीर ने वीडियो सोशल मीडिया पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए वीडियो में गंभीर ने कहा,''हम जानते हैं कि हमारे सामने क्या चुनौती है और हम किस लक्ष्य के लिए खेल रहे हैं। हम कड़ी मेहनत कर सकते हैं, अपनी क्षमता को आगे बढ़ा सकते हैं और हर तैयारी पूरी कर सकते हैं।''

तैयारियों में कोई कमी नहीं छोड़नी है

गंभीर ने आगे कहा, '' 15 अगस्त की सुबह जब मैच शुरू होगा, चाहे हम पहले बल्लेबाजी करें या गेंदबाजी हमें हर सवाल का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार रहना है। इसलिए अभी से अपनी तैयारियों में कोई कमी नहीं छोड़नी है।''
श्रृंखला का पहला टेस्ट 15 अगस्त से गॉल में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला 23 अगस्त से कोलंबो में होगा।

सारांश का किया स्वागत

गंभीर ने सारांश का स्वागत करते हुए कहा, '' सारांश, सबसे पहले तुम्हें बधाई। यहां तक पहुंचने के लिए तुमने काफी मेहनत की है। जब भी तुम्हें देश के लिए खेलने का मौका मिले, यह सुनिश्चित करना कि तुम अपने परिवार और देश का नाम रोशन करो।''

गंभीर ने नबी को दी बधाई

गंभीर ने नबी को बधाई देते हुए कहा, '' आकिब पिछले सत्र तुम्हारा प्रदर्शन शानदार रहा। जम्मू-कश्मीर का रणजी ट्रॉफी जिताना एक बड़ी उपलब्धि है। इसके लिए तुम्हें एक बार फिर बधाई।''

दो दशक बाद जल संकट की दस्तक

आधी भी नहीं हुई बारिश, बरगी समेत प्रमुख जलाशयों का घटा जलस्तर

जबलपुर। मानसून की सुस्त रफ्तार ने इस बार संस्कारधानी की चिंता बढ़ा दी है। सावन का पहला सप्ताह बीतने के बावजूद जिले में सामान्य से आधी भी बारिश नहीं होने से करीब दो दशक बाद गंभीर जल संकट की आशंका गहरा गई है। शहर की जीवनरेखा माने जाने वाले बरगी बांध सहित परियट और खंदारी जलाशयों का जलस्तर लगातार घट रहा है। कैचमेंट क्षेत्र में पिछले चार दिनों से पानी की आवक पूरी तरह बंद है, जबकि भूजल स्तर भी तेजी से नीचे जा रहा है। यदि अगस्त में भी अच्छी बारिश नहीं हुई तो शहर की पेयजल व्यवस्था पर गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।

335 एमएलडी पानी से चल रही शहर की व्यवस्था

नगर निगम फिलहाल नर्मदा और अन्य स्रोतों से प्रतिदिन 335 एमएलडी पेयजल उपलब्ध करा रहा है। लालपुर जलशोधन संयंत्र से 90 एमएलडी, रमनगरा से 120 एमएलडी और परियट जलाशय से 40 एमएलडी पानी लिया जा रहा है। करीब ढाई दर्जन हैंडपंपों से 35 एमएलडी पानी मिल रहा है, जबकि खंदारी और उमरिया नहर से मिलने वाली 25-25 एमएलडी जलापूर्ति फिलहाल बंद है।

बरगी बांध सामान्य स्तर से करीब दो मीटर नीचे

शहर की पेयजल व्यवस्था का सबसे बड़ा आधार बरगी बांध इस बार भी सामान्य जलस्तर से पीछे है। वर्तमान जलस्तर 415.75 मीटर दर्ज किया गया है, जबकि जुलाई के



अंत तक यह सामान्यतः 417.55 मीटर होना चाहिए था। कैचमेंट क्षेत्र में बारिश नहीं होने से पिछले चार दिनों से बांध में पानी की आवक पूरी तरह बंद है।

परियट और खंदारी भी नहीं दे रहे राहत

परियट जलाशय का जलस्तर कम होने के कारण रांझी सहित कई क्षेत्रों में एक समय ही पानी की आपूर्ति की जा रही है। वहीं नर्मदा की दाईं तट नहर में पानी नहीं छोड़े जाने से उमरिया पंपिंग स्टेशन से करीब दो महीने से जलापूर्ति बंद है। शहर के आरक्षित स्रोत खंदारी जलाशय में भी पर्याप्त जलभराव नहीं हो पाया है।

भूजल स्तर भी गिरा, बढ़ी चिंता

कम बारिश का असर अब भूजल पर भी दिखाई देने लगा है। कई बोरवेलों का जलस्तर नीचे पहुंच गया है और नगर निगम के कई हाइड्रेंट प्रभावित होने लगे हैं।

सावन के पहले सप्ताह तक सामान्य से आधी भी बारिश नहीं

बरगी बांध में चार दिन से पानी की आवक पूरी तरह बंद

परियट में कई इलाकों में एक समय हो रही जलापूर्ति

खंदारी और उमरिया नहर से पानी बंद भूजल स्तर भी गिरा

अगस्त में अच्छी बारिश नहीं हुई तो गहरा सकता है पेयजल संकट

इससे भविष्य में पेयजल संकट और गहराने की आशंका बढ़ गई है।

बारिश पर टिकी उम्मीदें

नगर निगम का कहना है कि फिलहाल नर्मदा के कारण नियमित जलापूर्ति जारी है और स्थिति नियंत्रण में है। हालांकि यदि अगस्त में भी पर्याप्त बारिश नहीं हुई तो जल संकट गहरा सकता है। इसी संभावना को देखते हुए सभी जल स्रोतों और जलशोधन संयंत्रों की लगातार निगरानी की जा रही है तथा वैकल्पिक व्यवस्थाओं की तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

17 साल बाद दो भाइयों को मिली राहत मौत के बाद दर्ज हुई थी एफआइआर

हाईकोर्ट ने पुलिस जांच पर उठाए सवाल, चाकू पर खून नहीं, एफआइआर पर मृतक का अंगूठा

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने दमोह में वर्ष 2009 में हुए हत्याकांड में पुलिस जांच की बुनियाद पर गंभीर सवाल खड़े किए। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनीन्द्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच ने पाया कि एफआइआर की विश्वसनीयता से लेकर हत्या में इस्तेमाल बताए गए चाकू और गवाहों के बयानों तक कई ऐसे तथ्य हैं, जो अभियोजन की कहानी पर संदेह पैदा करते हैं। इन परिस्थितियों में कोर्ट ने तुलसीराम राजपाल और उसके भाई हरप्रसाद की उम्रकैद की सजा निरस्त कर दोनों को बरी कर दिया।दरअसल, यह मामला 25 अगस्त 2009 को दमोह के मड़ियादो थाना क्षेत्र में प्यारेलाल गड़रिया की चाकू मारकर हत्या से जुड़ा है। जिला अदालत ने 29 जून 2012 को दोनों भाइयों को उम्रकैद सुनाई थी। करीब 17 साल जेल में रहने के बाद हाई कोर्ट से उन्हें राहत मिली।हाईकोर्ट ने पाया कि मृतक सामान्य तौर पर हस्ताक्षर करता था, लेकिन एफआइआर पर उसका अंगूठे का निशान मिला। पुलिस यह भी नहीं बता सकी कि एफआइआर किसने लिखी थी और उसे लिखने वाले पुलिसकर्मी का बयान भी रिकार्ड पर नहीं था। कोर्ट ने कहा कि परिस्थितियां इस आशंका को जन्म देती हैं कि एफआइआर मृतक की मृत्यु के बाद तैयार की गई हो सकती है। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल कथित चाकू जब्त किया, लेकिन एफएसएल जांच में उस पर खून के निशान नहीं मिले। यही नहीं प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी घटना के 15 से 30 दिन बाद दर्ज किए गए। मृतक की मौत के समय को लेकर स्वजनों और डाक्टर के बयानों में विरोधाभास तथा मेडिकल रेफरल के अभाव ने भी अभियोजन की कहानी को कमजोर किया। हाईकोर्ट ने कहा कि संदेहास्पद और विरोधाभासी साक्ष्यों के आधार पर दोषसिद्धि कायम नहीं रखी जा सकती।

महिला ने कहा- पति के साथ नहीं रहना, माता-पिता के साथ जाना है

हाईकोर्ट ने इच्छा का किया सम्मान

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने पत्नी के कथित अपहरण और बंधक बनाए जाने से जुड़ी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का महिला के बयान के आधार पर निराकरण कर दिया। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच के आदेश पर मैहर पुलिस ने महिला को कोर्ट में पेश किया। महिला ने स्पष्ट कहा कि वह अपने पति के साथ नहीं रहना चाहती और स्वेच्छा से माता-पिता के साथ जाना चाहती है। कोर्ट ने उसे इच्छा के अनुसार माता-पिता के साथ जाने की अनुमति दी और पति को हिंदू विवाह अधिनियम के तहत उपलब्ध कानूनी विकल्प अपनाने की स्वतंत्रता दी। मैहर जिले के उदयपुर निवासी रोहित कुमार चौधरी ने याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि प्रेम विवाह से नाराज मायके पक्ष ने 26 जुलाई को दिल्ली में उसके साथ मारपीट कर पत्नी को ले जाकर बंधक बना लिया। महिला ने फोन पर बंधक बनाए जाने की बात कही थी। पूर्व आदेश पर पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां उसने अपनी इच्छा स्पष्ट कर दी।

कटनी ट्रांसपोर्ट नगर में आवंटन हाई कोर्ट के फैसले के अधीन

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने कटनी ट्रांसपोर्ट नगर के 115 भूखंडों की निविदा प्रक्रिया पर महत्वपूर्ण व्यवस्था देते हुए कहा है कि निविदा के आधार पर होने वाला कोई भी आवंटन रिट याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा। यह आदेश जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने कटनी ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की याचिका पर दिया। एसोसिएशन की ओर से दीपक पंजवानी ने पैरवी की।इस याचिका में कहा गया कि कटनी शहर में ट्रकों की आवाजाही रोकने के उद्देश्य से वर्ष 1983 में पुरैनी की शासकीय भूमि ट्रांसपोर्ट नगर के लिए आवंटित की गई थी। योजना के तहत 114 ट्रांसपोर्टरों को भूखंड मिल चुके हैं, जबकि शेष 115 के आवंटन के बजाय नगर निगम ने अब निविदा के जरिए नीलामी शुरू कर दी है। एसोसिएशन ने इसे शासन के आदेश तथा हाईकोर्ट के 2006 के आदेश के विपरीत बताया। शासन ने प्रस्तावित भूमि का मूल्य करीब 44.88 करोड़ रुपये बताया और जवाब के लिए समय मांगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि निविदा से होने वाला आवंटन याचिका के निर्णय के अधीन रहेगा।

आज से वंदे भारत एक्सप्रेस 16 कोच के साथ चलेगी

जबलपुर। रेल प्रशासन द्वारा पश्चिम मध्य रेल पर संचालित गाड़ी संख्या 20174/20173 रीवा–रानी कमलापति–रीवा वंदे भारत एक्सप्रेस की रेक संरचना में 75 दिनों के लिए अस्थायी संशोधन किया गया है। वर्तमान में संचालित 8-कोच वंदे भारत रेक को रख-रखाव एवं मरम्मत कार्य के उद्देश्य से 75 दिनों हेतु झांसी वर्कशॉप भेजा जा रहा है। इसके स्थान पर 7 अगस्त से आगामी 24 अक्टूबर 2026 तक 16-कोच वाली वंदे भारत रेक का संचालन किया जाएगा।इस व्यवस्था से ट्रेन में उपलब्ध सीटों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे त्यौहारी सीजन में अधिक से अधिक यात्रियों को आरक्षित सीट उपलब्ध हो सकेगी तथा यात्रा और अधिक सुविधाजनक एवं आरामदायक बनेगी।

चोरी के पैसों से खरीदी लग्जरी कारें जब्त

खितौला में बड़ी चोरी का खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर। खितौला थाना पुलिस ने एक सनसनीखेज चोरी का पर्दाफाश करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने चोरी के बाद ऐशो-आराम की जिंदगी शुरू कर दी थी और चोरी की रकम से कारें खरीद ली थीं। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 31 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और चोरी के पैसों से खरीदी गई अमेज व अल्टो कार जब्त की हैं।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति अनु बेनीवाल ने बताया कि खितौला स्थित पालीवाल कॉलोनी निवासी कमल नारायण सोनी के घर पर 11 जून की रात मुख्य गेट का ताला तोड़कर 31 लाख रुपए के सोने

चांदी के जेवर चोरी गए थे। जांच के दौरान पुलिस को पनागर के भरदा पड़रिया गांव के रहने वाले अंकित पटेल, आकाश पटेल और शनि पटेल पर संदेह हुआ। जानकारी मिली कि तीनों के पास अचानक बड़ी रकम आ गई है और उन्होंने हाल ही में दो कारें खरीदी हैं। साथ ही वे चोरी के जेवर गिरवी रखने और बेचने की कोशिश भी कर रहे थे। थाना प्रभारी चंद्रकांत झा के नेतृत्व में खितौला पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

मेट्रो बस कर्मचारियों का प्रदर्शन

वेतन और पीएफ भुगतान में देरी पर सेवा ठप

जबलपुर। शहर की मेट्रो (चलो) बस सेवा से जुड़े ड्राइवरों, कंडक्टरों और अन्य कर्मचारियों ने वेतन भुगतान में लगातार हो रही देरी तथा भविष्य निधि (पीएफ) जमा नहीं किए जाने के विरोध में आगा चौक स्थित मेट्रो बस डिपो पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल रहा है और कई महीनों से पीएफ राशि भी खातों में जमा नहीं कराई गई है। उनका कहना है कि वेतन मांगने पर नौकरी से निकालने और ब्लैकलिस्ट करने की धमकियां दी जाती हैं।

प्रदर्शन के चलते बसों का संचालन प्रभावित रहा और डिपो से वाहन नहीं निकलने के कारण शहर की मेट्रो बस सेवा ठप हो गई। इससे रोजाना सफर करने वाले यात्रियों, स्कूली छात्रों और कार्यालय जाने वालों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। कर्मचारियों का कहना है

कि 40 से 50 दिन के अंतराल में वेतन मिलने से परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक बकाया वेतन और पीएफ का भुगतान नहीं किया जाता तथा समय पर वेतन देने की लिखित गारंटी नहीं मिलती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

अवैध खनिज परिवहन पर शिकंजा, 3 डंपर जब्त

जबलपुर। जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर खनिज विभाग ने तिलवारा क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाकर बिना वैध ई-ट्रांजिट पास गिट्टी और एम-सैंड का परिवहन कर रहे तीन डंपरों को जब्त किया।खनिज विभाग की टीम ने जांच के दौरान तीनों वाहनों को अवैध रूप से खनिज परिवहन करते हुए पकड़ा। कार्रवाई के बाद सभी डंपरों को आगामी आदेश तक तिलवारा थाने की अभिरक्षा में रखा गया है।सहायक खनि अधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में खनिज निरीक्षक शिवपाल चौधरी, विवेकानंद यादव सहित विभागीय अमला मौजूद रहा। खनिज विभाग के अनुसार जब्त वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत प्रकरण तैयार कर सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

पोलीपाथर में अवैध कॉलोनी पर एक्शन

नगर निगम ने कॉलोनाइजरों के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

जबलपुर। नगर निगम की शिकायत पर गौरीघाट थाना पुलिस ने पोलीपाथर क्षेत्र में बिना वैधानिक अनुमति के कॉलोनी विकसित करने के मामले में पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि कॉलोनाइजरों ने टीएनसीपी और नगर निगम से आवश्यक स्वीकृति लिए बिना भूखंडों का विकास कर लोगों से प्लॉट के नाम पर राशि भी वसूल ली।

नगर निगम कॉलोनी सेल के सहायक अभियंता सुनील दुबे की शिकायत के अनुसार, मौजा पोलीपाथर के खसरा नंबर 18/2 रकबा 0.451 हेक्टेयर भूमि पर हिम्मत पटेल, रमेश पटेल, रामेत्री पटेल, चोखेलाल पटेल तथा डेविस स्वामी द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी। जांच में

सामने आया कि कॉलोनी का लेआउट संयुक्त संचालक, नगर एवं ग्राम निवेश (टीएनसीपी) से अनुमोदित नहीं कराया गया और न ही नगर पालिका कॉलोनाइजर नियम, 2021 के तहत विकास की अनुमति प्राप्त की गई।

नगर निगम ने कॉलोनाइजरों को 14 दिसंबर 2023, 8 जनवरी 2024, 31 जनवरी 2024, 14 फरवरी 2024 और 5 अप्रैल 2024 को नोटिस जारी किए थे। इसके बावजूद न तो कोई संतोषजनक जवाब दिया गया और न ही कॉलोनी की स्वीकृति से संबंधित वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। आरोप है कि नोटिस मिलने के बाद भी मौके पर विकास कार्य लगातार जारी रखा गया।

लिखित शिकायत पर आरोपी हिम्मत पटेल, रमेश पटेल, रामेत्री पटेल, चोखेलाल पटेल, डेविस स्वामी सभी निवासी ग्वारीघाट के विरूद्ध धारा 292(सी) म.प्र.नगर पालिका अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

शिकायत के आधार पर गौरीघाट पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब अवैध कॉलोनी निर्माण, प्लॉट बिक्री और संबंधित दस्तावेजों की पड़ताल कर रही है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

याचिकाओं पर हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 14 अगस्त को

स्ट्रीट डॉग्स के टीकाकरण-नसबंदी पर सरकार ने पेश की स्टेटस रिपोर्ट

जबलपुर। स्ट्रीट डॉग्स के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के पालन में मध्य प्रदेश शासन द्वारा की गई कार्रवाई की स्टेटस रिपोर्ट गुरुवार को हाईकोर्ट में पेश की गई। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने रिपोर्ट पर सुनवाई के लिए 14 अगस्त की तारीख निर्धारित की है।

मामले में सुप्रीम कोर्ट ने डॉग बाइट और रेबीज की बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, सार्वजनिक खेल परिसर और रेलवे स्टेशन सहित सरकारी व निजी संस्थानों के आसपास आवारा कुत्तों के टीकाकरण और नसबंदी के निर्देश दिए थे। स्थानीय निकायों को इन स्थानों का नियमित निरीक्षण करने और यह सुनिश्चित करने को कहा गया था कि आवारा कुत्ते वहां स्थायी ठिकाना न बना सकें। रेबीज से संक्रमित या संदिग्ध कुत्तों को शेल्टर होम में रखने के निर्देश भी दिए गए थे।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जारी है स्वतः संज्ञान सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाई कोर्ट को इस विषय पर स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में हाई कोर्ट ने भोपाल में बच्ची पर आवारा कुत्ते के हमले की घटना को संज्ञान में लेकर सुनवाई शुरू की थी। इसके अलावा आवारा कुत्तों से संबंधित अन्य याचिकाएं भी लंबित हैं। पिछली सुनवाई में युगलपीठ ने नगरीय निकाय व गृह विभाग को सार्वजनिक स्थलों पर घूमने वाले आवारा कुत्तों के टीकाकरण और नसबंदी के निर्देश देते हुए कार्रवाई की स्टेटस रिपोर्ट मांगी थी। गुरुवार को सरकार की ओर से रिपोर्ट पेश कर दी गई।

बांधवगढ़ की वन भूमि में अब भी खेती का आरोप

स्टेटस रिपोर्ट पर याचिकाकर्ता को रिज्वाइंडर पेश करने का समय, अगली सुनवाई 14 अगस्त को

जबलपुर ।बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की वन भूमि पर अतिक्रमण कर खेती किए जाने के मामले में मप्र हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को वन विभाग और जिला प्रशासन की स्टेटस रिपोर्ट पर रिज्वाइंडर पेश करने का समय दिया है। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 14 अगस्त को निर्धारित की है। दरअसल, उमरिया निवासी राम लखन सेन की ओर से दायर जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की वन भूमि पर अतिक्रमण कर खेती की जा रही है। इससे वन्यजीवों की आवाजाही और उनकी प्राकृतिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है। पूर्व सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने वन विभाग और जिला प्रशासन को अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। सुनवाई के दौरान पेश रिपोर्ट में प्रशासन की ओर से बताया गया कि अतिक्रमण कर खेती करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें हटा दिया गया है। याचिकाकर्ता ने इसका विरोध करते हुए कहा कि अभी भी वन भूमि पर खेती की जा रही है। इस पर स्टेटस रिपोर्ट के जवाब में रिज्वाइंडर पेश करने समय मांगा गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

सेवानिवृत्ति के बाद जाति प्रमाणपत्र की जांच का औचित्य नहीं

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने जाति प्रमाणपत्र की वैधता को लेकर चल रहे विवाद में महत्वपूर्ण आदेश देते हुए 21 साल पुराने सिंगल बेंच के आदेश को निरस्त कर दिया। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने कहा कि जब संबंधित कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुका है और विभागीय जांच में उसका जाति प्रमाणपत्र वैध पाया जा चुका है, तो इतने लंबे अंतराल के बाद हाई पावर कमेटी से जांच कराने का कोई उपयोगी उद्देश्य नहीं रह जाता। अपीलकर्ता मंडला निवासी महेंद्र सिंह ठाकुर की ओर से दलील दी गई कि अपीलकर्ता के खिलाफ जाति प्रमाणपत्र के आधार पर नौकरी प्राप्त करने की शिकायत हुई थी। वर्ष 2005 में एकलपीठ ने मामले को राज्य सरकार की हाई पावर कमेटी के समक्ष जांच के लिए भेजने का निर्देश दिया था। इसके खिलाफ महेंद्र सिंह ने अपील दायर की। कोर्ट ने पाया कि विभिन्न विभागीय जांचों में महेंद्र सिंह को आरोपों से मुक्त किया गया तथा उनका जाति प्रमाणपत्र वैध पाया गया। कोर्ट ने यह भी नोट किया कि हाई पावर कमेटी ने अब तक कोई जांच नहीं की। साथ ही सभी संबंधित पक्ष सेवा से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। ऐसे में जांच का आदेश कानूनन टिकाऊ नहीं है। कोर्ट ने 2005 का आदेश और 2008 का संबंधित आदेश दोनों निरस्त कर दिए।

गरिमा अभियान की सख्ती

स्कूलों के बाहर मनचलों पर पुलिस का शिकंजा

पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय की पहल पर एएसपी अनु बेनिवाल ने संभाली कमान, छात्राओं से संवाद कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

हरिभूमि, जबलपुर। शहर को बेटियों के लिए सुरक्षित और छेड़छाड़ मुक्त बनाने की दिशा में जबलपुर पुलिस ने "गरिमा अभियान" के तहत सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश पर गुरुवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अनु बेनिवाल ने स्वयं महिला थाना प्रभारी मंजू शर्मा एवं शक्ति टास्क फोर्स के साथ विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के आसपास दबिश देकर मनचलों और संदिग्ध युवकों के खिलाफ अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान स्कूलों के बाहर बिना वजह घूम रहे युवकों, छात्राओं से छेड़छाड़ या संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए लोगों की जांच की गई। वहीं बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट अथवा टूटी-फूटी नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिलों से स्कूलों के आसपास घूम रहे युवकों को पकड़कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। पुलिस की इस सख्ती से स्कूलों के आसपास अनावश्यक रूप से मंडराने वाले युवकों में हड़कंप की स्थिति रही।

बिना किसी भय के करें सूचित

अभियान के दौरान एएसपी अनु बेनिवाल ने छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और पूछा कि कहीं कोई मनचला उन्हें परेशान तो नहीं करता। उन्होंने छात्राओं को भरोसा दिलाया कि यदि कोई भी व्यक्ति उनका पीछा करे, छेड़छाड़ करे या किसी भी प्रकार से परेशान करने का प्रयास करे तो वे बिना किसी भय के तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस हर सूचना पर त्वरित कार्रवाई करेगी और दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

कार्रवाई नहीं, सुरक्षित वातावरण उद्देश्य

कप्तान उपाध्याय ने कहा कि गरिमा अभियान का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि ऐसा सुरक्षित वातावरण तैयार करना है जिसमें हर बेटी बिना किसी डर और संकोच के स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, खेल मैदान या किसी भी आवश्यक कार्य के लिए घर से बाहर निकल सके। उन्होंने कहा कि महिला और बालिका सुरक्षा जबलपुर पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा किसी भी असामाजिक तत्व को कानून व्यवस्था बिगाड़ने या बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

पुलिस की अभिभावकों और नागरिकों से अपील

जबलपुर पुलिस ने अभिभावकों और नागरिकों से भी अपील की है कि यदि उन्हें स्कूलों या सार्वजनिक स्थानों के आसपास संदिग्ध गतिविधियां दिखाई दें तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस का कहना है कि जनसहयोग और सतत निगरानी से ही शहर को महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिक सुरक्षित बनाया जा सकता है।

दीपाली मालपानी को दिल्ली में मिला सम्मान

जबलपुर। जबलपुर नगर की सक्रिय समाजसेवी दीपाली- दीपक मालपानी को हेल्थ सेक्टर स्किल काउंसिल एवं आयुष मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित दीक्षांत समारोह में भारत की प्रथम बैच "फंडामेंटल ऑफ सुजोक थैरेपी" में सम्मानित एवं गवर्नमेंट सर्टिफाइड किया गया। इसके पहले ISA साउथ कोरिया से, एक्यूप्रेशर शोध प्रशिक्षण एवं उपचार संस्थान प्रयागराज, SBPASS इंदौर से अनेक कोर्स करके, विगत 12 वर्षों से सुजोक, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, कलर एवं मर्मा थैरेपिस्ट एवं हीलर के रूप में कार्य कर रही हैं। दीपालीजी दवा विहीन चिकित्सा पद्धति के माध्यम से सैकड़ों मरीजों को लाभ दिला रही हैं, आप समय-समय पर निःशुल्क कैंप एवं सेशन भी आयोजित करती हैं। दीपाली मालपानी ने कहा मेरा य़ह सम्मान पूरे समाज का सम्मान है।

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 37 कर्मचारियों को उच्च वेतनमान का लाभ

जबलपुर। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 37 कार्मिकों को विभिन्न विकल्प नियमों के तहत उच्च वेतनमान का लाभ प्रदान करते हुए आदेश जारी किए हैं। मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार लाभार्थियों में लेखाधिकारी, प्रबंधक (आईटी), सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, परीक्षण सहायक, अनुभाग अधिकारी तथा कार्यालय सहायक शामिल हैं। जारी आदेश के अनुसार 9 वर्षीय विकल्प नियम के तहत 3 लेखाधिकारी, 4 प्रबंधक (आईटी), 7 सहायक अभियंता एवं 9 कनिष्ठ अभियंताओं को उच्च वेतनमान स्वीकृत किया गया। वहीं 18 वर्षीय विकल्प नियम के अंतर्गत 2 परीक्षण सहायकों, 25 वर्षीय विकल्प नियम के तहत 1 अनुभाग अधिकारी, 30 वर्षीय विकल्प नियम के तहत 1 कनिष्ठ अभियंता एवं 2 परीक्षण सहायकों तथा 35 वर्षीय विकल्प नियम के तहत 2 कनिष्ठ अभियंताओं, 2 परीक्षण सहायकों और 4 कार्यालय सहायकों को उच्च वेतनमान का लाभ दिया गया।

सेंट मैरीस स्कूल में छात्रसंघ परिषद का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

जबलपुर। सेंट मैरीस हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्रसंघ परिषद का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शाला प्रबंधन के वाइस प्रेसिडेंट रेव. फादर अब्राहम पी. जे. एवं प्राचार्य मिसेज मिनाती एस. चार्ल्स के मार्गदर्शन में हुआ। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल अनचित कुमार (सीनियर सिक्योरिटी ऑफिसर, ऑर्डनेंस फैक्ट्री) तथा डॉ. मंजरी कुमार रहे, जिनका विद्यालय परिवार ने पौध भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना गीत से हुई। छात्रसंघ परिषद के गठन का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास बताया गया। शिक्षकों द्वारा अनुशासन, शैक्षणिक प्रदर्शन एवं नेतृत्व क्षमता के आधार पर छात्र पदाधिकारियों का चयन कर उन्हें शपथ दिलाई गई। विद्यालय के हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम से निशांत मार्को, भूषण भास्करन दुबे को शाला नायक तथा श्रेया सोनी एवं राधिका राव को शाला नायिका चुना गया। अनुशासन मंत्री के रूप में आर्यन यादव, प्रीतिका सिंह, तान्या परस्ते, सांस्कृतिक मंत्री के रूप में कृष्णो मुलिक, यान तिर्की, भूमिका सिंह राजपूत तथा खेल मंत्री के रूप में वैभव मिश्रा, अंशिका चौधरी एवं अंश मिश्रा को जिम्मेदारी सौंपी गई। विद्यालय को ब्लू, ग्रीन, रेड एवं येलो हाउस में विभाजित कर उनके कप्तानों का भी चयन किया गया। साथ ही विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के लिए इको क्लब, हेल्थ क्लब, लिटरेरी क्लब, रिसर्च क्लब एवं आर्ट एंड मीडिया क्लब का गठन किया गया। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल अनचित कुमार ने अनुशासन, मेहनत और जिम्मेदारी का महत्व बताते हुए छात्र पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं, जबकि डॉ. मंजरी कुमार ने सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। वाइस प्रेसिडेंट एवं प्राचार्य ने कहा कि नेतृत्व केवल पद नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन है। कार्यक्रम का संचालन कामेश्वरी कोटा एवं रेनू सूरी ने किया तथा आभार प्रदर्शन शाला नायिका श्रेया सोनी ने किया।

वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान व कल्याण के लिए परिषद ने लिया संकल्प, आयोजित किया जाएगा भव्य समारोह

जबलपुर। वरिष्ठ नागरिक परिषद, जबलपुर की सौजन्य बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। परिषद के संरक्षक एवं नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष काजल विश्वास का परिषद के सचिव दिव्यकान्त निगम, सेशू नायडू सहित वरिष्ठ सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। बैठक को संबोधित करते हुए काजल विश्वास ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, उनके अधिकारों की सुरक्षा तथा कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए परिषद के साथ निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। वहीं कमलेश अग्रवाल ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके अनुभवों का लाभ नई पीढ़ी तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में निकट भविष्य में एक भव्य समारोह आयोजित करने की घोषणा भी की। कार्यक्रम का संचालन संगठन सचिव अनिल शुक्ला ने किया तथा आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष गुरमुखदास ने व्यक्त किया। बैठक में एम.एल. अग्निहोत्री, जी.पी. विश्वकर्मा, काजल विश्वास, दिव्यकान्त निगम, घनश्याम चौकसे, जी.एल. गरेवाल, सेशू नायडू, जी.पी. सक्सेना, अरविंद शुक्ला, पूरन झारिया, गुरमुखदास एवं अनिल शुक्ला सहित अनेक वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

शुभम रजक भाजपा खेल प्रकोष्ठ सोशल मीडिया के प्रदेश सह प्रभारी नियुक्त

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मानसिंह यादव ने प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की है। इसी क्रम में जबलपुर के शुभम रजक को भाजपा खेल प्रकोष्ठ सोशल मीडिया का मध्यप्रदेश सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। शुभम रजक लंबे समय से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा में वार्ड अध्यक्ष, मंडल उपाध्यक्ष सहित विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन किया है। वर्तमान में वे भाजपा खेल प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। खेल क्षेत्र में भी शुभम रजक ने अपनी पहचान बनाई है। वे राष्ट्रीय स्तर के पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी हैं और विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर प्रदेश एवं जबलपुर का नाम रोशन कर चुके हैं। उनकी नियुक्ति पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जिला प्रभारी आलोक संजर, विधायक अशोक रोहाणी एवं अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज सहित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएँ देकर उनके सफल संगठनात्मक कार्यकाल की कामना की।

रफी-किशोर के सदाबहार गीतों से सजेगी आज संगीतमयी शाम

जबलपुर। शहर के संगीत प्रेमियों के लिए आज शाम शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में श्री राधे कराओके एवं रेणुका म्यूजिक एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में "सलामत रहे दोस्ताना हमारा" संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम महान पार्श्वगायक मोहम्मद रफी और किशोर कुमार के सदाबहार गीतों को समर्पित रहेगा। कार्यक्रम में शहर के ख्यातिप्राप्त एवं युवा गायक-गायिकाएँ रफी और किशोर के लोकप्रिय नग्मों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को स्वर्णिम संगीत युग की मधुर यादों से रूबरू कराएँगे। आकर्षक मंच सज्जा, उत्कृष्ट ध्वनि व्यवस्था और भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ कार्यक्रम का विशेष आकर्षण होंगी। कार्यक्रम की संयोजिका सुश्री संगीता ठाकुर ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य भारतीय फिल्म संगीत की समृद्ध विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाना और संगीत के माध्यम से लोगों को जोड़ना है। वहीं कार्यक्रम निर्देशक श्री आलोक वर्मा ने शहर के संगीत प्रेमियों एवं नागरिकों से सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन केवल एक संगीतमय प्रस्तुति नहीं, बल्कि महान गायकों मोहम्मद रफी और किशोर कुमार के अमर गीतों को समर्पित भावपूर्ण श्रद्धांजलि भी होगा।

मोबाइल पाकर खिले चेहरे, पुलिस ने लौटाए 23 लाख रुपये कीमत के 134 फोन

जबलपुर। पुलिस ने तकनीक के प्रभावी उपयोग और त्वरित कार्रवाई का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए गुम हुए 134 मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंप दिए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 23 लाख रुपये बताई गई है। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस पाकर आवेदकों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश एवं एएसपी क्राइम जितेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में डीएसपी साइबर सेल अंजुल अयंक मिश्रा के नेतृत्व में साइबर सेल टीम ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से गुम मोबाइलों को ट्रेस किया। आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी मोबाइल उनके वास्तविक धारकों को सुपुर्द किए गए। इस अवसर पर पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मोबाइल गुम होने पर तत्काल संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराने के साथ सीईआईआर पोर्टल पर भी पंजीयन कराएं। समय पर सूचना देने से मोबाइल मिलने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने साइबर अपराधों से बचाव के लिए भी नागरिकों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी या किसी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा जबलपुर साइबर सेल हेल्पलाइन 7701050010 पर संपर्क करें।

// आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री प्रकाश मिश्रा पिता स्व. श्री ईश्वरी प्रसाद मिश्रा द्वारा दी गई जानकारी व निर्देशों के आधार पर उनके स्वामित्व व अधिपत्य की संपत्ति मौजा-लमती में स्थित खसरा न. 56/11 में स्थित जेडीए का फ्री होल्ड प्लाट न. 1299 जिसका रकबा 1500 वर्ग फुट है। मेरे पक्षकार उक्त सम्पति के एक मात्र स्वामी हो कब्जाधारी है। उक्त सम्पति को मेरे पक्षकर ने पूर्व पट्टाधारी शिव वालक सोधिया पिता रामदास सोधिया जी से रजिस्टर्ड लीज डीड दिनांक 20/05/1999 द.न.-2825 के माध्यम से ख़रीद की थी इसके बाद मेरे पक्षकार ने उक्त सम्पति को जेडीए से दिनांक 13/03/2014 द.न. 4200 के माध्यम से फ्री होल्ड करा ली पूर्व स्वामी शिव वालक सोधिया पिता रामदास सोधिया ने उक्त सम्पति को दिनांक 21/01/1987 द.न. 6275 के माध्यम से जेडीए से 30 वर्ष की लीज पर प्राप्त की थी इसके बाद मेरे पास पक्षकार ने उक्त सम्पति को जेडीए से फ्री होल्ड करा लिया और राजस्व अभिलखों में भी मेरे पक्षकार का नाम चढ़ चूका है चूकि उक्त लिंक रजि. लीज डीड दिनांक 21/01/1987 द.न.6275 (विक्रेता-जेडीए, क्रेता-शिवबालक सोधिया) कही गुम हो गयी है जो की काफी प्रयासों के उपरांत भी आज दिनांक तक प्राप्त है जिसकी पुलिस रिपोर्ट सम्बंधित पुलिस थाने में की जा चुकी है अब मेरे पक्षकार उक्त सम्पति को आइ डी बी आइ बैंक में बंधक रख कर ऋण की सुविधा प्राप्त करना चाहते है यदि किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्धशासकीय, वित्तीय संथान या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो यह प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे वरन् अवधि उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी व मेरे पक्षकार उक्त सम्पति को बैंक में बंधक रखने हेतु स्वतंत्र होंगे।

दिनांकः- 06/08/2026
स्थानः- जबलपुर
संजीव शुक्ला
(अधिवक्ता)
190, संजीवनी नगर गढ़ा, जबलपुर, मध्यप्रदेश
मो.नं. 94251-52735

प्रकृति सेवा से ही कल्याण और मोक्ष संभव : विचित्र दास महाराज

जबलपुर। शांति नगर समता कॉलोनी में आयोजित पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कथा व्यास विचित्र दास महाराज ने प्रवचन में कहा कि शिव पुराण के अनुसार मनुष्य का कल्याण और मोक्ष का मार्ग प्रकृति सेवा से होकर गुजरता है। उन्होंने कहा कि पार्थिव शिवलिंग हमें अपनी मिट्टी से जुड़े रहने तथा प्रकृति के महत्व को समझने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया, जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रुद्राभिषेक पूजन संपन्न हुआ। दोपहर में शिव महापुराण कथा का श्रवण कराया गया, जबकि शाम को महाआरती, प्रसाद वितरण एवं पार्थिव शिवलिंगों का विधिवत विसर्जन किया गया। कथा के दौरान विचित्र दास महाराज ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधे लगाने और वर्षा जल संरक्षण (वॉटर हार्वेस्टिंग) अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को जल की प्रत्येक बूंद के महत्व को समझाते हुए प्रकृति संरक्षण का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर आनंद कुमार, मिथिलेश शुक्ला, अर्चना अग्रवाल, रानी दुबे, अर्चना तिवारी, श्रीराम शुक्ला, संजय उपाध्याय, मंजू चौबे, राजेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

घटिया सड़क निर्माण पर निगम की सख्त कार्रवाई, प्रभारी उपयंत्री हटाए गए

जबलपुर। अमखेरा क्षेत्र में गुणवत्ताहीन सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण के मामले में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सख्त कार्रवाई करते हुए प्रभारी उपयंत्री पी. एडूकोण्डलू/लक्ष्मैया को कार्यवाहक प्रभार से तत्काल प्रभाव से पृथक कर दिया है। उन्हें उनके मूल पद नाकेदार पर पदस्थ करते हुए मुख्यालय राजस्व विभाग में नियुक्त किया गया है। गिमायुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार संभाग क्रमांक-15 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक-74 अमखेरा, खजरी खिरिया मुख्य मार्ग से कुदवारी बस्ती, ओमकार नगर और जागृति नगर तक सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण कराया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन पाया गया। मौके के पर्यवेक्षण अधिकारी होने के बावजूद प्रभारी उपयंत्री द्वारा सही अभिमत प्रस्तुत नहीं किया गया तथा कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूरा कराने के लिए अपेक्षित प्रयास भी नहीं किए गए। मामले में स्पष्टीकरण मांगे जाने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के बाद निगमायुक्त ने कार्रवाई करते हुए उन्हें प्रभारी उपयंत्री के दायित्व से हटाकर मूल पद पर वापस भेजने के आदेश जारी किए।

सार्वजनिक सूचना (नाम परिवर्तन)

मैं नरेश कोष्टा पिता स्व. बेनी प्रसाद कोष्टा माता श्रीमती यशोदा कोष्टा निवासी गोहलपुर अमखेरा मालगुजार परिसर के पीछे जबलपुर ने शपथ पत्र (Afidavit) दिनांक 04 अगस्त 2026 के माध्यम से अपना नाम (NARESH KOSTA) से बदलकर (NARESH KOSHTA) कर लिया है। अतः आज की तिथि से मुझे सभी सरकारी, गैर सरकारी, विधिक, दैनिक, शैक्षणिक तथा अन्य सभी अभिलेखों एवं दस्तावेजों में (NARESH KOSHTA) के नाम से जाना एवं पहचाना जाएगा।

पुराना नाम : NARESH KOSTA
नया नाम : NARESH KOSHTA

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में भारतीय सांस्कृतिक विविधता, लोक परंपराओं का अविस्मरणीय अनुभव

ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की बैठक के पहले दिन क्रिएटिव इकोनॉमी सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग और सांस्कृतिक विरासत पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ब्रिक्स देशों के बीच आपसी सम्मान, आम सहमति और साझा उद्देश्यों के माध्यम से सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की बैठक शुरू हुई। पहले दिन ब्रिक्स सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने संस्कृति क्षेत्र में सहयोग को और सुदृढ़ बनाने तथा साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श प्रारंभ किया। बैठक के दौरान भारत की ओर से कल्चर ट्रैक के अंतर्गत निर्धारित प्रमुख प्राथमिकताओं-क्रिएटिव इकोनॉमी, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण तथा संस्कृति आधारित सतत विकास- पर प्रतिनिधिमंडलों ने अपने प्रारंभिक विचार प्रस्तुत किए। बैठक में भारत, ब्राज़ील, चीन, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, ईरान, रूस और इथियोपिया के प्रतिनिधिमंडलों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया, जबकि मिस्र का प्रतिनिधिमंडल हाइब्रिड माध्यम से कार्यवाही में शामिल हुआ।

ब्रिक्स सदस्य देशों से आए प्रतिनिधि।

भारतीय शास्त्रीय सौंदर्यशास्त्र को किया जीवंत

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत कथक नृत्य शैली में प्रस्तुत 'नवरस', ' काली स्तवन' और 'नर्मदा अष्टपदी' से हुई, जिसने भारतीय शास्त्रीय सौंदर्यशास्त्र को जीवंत किया। इसके पश्चात नागालैंड के चकेसांग नागा कलाकारों द्वारा पारंपरिक 'टाटी' लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान की विशेष रनवे प्रस्तुति 'शिखर से तट तक' से हुआ, जिसमें परिधानों के माध्यम से भारत की भौगोलिक और सांस्कृतिक यात्रा को प्रदर्शित किया गया।

15 फीट ऊंचा तथा 1,830 किलोग्राम वजनी यह विशाल कांस्य दीप से सुसज्जित

भ्रमण के दौरान प्रतिनिधियों ने केरल की पारंपरिक धरोहर 'आल-विलक्कु' दीप के प्रज्वलन में भाग लिया। पारंपरिक लॉस्ट वैक्स तकनीक से निर्मित 15 फीट ऊंचा तथा 1,830 किलोग्राम वजनी यह विशाल कांस्य दीप 1001 दीप-कोटरों से सुसज्जित है, जो ज्ञान, समृद्धि और आध्यात्मिक जागरण का प्रतीक है। संग्रहालय परिसर में प्रतिनिधियों के सामने भारत की विविधता में एकता/" की भावना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

संस्कृति केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि नवाचार, समावेशी विकास की एक प्रेरक शक्ति

संस्कृति मंत्रालय के सचिव एवं ब्रिक्स कल्चर वर्किंग ग्रुप के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने कहा कि संस्कृति केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि नवाचार, समावेशी विकास गहरे संबंध स्थापित करने की एक सशक्त प्रेरक शक्ति है। इस दौरान ब्रिक्स प्रतिनिधिमंडल ने शाम को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय का भ्रमण किया। प्रतिनिधियों ने संग्रहालय की मुक्ताकाश प्रदर्शनियों- कुम्हार पारा, पारंपरिक तकनीकी उद्यान और हिमालयन विलेज- का अवलोकन कर भारत की समृद्ध लोक विरासत, पारंपरिक आवासों और जनजातीय जीवन शैली की सराहना की।

नर्मदापुरम में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया वर्चुअली संबोधित

मेहनतकश किसानों के लहलहाते खेतों से लेकर उनके खातों तक का ध्यान रख रही प्रदेश सरकार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार कृषक कल्याण वर्ष में किसान हितैषी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ घर-घर पहुंचा रही है। हमारी सरकार ने किसानों के खेतों से लेकर उनके खातों तक का ध्यान रखा है। किसानों के खेतों में पानी, बिजली, खाद-बीज, कृषि यंत्र पहुंचाने के साथ-साथ उनके खातों में फसल बीमा, सम्मान निधि और ब्याज मुक्त ऋण की राशि तक पहुंचाई है। पिछली कैबिनेट में राज्य सरकार ने ऐतिहासिक कवच योजना को मंजूरी दी है।

कवच योजना से ऐसे किसानों की चिंता दूर होगी, जिनके सहकारी खातों में पुरानी गड़बड़ियों और जांच में देरी के कारण उन्हें नया ऋण और सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। अब ऐसे किसानों को मुख्य धारा में लाकर नया कृषि ऋण और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिलाया जाएगा। डॉ. यादव बुधवार को नर्मदापुरम में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को मंत्रालय भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

किसानों की चिंता दूर करेगी कवच योजना, मिल सकेंगे सरकारी लाभ

सरकार ने पिछली कैबिनेट में एतिहासिक कवच योजना को दी मंजूरी

बलराम कृषि महोत्सव को वर्चुअली संबोधित कर रहे मुख्यमंत्री।

फलों के बाग और नर्सरी संचालन पर मिल रहा अनुदान

डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने अब 6-6 महीने के स्थान पर एक साल में खातों को पटलने की व्यवस्था लागू की है। खाते क्लीयर करने के लिए 31 मार्च तक की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। अब किसान भाई जब पैसा हो, खाते में जमा कर सकते हैं। कृषक कल्याण वर्ष में किसानों को कृषि से आय बढ़ाने का रोडमैप बताया जा रहा है। नर्मदापुरम जिले में उद्यानिकी फसलों आम, अमरूद, संतरा, अनार, नींबू और केला को लेकर आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। फलों के बाग और नर्सरी स्थापित करने के लिए सरकार अनुदान दे रही है। किसानों को पॉलीहाउस और सेडनेट हाउस स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से एक बगिया मां के नाम योजना से जरिए लाभ दिया जा रहा है। फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने पर किसानों को 50 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

सरसों और धान उर्पाजन में भी मिलेगा भावांतर का लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बलराम कृषि महोत्सव किसानों के साथ संवाद का उत्सव है। अब तक 20 जिलों के 10 ऐसे आयोजन किए जा चुके हैं। नर्मदापुरम में यह 11वां बलराम कृषि महोत्सव है। खेत में दाना बोने से लेकर बाजार में दाम दिलवाने तक सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। सोयाबीन उत्पादक किसानों की चिंता भावांतर योजना ने दूर की। अब सरसों और धान को भी भावांतर योजना में शामिल किया है। पहली बार श्रीअन्न कोदो-कुटकी की एमएसपी पर खरीदी हुई और किसानों को बोनस भी मिला है। इसके साथ ही किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए पात्र किसानों से मूंग उपार्जन की सीमा 25 प्रतिशत से बढाकर 60 प्रतिशत की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आय बढ़ाने के लिए किसानों को फसल विविधीकरण को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

शहरी एवं बड़ी ग्राम पंचायतों के विकास तथा प्रबंधन के लिए बनाएं कार्ययोजना: मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि व्यवस्थित ग्रामीण विकास और जनकल्याण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पंचायतों को सशक्त बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शहरी एवं बड़ी ग्राम पंचायतों के विकास तथा बेहतर प्रबंधन के लिए कार्य योजना बनाई जाए। नगरों के निकट विद्यमान पंचायतों के प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाया जाए ताकि आसपास के क्षेत्र में सड़कें व अन्य अधोसंरचना व्यवस्थित रूप से विकसित हो सके। डॉ यादव ने मंत्रालय में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना, ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, वीबी जी राम जी योजना, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, विभाग की राज्य मंत्री राधा सिंह, मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

ड्रोन से हो रहा ग्रामीण सड़कों की स्थिति का आंकलन

बैठक में बताया गया कि ग्रामीण सड़क विकास के अंतर्गत गुणवत्ता नियंत्रण, संधारण में प्रदेश ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत अधिकतम लंबाई की पूर्णता के लिए भी मध्यप्रदेश, पूरे देश में प्रथम रहा। प्रदेश में ड्रोन तकनीक के माध्यम से ग्रामीण सड़कों की संधारण स्थिति के आंकलन का नवाचार जारी है। वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत प्रदेश में एक लाख 24 हजार कार्यों पर 2 लाख 62 हजार मजदूर दैनिक रूप से कार्यरत हैं। मजदूरों को 18 करोड़ 20 लाख रुपए का भुगतान किया गया है।

गोपालकों को प्रोत्साहित किया जाए

सीएम ने कहा कि दुग्ध उत्पादन किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। अतः मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत घरों में गोपालन और गो-समितियों को प्रोत्साहित किया जाए। कई जिला पंचायत और जनपद पंचायत भवनों का निर्माण आकर्षक और प्रभावी तरीके से किया गया है, जो पंचायत राज संस्थाओं के लिए अनुकरणीय है। सीएम ने कहा कि बड़े और बेहतर कार्य कर रहे स्व-सहायता समूहों को लघु उद्योगों तथा एमएसएमई गतिविधियों से जोड़ा जाए।

कृत्य में सोशल मीडिया और एआई का लिया सहारा

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। जांच में सामने आया कि दोनों की पहचान एक शादी समारोह के बाद हुई थी और बाद में शादी का भरोसा देकर आरोपी ने युवती का कथित रूप से शारीरिक शोषण किया।

आरोपी ने सोशल मीडिया और एआई से बनी तस्वीरों के जरिए युवती को अपने झांसे में लिया और एक साल तक शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब युवती ने शादी की बात की तो आरोपी मुकर गया। आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थाना बांकीमोंगरा में अपराध क्रमांक 147/2026 धारा 69 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। कुदरीपारा निवासी 32 वर्षीय राहुल दास पर आरोप है कि उसने 16 मार्च 2025 से 10 सितंबर 2025 तक पीड़िता को शादी का झांसा देकर कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाए। बताया जा रहा है कि आरोपी और पीड़िता की मुलाकात एक शादी समारोह में हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच मोबाइल और व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू हुई। युवती कई बार आरोपी को एआई से एडिट की हुई अपनी फोटो भेजती थी। उन तस्वीरों को देखकर आरोपी और भी उसका दीवाना हो गया।

शादी के लिए कहा तो आरोपी ने किया इंकार

इसी दौरान आरोपी ने युवती से शादी कर घर बसाने का वादा किया और इस झांसे में लेकर उसके साथ संबंध बनाए। पीड़िता ने बताया कि जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने साफ इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने 22 जुलाई 2026 को बांकीमोंगरा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान पीड़िता और गवाहों के बयान लिए गए। धारा 183 बीएनएस के तहत पीड़िता के कथन कराए गए। घटना स्थल का निरीक्षण और मेडिकल परीक्षण भी कराया गया। आरोपी रोजी-मजदूरी का काम करता है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कटघोरा न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि प्रकरण गंभीर और अजमानतीय है। विवेचना अभी जारी है। इस मामले के बाद सोशल मीडिया पर पहचान और रिश्तों को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत एक बार फिर सामने आई है।

साथी युवक हिरासत में, शरीर पर मिले चोट के निशान, ग्राम कोकपुर के निवासी थी युवती

लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रही बीएड छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही 19 वर्षीय बीएड छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शरीर पर मिले चोट के निशानों के बाद पुलिस ने हत्या की आशंका के तहत मामला दर्ज कर साथी युवक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। राजधानी रायपुर के मुजगहन थाना क्षेत्र स्थित बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाली 19 वर्षीय बीएड छात्रा की संदिग्ध मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

युवती के शरीर पर मिले चोट के निशानों के बाद पुलिस ने हत्या की आशंका के तहत जांच तेज कर दी है। मामले में उसके साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार, मृतका ग्राम कोकपुर, जिला कांकेर की निवासी थी। वह रायपुर के विकास महाविद्यालय में बीएड की छात्रा थी।

6-7 महीनों से रह रहे थे किराए से

पिछले करीब छह से सात महीनों से वह कोंडागांव निवासी और रावतपुरा सरकार महाविद्यालय के डीएलएड का छात्र सावंत बघेल के साथ बोरियाकला स्थित किराए के मकान में रह रही थी। जांच के दौरान मृतका की बड़ी बहन ने पुलिस को बताया कि सावंत को अपनी पार्टनर (मृतका) के चरित्र पर संदेह रहता था, जिसके चलते दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। आरोप है कि युवक कई बार उसके साथ मारपीट भी करता था। परिजनों के मुताबिक, घटना से एक दिन पहले मृतका ने फोन कर बताया था कि उसके साथ फिर मारपीट हुई है और वह रायपुर छोड़कर अपने गांव लौटना चाहती है।

परिजनों को मिली युवती के गंभीर होने की सूचना

इसके बाद 4 अगस्त की रात परिवार को सूचना मिली कि मृतका को गंभीर हालत में मेकाहारा अस्पताल ले जाया गया है, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन अगले दिन रायपुर पहुंचे। पुलिस जांच में मृतका की बाईं आंख के नीचे, गर्दन के पीछे और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान मिले हैं। प्रारंभिक जांच में गला दबाने और मारपीट की आशंका जताई जा रही है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल मुख्य संदेही सावंत बघेल को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक साक्ष्य और अन्य तकनीकी जांच के आधार पर मामले की सभी पहलुओं से पड़ताल कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

छात्रावास के शौचालय में फंदे पर लटकी मिली लाश

नौंवी कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ति

जिले के बाराद्वार थाना क्षेत्र स्थित पलाडीकला के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं के एक छात्र ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों ने छात्रावास अधीक्षक पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

जिले के पलाडीकला स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब छात्रावास के शौचालय में कक्षा 9वीं के छात्र ओमेश कुमार कंवर का शव फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही विद्यालय प्रबंधन ने छात्र को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, ग्राम बसना निवासी ओमेश कुमार कंवर विद्यालय के छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहा था। गुरुवार सुबह छात्रावास में रहने वाले अन्य छात्रों ने उसे शौचालय में फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद तत्काल विद्यालय प्रबंधन को इसकी सूचना दी गई। आनन-फानन में छात्र को जिला अस्पताल सक्ती ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बाराद्वार पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

परिजनों ने लगाए कई गंभीर आरोप

मृतक छात्र के परिजनों ने घटना को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि ओमेश छात्रावास में प्रताड़ना का शिकार था। परिजनों ने यह भी दावा किया कि कुछ दिन पहले विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कलेक्टर से छात्रावास की अव्यवस्थाओं और कथित प्रताड़ना की शिकायत की थी। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने छात्रावास अधीक्षक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई और निलंबन की मांग करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि छात्रावास में रहने वाले अन्य विद्यार्थियों और विद्यालय के कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है।

विभागाध्यक्षों सहित हर स्तर के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी, शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन उद्देश्य

अब हर शुक्रवार को आयोजित होगा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान, कल से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान शुक्रवार 7 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने सभी विभागाध्यक्षों के साथ ही कलेक्टर्स और कमिश्नर को अभियान के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

निर्देश में कहा गया है कि क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण एवं जन-संवाद के माध्यम से आम जनता की शिकायतों का त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग और

लोकसेवाओं का समय-सीमा में प्रदाय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य शासन की ओर से यह अभियान प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। यह अभियान 7 अगस्त से शुरू होकर 8 जनवरी 2027 तक चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार इस अवधि में प्रत्येक सप्ताह के पंचम दिवस अर्थात शुक्रवार को अभियान संचालित होगा। इस दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान दिवस अर्थात प्रत्येक शुक्रवार को (अपरिहार्य स्थितियों को छोड़कर) विभाग स्तर पर अथवा विभागाध्यक्ष स्तर पर अथवा संभागायुक्त या जिला कलेक्टर्स अथवा विभागीय जिला अधिकारियों के साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन, ऑफलाइन समीक्षा बैठकों का आयोजन नहीं किया जाएगा।

प्रत्येक शुक्रवार को अधिकारी फील्ड भ्रमण करेंगे

सभी विभाग प्रमुखों एवं विभागाध्यक्षों के लिए यह अनिवार्य होगा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान की अवधि में प्रत्येक शुक्रवार को अधिकारी फील्ड भ्रमण करेंगे। जिले एवं क्षेत्र का चयन वे अपनी प्रशासनिक कार्य सुविधा, विभागीय आवश्यकता एवं प्राथमिकतानुसार कर सकेंगे। यदि किसी सप्ताह अपरिहार्य कारणों से विभागीय अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव फील्ड भ्रमण में असमर्थ हो तो इसकी पूर्व सूचना मुख्य सचिव कार्यालय को अनिवार्य रूप से दी जाएगी। विभागाध्यक्षों के मामले में इसी प्रकार की व्यवस्था सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव निर्धारित करना सुनिश्चित करेंगे।

संवाद-समाधान संवेदनशीलता और सादगी होंगे

संवाद, समाधान, संवेदनशीलता और सादगी, मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के 4 स्तम्भ हैं। पारदर्शी और उत्तरदायी प्रशासन इस अभियान का प्रतिबिंब है। सभी अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि अभियान के क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इन दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

शिकायतों और आवेदनों के शत-प्रतिशत निराकरण पर जोर

यह भी निर्देश हैं कि विभागों का यह दायित्व होगा कि हर हफ्ते अपने विभाग से संबंधित सीएम हेल्पलाईन, जनसुनवाई एवं लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करेंगे एवं सुनिश्चित करेंगे कि विभाग, विभागाध्यक्ष स्तर पर कोई भी शिकायत अनावश्यक रूप से लंबित न रहें। विभाग के अधीनस्थ सभी विभागाध्यक्ष कार्यालयों को यह भी निर्देशित है कि संभाग स्तर पर पदस्थ विभागीय अपर संचालक, संयुक्त संचालक, उप संचालक स्तरीय अधिकारी भी अनिवार्य रूप से प्रत्येक शुक्रवार को अपने क्षेत्राधिकार के जिलों में विभागीय कार्यों की समीक्षा के लिए चिन्हित क्षेत्र में भ्रमण पर रहेंगे।

सादगी और सीमित वाहन पूलिंग पर जोर

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत भ्रमण कार्यक्रम आदि के दौरान सादगी और मितव्ययिता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि भ्रमण पर प्रस्थान करते समय वाहन संख्या सीमित रहे और यथासंभव वाहन पूलिंग सुनिश्चित की जाएगी।

खबर संक्षेप

बायोकॉन के शुद्ध लाभ में 53.36 फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली। बायोकॉन लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 53.36 प्रतिशत बढ़कर 136.8 करोड़ रुपये हो गया। बायोकॉन लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली यानी अप्रैल-जून तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 89.2 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी एकीकृत कुल आय बढ़कर 4,390.5 करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,021.6 करोड़ रुपये थी। बायोकॉन लिमिटेड के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी का कुल खर्च भी बढ़कर 4,249.4 करोड़ रुपये हो गया।

श्रीराम जनरल इंश्योरेंस की आय 23 प्रतिशत बढ़ी

जयपुर। श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी (एसजीआई) ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम (जीडीपी) में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी का जीडीपी बढ़कर 1,180 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तिमाही में 960 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि उसकी वृद्धि उद्योग की 11 प्रतिशत वृद्धि से अधिक रही। मोटर बीमा कारोबार में कंपनी ने 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि उद्योग की वृद्धि 14 प्रतिशत रही। व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कारोबार में भी 47 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बयान के अनुसार पहली तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ पांच प्रतिशत बढ़कर 131 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 125 करोड़ रुपये था।

बायर क्रॉपसाइंस के लाभ में 15 फीसदी का उछाल

नई दिल्ली। जर्मन कंपनी बायर एजी की भारतीय इकाई बायर क्रॉपसाइंस का वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 15.39 प्रतिशत बढ़कर 321.6 करोड़ रुपये हो गया। बेहतर कीमत और मजबूत उत्पाद मिश्रण की वजह से सकल मार्जिन में सुधार से इसका लाभ बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में उसने 278.7 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। जून तिमाही में कंपनी की कुल आय 0.48 प्रतिशत घटकर 1,923.9 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले साल की इसी अवधि में 1,933.3 करोड़ रुपये थी। इस दौरान खर्च पांच प्रतिशत घटकर 1,521.8 करोड़ रुपये रह गया, जो पहले 1,598.1 करोड़ रुपये था।

पावर ग्रिड का लाभ घटकर 3,598 करोड़ रुपए रहा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ मामूली घटकर 3,598.42 करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 3,630.58 करोड़ रुपये था।

फसाई के निशाने पर गुणवत्ता ही नहीं अब गलत दावे और खराब लेबलिंग भी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (फसाई) पिछले कुछ दिनों से एक्शन मोड में है। साल 2026 में इस विभाग ने फूड कंपनियों और ड्रिंक कंपनियों पर जमकर छापेमारी की है। जिसका नतीजा ये है कि अब सभी फूड कंपनियां, रेस्टोरेंट्स आदि भी डरे हुए हैं और सतर्क भी हैं।

फसाई अब केवल खाने की गुणवत्ता को चेक करने तक ही सीमित नहीं रहा है, बल्कि गलत दावे, खराब लेबलिंग, साफ- सफाई में कमी और प्रोडक्शन के नियमों का पालन ना करने पर भी कंपनियों के खिलाफ सख्त कदम उठा रहा है।

दावों के पीछे वैज्ञानिक सबूत रखना होगा

इतना ही नहीं फसाई के अनुसार कंपनियों को अपने द्वारा किए जा रहे दावों के पीछे का वैज्ञानिक सबूत भी रखना होगा। फसाई ने मई में कहा था कि कंपनियों को 100 प्रतिशत, 100 प्रतिशत प्योर और 100 प्रतिशत नेचुरल जैसे शब्दों के इस्तेमाल से बचना होगा, क्योंकि इनसे ग्राहक गुमराह हो सकते हैं। इसका मतलब है कि साल 2026 में फसाई का फोकस सिर्फ मिलावट पकड़ने पर नहीं, बल्कि लेबल, विज्ञापन, मैन्युफैक्चरिंग, साफ-सफाई और ग्राहकों की शिकायतों समेत हर स्तर पर खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने पर है।

- नियमों का पालन न करने पर कंपनियों के खिलाफ सख्त कदम
- फसाई पिछले कुछ दिनों से सख्त एक्शन के मोड में है

फसाई की सख्ती

बीते कुछ दिनों में ही फसाई ने इतने सारे ब्रांड्स पर कार्रवाई कर दी है, कि अब छोटे कारोबारी भी डर के साये में नजर आ रहे हैं। बीते दिन डाबर कंपनी पर बैन लगाया गया। जिसके बाद दशकों से चला आ रहा शराब का ब्रांड ओल्ड मॉन्क को भी भारत में बैन कर दिया गया है। फसाई के इस एक्शन मोड में आने की वजह आखिर क्या है?

फसाई क्यों सख्त हुआ

दरअसल फसाई के द्वारा बढ़ाई गई इस सख्ती का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को गलत जानकारी से बचाना और खाद्य सुरक्षा के नियमों का पालन करवाना है। फसाई का कहना है कि किसी भी प्रोडक्ट के लेबल, नाम या एड में ऐसी जानकारी नहीं होनी चाहिए जिससे ग्राहक को उसकी गुणवत्ता, सामग्री, शुद्धता या स्वास्थ्य लाभ के बारे में गलत जानकारी मिले।

नकली घी, तेल और पनीर पर भी कार्यवाही

फसाई ने जून में नकली घी बनाने और बेचने वाले एक अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया था। दिल्ली और हरियाणा में हुई संयुक्त कार्रवाई के दौरान 6,500 लीटर से ज्यादा संदिग्ध मिलावटी घी जब्त किया गया। इसके अलावा बुधवार को ही महाराष्ट्र में फसाई की कार्यवाही में पनीर को बैन कर दिया गया है। हालांकि पूरी तरह से नहीं केवल एनालॉग पनीर को बैन किया गया है। तो वहीं पिछले कुछ समय से बैंगलोर में भी पुराने तेल का इस्तेमाल करने वालों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। फसाई का साफ कहना है कि जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले को बिलकुल भी बक्षा नहीं जाएगा।

डाबर इंडिया पर हुई सबसे बड़ी कार्रवाई

फसाई ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई डाबर इंडिया के खिलाफ की है। फसाई ने इस कंपनी के शहद, देसी घी, एप्पल साइडर विनेगर, वर्जिन कोकोनट ऑयल, तिल का तेल, नारियल पानी और नारियल दूध जैसे कुछ प्रोडक्ट पर 100 प्रतिशत नेचुरल, 100 प्रतिशत प्योर, और 100 प्रतिशत ऑर्गेनिक जैसे दावों पर रोक लगा दी है। इसे लेकर फसाई का कहना है कि ऐसे दावों का सही तरीके से वैज्ञानिक प्रमाण देना मुश्किल है और ये ग्राहकों को भ्रमित कर सकते हैं।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष लाहिडी ने एनसीएईआर में कहा

निवेश आकर्षित करने भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आसान बनाने की जरूरत

- देश में कारोबार सुगमता बढ़ाने के लिए काफी काम हुआ
- जमीनी स्तर पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में और निवेश आकर्षित करने के लिए उद्योग स्थापित करने को लेकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को सरल बनाने की जरूरत है।

लाहिड़ी ने प्रतिष्ठित आर्थिक शोध संस्थान 'नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च' (एनसीएईआर) के 'इंडिया पॉलिसी फोरम' 2026' को संबोधित करते हुए कहा कि देश में कारोबार सुगमता बढ़ाने के लिए काफी काम हुआ है, लेकिन विशेष रूप से जमीनी स्तर पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

विदेशी निवेश ने की भारत की मदद

लाहिडी ने कहा कि विदेशी बचत (पूंजी) ने भारत की मदद जरूर की है, लेकिन इसका स्तर चीन और सिंगापुर जैसे देशों की तुलना में काफी कम रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश में निवेश का प्रमुख स्रोत घरेलू बचत होती है। लाहिड़ी ने कहा, ''घरेलू बचत की कमी निवेश और वृद्धि की संभावनाओं को प्रभावित कर सकती है। कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए काफी काम हुआ है, लेकिन विशेषकर जमीनी स्तर पर अभी और सुधार की जरूरत है।''

सरकारी परियोजनाओं के लिए भी भूमि अधिग्रहण कई बाधाओं से घिरा

निजी निवेश पर असर

निवेश को बढ़ावा देने वाले कारकों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि एनसीएईआर के अध्ययन के अनुसार, 1980 से पहले सार्वजनिक निवेश के कारण निजी निवेश पर प्रतिकूल असर पड़ता था, लेकिन उसके बाद सार्वजनिक निवेश निजी निवेश का पूरक बन गया है और अब उसे बढ़ावा दे रहा है।''

निवेश वही आएगा जहां लाभ कमाने की संभावना

लाहिड़ी ने कहा, ''इसका अर्थ है कि अच्छी तरह लक्षित बुनियादी ढांचे पर सरकारी खर्च निजी निवेश को बाधित करने के बजाय उसे बढ़ावा देने में मदद कर सकता है।'' जाने-माने अर्थशास्त्री ने कहा कि घरेलू हो या विदेशी, निवेश वहीं आएगा जहां लाभ कमाने की संभावना होगी।

भारत को सबसे आकर्षक स्थान बनाने की जरूरत

उपाध्यक्ष ने कहा, ''इसीलिए भारत को सफल कारोबार करने और लाभ अर्जित करने के लिए दुनिया का सबसे आकर्षक स्थान बनाने की जरूरत है। ऐसा करके हम विकसित भारत-2047 की यात्रा में आने वाली बाधाओं को दूर कर सकते हैं।'' लाहिड़ी ने कहा कि भारत ने 1990 के दशक में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए अपने दरवाजे खोले थे। इसके बाद 2002-05 के दौरान वार्षिक एफडीआई प्रवाह औसतन तीन से सात अरब डॉलर था। वहीं 2008 में यह बढ़कर 43 अरब डॉलर और 2019 में 50 अरब डॉलर को पार कर गया।

भारत में निवेश को प्रभावित करने वाले मुख्य कारक संरचनात्मक

उपाध्यक्ष ने कहा, ''भारत में निवेश को प्रभावित करने वाले कारक मुख्य रूप से संरचनात्मक हैं। उत्पादन कारक (भूमि, श्रम और पूंजी) विशेषकर भूमि और पूंजी से जुड़ी मौजूद खामियां निवेश में बड़ी बाधा हैं।'' लाहिड़ी ने कहा, ''केवल औद्योगिक परियोजनाएं ही नहीं, बल्कि सरकार से जुड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए भी भूमि अधिग्रहण कई बाधाओं से घिरा हुआ है, जिनमें कानूनी चुनौतियां भी शामिल हैं।

डेटा सेंटर क्षमता के मामले में मुंबई दुनिया में 15वें स्थान पर

सूची में हैदराबाद 27वें स्थान पर

एजेंसी ▶▶| 00

नई दिल्ली। परिचालन में आ चुकी डेटा सेंटर क्षमता के मामले में मुंबई दुनिया में 15वें और हैदराबाद 27वें स्थान पर है। रियल एस्टेट क्षेत्र की परामर्श कंपनी नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

नाइट फ्रैंक ने बृहस्पतिवार को जारी अपनी रिपोर्ट 'नाइट फ्रैंक ग्लोबल डेटा सेंटर एटलस 2026' में उत्तर अमेरिका, यूरोप, एशिया-प्रशांत, पश्चिम एशिया और अफ्रीका के 36 प्रमुख वैश्विक डेटा सेंटर बाजारों की तुलना की है। रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई चालू हो चुकी डेटा सेंटर क्षमता के आधार पर 15वें और विकासाधीन क्षमता के आधार पर 11वें स्थान पर है।

कंपनी ने कहा कि 774 मेगावाट की परिचालन सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षमता और लगभग पांच गीगावाट की विकासाधीन क्षमता के साथ मुंबई भारत का प्रमुख डेटा सेंटर बाजार और एशिया-प्रशांत क्षेत्र के अग्रणी डिजिटल अवसंरचना केंद्रों में शामिल हो गया है।

हैदराबाद 151 मेगावाट की परिचालन वाली आईटी क्षमता के साथ वैश्विक स्तर पर 27वें स्थान पर है, जबकि 2.2 गीगावाट से अधिक की विकासाधीन क्षमता के आधार पर उसका स्थान 19वां है। रिपोर्ट में दो प्रमुख मानकों के आधार पर बाजारों का आकलन किया गया है।

रियल स्टेट क्षेत्र की नाइट फ्रैंक ने जारी की सूची

शीर्ष पांच स्थान उत्तर अमेरिका के केंद्रों के पास

परिचालन में आ चुकी आईटी क्षमता के मामले में शीर्ष पांच स्थान उत्तर अमेरिका के केंद्रों के पास हैं। इनमें एशबर्न पहले, कोलंबस दूसरे, डलास तीसरे, फीनिक्स चौथे और अटलांटा पांचवें स्थान पर हैं। टोक्यो छठे, लंदन सातवें, डबलिन आठवें, शिकॉगो नौवें और सिंगापुर 10वें स्थान पर है।

वैश्विक रैंकिंग में भारत की मौजूदगी

नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि वैश्विक रैंकिंग में भारत की मौजूदगी दर्शाती है कि देश तेजी से रणनीतिक डिजिटल अवसंरचना केंद्र के रूप में उभरा है।

रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक में लिवाली से सेंसेक्स 374 अंक चढ़ा

निफ्टी में मामूली 11 अंक की तेजी रही

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को मिला-जुला रुख रहा। कच्चे तेल के दाम में नरमी और रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 374 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में मामूली 11 अंक की तेजी रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के दौरान पूरे समय सकारात्मक दायरे में रहा। अंत में यह 373.76 अंक चढ़कर 78,954.76 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी पूरे दिन सीमित दायरे में कारोबार करता रहा और अंत में 11.35 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,636 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी ऊंचे में 24,677.05 अंक तक गया और नीचे में 24,604.15 अंक तक आया। सोमवार से दोनों प्रमुख सूचकांकों के प्रदर्शन में अंतर देखने को मिल रहा है। यह बदलाव उन शेयरों के लिए नई नीलामी व्यवस्था लागू किए जाने के बाद आया है, जिनमें वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) अनुबंध उपलब्ध हैं।

घरेलू शेयर बाजार में मिश्रित रुख रहा

एचएसटी वेल्थ के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरिसेल्चन राधाकृष्णन ने कहा, ''घरेलू शेयर बाजार में मिश्रित रुख रहा...। निवेशकों की धारणा पश्चिम एशिया संघर्ष के कूटनीतिक समाधान की उम्मीद के बीच सतर्क लेकिन सकारात्मक बनी रही।''

इन शेयरों में रही तेजी

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज में सबसे अधिक 3.43 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा, भारतीय स्टेट बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आईसीआईसीआई बैंक, इटर्नल और टाइटन भी बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंटरग्लोब एविएशन और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं।

नागर विमानन मंत्री नायडू ने किया स्पष्ट

विमान ईंधन में एथनॉल मिलाने का प्रस्ताव नहीं

गलत जानकारी से यात्रियों में चिंता पैदा होती है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बृहस्पतिवार को कहा कि विमान ईंधन (एटीएफ) में एथनॉल मिलाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

उन्होंने यह भी कहा कि विमानन सुरक्षा को लेकर गलत जानकारी फैलाने से हवाई यात्रियों में बेवजह चिंता पैदा होती है।

नायडू ने यह बात दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस दावे के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार एटीएफ में एथनॉल मिलाने की योजना बना रही है। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''सूत्रों ने संकेत दिया है कि नरेन्द्र मोदी सरकार विमान ईंधन में एथनॉल मिलाने की योजना बना रही है।

विमान ईंधन पूरी तरह अलग

मंत्री ने स्पष्ट किया कि एथनॉल और पर्यावरण अनुकूल विमान ईंधन पूरी तरह अलग-अलग हैं और दोनों को एक-दूसरे से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''एसएएफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित विमानन ईंधन है, जिसे अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन ने मान्यता दी है। इसे दुनिया के कई देशों ने अपनाया है। यह कड़े परीक्षणों से गुजरता है और वैश्विक सुरक्षा मानकों पर खरा उतरा है।''

वाहनों की कुल खुदरा बिक्री जुलाई में 25.89 फीसदी बढ़ी

खुदरा बिक्री जुलाई में 25.91 लाख इकाई पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री जुलाई में सालाना आधार पर 25.89 प्रतिशत बढ़कर 25,91,138 इकाई हो गई। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। फाडा ने कहा कि पिछले साल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में बदलाव के बाद मांग में आई तेजी का सिलसिला जारी है। फाडा ने बयान में कहा कि वाहनों की खुदरा बिक्री जुलाई, 2025 में 20,58,325 इकाई रही थी।

यात्री वाहनों (पीवी) की खुदरा बिक्री जुलाई में 19.13 प्रतिशत वृद्धि के साथ 4,16,555 इकाई रही, जो पिछले साल जुलाई में 3,49,674 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 28.25 प्रतिशत बढ़कर 18,18,289 इकाई हो गई, जबकि जुलाई, 2025 में यह 14,17,767 इकाई थी। फाडा के अनुसार, जुलाई में तिपहिया वाहनों की बिक्री 16.16 प्रतिशत बढ़कर 1,33,778 इकाई रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 1,15,166 इकाई थी।

जीएसटी दरों में बदलाव के बाद मांग में तेजी का सिलसिला जारी

दोपहिया ईवी की हिस्सेदारी बढ़कर 11.24 प्रतिशत

गिरिधर ने कहा कि दोपहिया वाहन खंड में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी बढ़कर रिकॉर्ड 11.24 प्रतिशत हो गई, जो पिछले साल जुलाई में 7.65 प्रतिशत थी। हालांकि, अधिक मांग वाले मॉडल की सीमित आपूर्ति के कारण लंबित बुकिंग बनी हुई है।

ईवी बिक्री उच्च स्तर पर

गिरिधर ने कहा कि जुलाई में कुल इलेक्ट्रिक वाहन खुदरा बिक्री 3,27,901 इकाई के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जबकि दोपहिया और वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री भी रिकॉर्ड स्तर पर रही, जिससे कुल वाहन बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी बढ़कर लगभग 12.7 प्रतिशत हो गई। पिछले साल जुलाई में यह 9.6 प्रतिशत थी।

35% कंपनियां एआई का उपयोग कर रही

बिजली उत्पादन में एआई का उपयोग 2030 तक 65% होगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के बिजली उत्पादन क्षेत्र में कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग वर्ष 2030 तक 35 प्रतिशत से बढ़कर 65 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है और यह संचालन क्षमता का मुख्य आधार भी बन जाएगा। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

'द एनर्जी एंड क्लाइमेट इनिशिएटिव सोसायटी' (ईएनसीआईएस) के अध्ययन के मुताबिक, फिलहाल करीब 35 प्रतिशत बिजली उत्पादक कंपनियों ने अपने मुख्य परिचालन में एआई को अपनाया हुआ है और यह संख्या तेजी से बढ़ने का अनुमान है। यह अध्ययन दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु और चेन्नई में उपयोगिता और प्रौद्योगिकी कंपनियों के 250 पेशेवरों के बीच किया गया।

खराबी पता लगाने में मिलती है मदद

अध्ययन से पता चलता है कि एआई के उपयोग में भविष्यवाणी-आधारित परिसंपत्ति प्रबंधन और सक्रिय रखरखाव सबसे अहम क्षेत्र के रूप में उभर रहे हैं। आधे से अधिक लोगों ने कहा कि इससे खराबी का पहले पता लगाने, बिजली आपूर्ति बाधित होने की घटनाएं कम करने और उपकरणों की उम्र बढ़ाने में मदद मिलेगी।

देश की सोच में बदलाव की जरूरत

नंदन नीलेकणि ने कहा- छोटे कारोबार बढ़ाएंगे रोजगार

एआई से बड़ी कंपनियों में नौकरियां घटेंगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इन्फोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि ने बृहस्पतिवार को कहा कि स्वचालन और कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल से भारत की बड़ी एवं सुव्यवस्थित कंपनियों में आने वाले वर्षों में नौकरियां घट सकती हैं, जबकि लाखों छोटे कारोबार भविष्य में रोजगार सृजन का प्रमुख आधार बनेंगे।

'एनसीएईआर इंडिया पॉलिसी फोरम-2026' को संबोधित करते हुए नीलेकणि ने कहा कि रोजगार सृजन को लेकर देश की सोच में बुनियादी बदलाव की जरूरत है। नीलेकणि नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के संचालन मंडल के चेयरमैन भी हैं।

बड़ी कंपनियां रोजगार घटाने वाली बनेगी

नीलेकणी ने कहा, ''बड़ी कंपनियां, जो बहुत सुव्यवस्थित ढंग से काम करती हैं, नौकरियों में कटौती के लिहाज से सबसे अधिक प्रभावित होंगी। इसका कारण यह है कि वहां हर काम कुछ तय कार्यों तक सीमित होता है, जिन्हें स्वचालन के जरिये आसानी से किया जा सकता है। इसलिए आने वाले वर्षों में बड़ी कंपनियां शुद्ध रूप से रोजगार घटाने वाली बन सकती हैं।''

भारतीय अर्थव्यवस्था का भविष्य लाखों छोटे कारोबार में

इसके विपरीत, उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था का भविष्य लाखों छोटे कारोबार क्षेत्रों में है, क्योंकि वे एआई से होने वाले बदलावों के प्रति अपेक्षाकृत अधिक सक्षम हैं। नीलेकणि ने कहा, ''लाखों छोटे कारोबार में एआई के जरिये व्यापक स्तर पर बदलाव करना कहीं अधिक जटिल है। इसलिए उन पर नौकरियों में कटौती का असर अपेक्षाकृत कम होगा और वे अधिक रोजगार सृजित करेंगे।''

स्टार्टअप संख्या 2035 तक 10 लाख संभव

नीलेकणी ने कहा कि भविष्य में अर्थव्यवस्था इस सोच पर आगे बढ़ेगी कि कुछ कंपनियां लाखों लोगों को रोजगार दें, इसके बजाय लाखों कंपनियां एक-एक व्यक्ति को रोजगार दें। नीलेकणि ने अनुमान जताया कि भारत में स्टार्टअप की संख्या 2035 तक बढ़कर 10 लाख हो सकती है। जबकि फिलहाल यह करीब 1.5 लाख है।

पश्चिम मध्य रेल
यांत्रिक शाखा ▪ खुली निविदा
निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में **वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट)/नकज, आर.ओ.एच. डिपो नकज, पश्चिम मध्य रेल,** के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक:** JBP-M-Tender-20-2026, दिनांक 31.07.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** आरओएच शेड एनकेजे और व्हील केयर सेंटर एनकेजे में PU फ्लोरिंग का कार्य। **कार्य का विज्ञापित मूल्य:** ₹ 89,82,750/-. **बयाना राशि:** ₹ 1,79,700/-. **समापन की अवधि:** 09 माह। **निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समय:** 24.08.2026, 15.00 Hrs. उपरोक्त ई–निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग भोपाल (म.प्र.)
// निविदा सूचना //
निविदा सूचना क्रमांक 11/सेतु/2026/का.यं. भोपाल, दिनांक 28/07/2026
निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रू लाख में)	टीप
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	2026_PWDRB_524548_1	नर्मदापुरम	पुल कार्य	नर्मदापुरम जिले के सेमरी से सांगाखेड़ा मार्ग के कि.मी. 6/2 में नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य	तृतीय	444.14	मूल एफ डी आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें।
2.	2026_PWDRB_524495_1	नर्मदापुरम	पुल कार्य	नर्मदापुरम जिले में बाबई से नसीराबाद ढाना मार्ग के कि.मी. 13/2 पर बाकुड नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य	तृतीय	445.01	मूल एफ डी आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें।
3.	2026_PWDRB_524541_1	बैतूल	पुल कार्य	नर्मदापुरम जिले के ग्राम भीरापुर से बलेगांव मार्ग पर नाला पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य	द्वितीय	244.64	मूल एफ डी आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें।
				योग		1133.79	

उपरोक्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त बेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 11/08/2026, (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मूल एफ.डी.आर. का भुगतान केवल ऑनलाईन होगा एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। भौतिक रूप से किसी भी प्रकार के दस्तावेज कार्यालय में जमा नहीं किये जायेगें।
कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग
भोपाल (म.प्र.)
G-16765/26
" स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

चिंतन

भारतीय कानून का सम्मान करें सोशल मीडिया कंपनियां

किसी लोकतंत्र में यह अधिकार किसके पास होना चाहिए कि कौन-सी आवाज करोड़ों लोगों तक पहुंचे और कौन-सी नहीं? जनता के पास, संविधान के पास, कानून के पास या फिर कैलिफोर्निया में बैठे किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के एल्गोरिद्म के पास? पिछले कुछ दिनों से भारत सरकार और मेटा के बीच चल रहा टकराव इसी मूल प्रश्न के इर्द-गिर्द घूम रहा है। खासकर कॉक्रोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन के दौरान सोशल मीडिया कंपनी मेटा ने पैसे लेकर जिस तरह से खास तरह के कंटेंट को असामान्य रूप से बढ़ावा दिया, जबकि दूसरी तरह के कंटेंट की पहुंच सीमित रही, उसने सरकार के कान खड़े कर दिए हैं। इन आरोपों के पक्ष या विपक्ष में अभी कोई सार्वजनिक तकनीकी जांच सामने नहीं आई है, लेकिन इतना जरूर हुआ कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की निष्पक्षता पर बहस तेज हो गई है। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फेसबुक अकाउंट से पोस्ट किया गया वीडियो कई घंटों के लिए हटा दिया गया। मेटा ने इसे तकनीकी भूल बताते हुए सार्वजनिक माफी भी मांग ली। लेकिन क्या केवल माफी इस पूरे विवाद का समाधान है? शायद नहीं। यही वजह है कि पिछले दो दिनों से मेटा की वैश्विक टीम भारत में डेरा डाले हुए है। गुरुवार को भी सरकार के साथ उसकी लंबी बैठकों का दौर जारी रहा। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कंपनी के अधिकारियों से मुलाकात की। सरकार ने सिर्फ प्रधानमंत्री का वीडियो हटने का कारण नहीं पूछा, बल्कि उससे कहीं बड़े सवाल सामने रख दिए हैं। मेटा के एल्गोरिद्म कैसे काम करते हैं? कंटेंट मॉडरेशन का आधार क्या है? भारतीय कानूनों का पालन कैसे सुनिश्चित होता है? डीपफेक और बाल यौन शोषण सामग्री जैसी गंभीर चुनौतियों से निपटने की व्यवस्था क्या है? और सबसे महत्वपूर्ण, क्या मेटा वास्तव में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत मिलने वाली सेफ हार्बर सुरक्षा का हकदार है? ये सवाल केवल मेटा से नहीं हैं। ये हर उस वैश्विक डिजिटल कंपनी से हैं जिसने भारत में करोड़ों उपयोगकर्ता तो बना लिए, लेकिन जवाबदेही के मामले में अक्सर अपनी वैश्विक नीतियों की आड़ लेती रही है। दरअसल, पिछले एक दशक में सोशल मीडिया केवल संवाद का माध्यम नहीं रहा। यह राजनीति, चुनाव, सामाजिक आंदोलनों, व्यापार और जनमत निर्माण का प्रभावशाली मंच बन चुका है। पहले यह काम अखबारों और टीवी चैनलों के संपादक करते थे। आज यह जिम्मेदारी एल्गोरिद्म निभा रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि अखबार का संपादक सामने दिखाई देता था, उसकी जवाबदेही तय होती थी। एल्गोरिद्म अदृश्य है। वह किस आधार पर निर्णय लेता है, किसे ऊपर लाता है और किसे नीचे धकेल देता है, यह किसी को पता नहीं। यही अपारदर्शिता सबसे बड़ी चिंता है। भारत सरकार का यह कहना बिल्कुल उचित है कि भारत में कारोबार करने वाली किसी भी कंपनी को भारतीय कानूनों के तहत ही काम करना होगा। सरकार की जवाबदेही भी है कि नियमन के नाम पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अनावश्यक अंकुश न लगे। इसलिए कानून का उद्देश्य विचारों को नियंत्रित करना नहीं, बल्कि नियमों को निष्पक्ष और समान रूप से लागू करना होना चाहिए। भारत दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल लोकतंत्र है। यहां कानून संसद बनाती है, जनता सरकार चुनती है और संविधान सर्वोच्च है। इसलिए यह स्वीकार नहीं किया जा सकता कि किसी बहुराष्ट्रीय तकनीकी कंपनी का एल्गोरिद्म भारतीय लोकतंत्र से बड़ा हो जाए।

संतुलन साधती मौद्रिक नीति

आर्थिकी
सतीश सिंह

केंद्रीय बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति का रुख 'न्यूट्रल' बनाए रखते हुए स्पष्ट संकेत दिया है कि फिलहाल न तो ब्याज दरों में जल्दबाज़ी में कटौती की आवश्यकता है और न ही उन्हें बढ़ाने का कोई औचित्य दिखाई देता है। आरबीआई ने स्वीकार किया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई अभी भी उसके लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। हालांकि राहत की बात यह है कि महंगाई का प्रमुख स्रोत मांग में अत्यधिक वृद्धि नहीं, बल्कि खाद्य वस्तुओं और ईंधन की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। यदि आने वाले महीनों में महंगाई अनुमानित दिशा में घटती है, खाद्य आपूर्ति सामान्य रहती है और वैश्विक जोखिम नियंत्रित होते हैं, तो आरबीआई के पास भविष्य में अधिक अनुकूल नीतिगत कदम उठाने की पर्याप्त गुंजाइश होगी।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और उसकी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने 5 अगस्त की समीक्षा बैठक में व्यापक बाजार अपेक्षाओं के अनुरूप रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखा। इस नीति समीक्षा का केंद्रीय संदेश यह है कि आरबीआई ऐसे समय में अत्यंत संतुलित दृष्टिकोण अपनाना चाहता है, जब एक ओर महंगाई पूरी तरह नियंत्रण में नहीं आई है और दूसरी ओर भारतीय अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत मजबूत विकास की ओर अग्रसर है। यही कारण है कि केंद्रीय बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति का रुख 'न्यूट्रल' बनाए रखते हुए स्पष्ट संकेत दिया है कि फिलहाल न तो ब्याज दरों में जल्दबाज़ी में कटौती की आवश्यकता है और न ही उन्हें बढ़ाने का कोई औचित्य दिखाई देता है। आरबीआई ने स्वीकार किया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई अभी भी उसके लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। हालांकि राहत की बात यह है कि महंगाई का प्रमुख स्रोत मांग में अत्यधिक वृद्धि नहीं, बल्कि खाद्य वस्तुओं और ईंधन की कीमतों में उतार-चढ़ाव है।

यही कारण है कि केंद्रीय बैंक कोर महंगाई को लेकर अपेक्षाकृत आश्वस्त दिखाई देता है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए आरबीआई ने खुदरा महंगाई के औसत अनुमान को 5 प्रतिशत पर रखा है। उसके तिमाही अनुमानों के अनुसार दूसरी तिमाही में महंगाई 4.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 5.9 प्रतिशत तथा चौथी तिमाही में 5.5 प्रतिशत रह सकती है। यह अनुमान बताता है कि आरबीआई खाद्य एवं आपूर्ति पक्ष से उत्पन्न दबावों को अस्थायी मान रहा है और उसे उम्मीद है कि समय के साथ इनमें नरमी आएगी। महंगाई को लेकर सतर्क रुख के बावजूद आरबीआई आर्थिक वृद्धि के मोर्चे पर पहले की तुलना में अधिक आशावाद है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया गया है। तिमाही आधार पर पहली तिमाही में 7 प्रतिशत, दूसरी में 6.4 प्रतिशत, तीसरी में 6.5 प्रतिशत और चौथी में 6.8 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान यह दर्शाता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की गति अभी भी संतोषजनक बनी हुई है। इस आशावाद के पीछे कई ठोस कारण हैं। विनिर्माण क्षेत्र के शुरुआती संकेत उत्साहजनक हैं, सेवा क्षेत्र लगातार विस्तार कर रहा है, निजी उपभोग मजबूत बना हुआ है तथा विवेकाधीन खर्च में भी सुधार देखा जा रहा है। सार्वजनिक निवेश और अवसंरचना परियोजनाओं का प्रभाव भी आर्थिक गतिविधियों को गति दे रहा है। ऐसे परिदृश्य में ब्याज दरों में अनावश्यक बदलाव की आवश्यकता नहीं है। रेपो दर के साथ-साथ स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी (एसडीएफ) दर 5 प्रतिशत तथा मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) एवं बैंक दर 5.5 प्रतिशत पर भी अपरिवर्तित रखी गई हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि केंद्रीय बैंक मौद्रिक ढांचे में किसी बड़े परिवर्तन का इच्छुक नहीं है। लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण उसका 'न्यूट्रल' नीति रुख है।

इसका अर्थ यह है कि आरबीआई किसी पूर्वनिर्धारित दिशा में नहीं बढ़ रहा, बल्कि आने वाले आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय लेने की रणनीति पर कायम है। हालांकि रेपो दर में कोई बदलाव

नहीं किया गया, फिर भी आरबीआई ने यह संकेत दिया है कि यदि आवश्यकता हुई तो बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त तरलता बनाए रखने के लिए नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में कमी, ओपन मार्केट ऑपरेशन (ओएमओ) अथवा अन्य उपयुक्त साधनों का उपयोग किया जा सकता है। फिलहाल केंद्रीय बैंक का आकलन है कि बैंकिंग प्रणाली में धन की उपलब्धता पर्याप्त है और किसी अतिरिक्त प्रोत्साहन की तत्काल आवश्यकता नहीं है। पिछले कुछ महीनों के दौरान मनी मार्केट दरों और सरकारी प्रतिभूतियों की प्रतिफल दरों में नरमी आई है। यह संकेत है कि बैंकिंग प्रणाली में तरलता पहले की तुलना में अधिक सुलभ हुई है।

साथ ही उद्योग, सेवा और खुदरा- तीनों क्षेत्रों में ऋण मांग संतोषजनक बनी हुई है। यद्यपि जमा और ऋण दरों के बीच अंतर घटने से कुछ बैंकों के नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम) पर दबाव देखा गया है, फिर भी बैंकिंग प्रणाली की समग्र वित्तीय स्थिति मजबूत बनी हुई है। इसका अर्थ है कि बैंकों के पास ऋण उपलब्ध कराने की क्षमता बनी हुई है और अर्थव्यवस्था में धन प्रवाह फिलहाल संतुलित है। आरबीआई की सतर्कता का सबसे महत्वपूर्ण कारण वैश्विक आर्थिक वातावरण है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में संभावित उतार-चढ़ाव, वैश्विक व्यापार नीतियों में अनिश्चितता, विकसित अर्थव्यवस्थाओं की मौद्रिक नीतियां तथा जलवायु संबंधी जोखिम- विशेषकर अल नीनो- आने वाले महीनों में महंगाई और विकास, दोनों को प्रभावित कर सकते हैं। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है। ऐसे में यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र वृद्धि होतीहै, तो उसका सीधा असर घरेलू महंगाई, चालू खाते के घाटे और राजकोषीय संतुलन पर पड़ेगा। फिलहाल होम लोन, ऑटो लोन तथा अन्य फ्लोटिंग ब्याज दर वाले ऋणों की मासिक किस्तों (ईएमआई) में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसी प्रकार सावधि जमा पर ब्याज दरों में भी तत्काल व्यापक परिवर्तन की उम्मीद कम है। उद्योग जगत के लिए राहत की बात यह है कि ऋण उपलब्धता बनी रहेगी और बैंकिंग प्रणाली में नकदी की कोई गंभीर कमी नहीं है। निवेशकों के लिए भी यह नीति अपेक्षाकृत स्थिर ब्याज दर वातावरण का संकेत देती है, जिससे पूंजी बाजारों में अनिश्चितता सीमित रह सकती है। अगस्त 2026 की मौद्रिक नीति समीक्षा यह स्पष्ट करती है कि आरबीआई ने महंगाई नियंत्रण, आर्थिक वृद्धि और वित्तीय स्थिरता-इन तीनों उद्देश्यों के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया है। एक ओर उसने विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर भारतीय अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित मजबूती पर भरोसा जताया है, वहीं दूसरी ओर संभावित महंगाई जोखिमों को देखते हुए ब्याज दरों में कटौती से परहेज किया है। साथ ही पर्याप्त तरलता बनाए रखने का आश्वासन देकर उसने बैंकिंग प्रणाली को विश्वास भी दिया है, किंतु अतिरिक्त नकदी प्रवाह से बचकर मौद्रिक अनुशासन को भी कायम रखा है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में यह नीति न तो अत्यधिक उदार कही जा सकती है और न ही अनावश्यक रूप से कठोर। यह ऐसी संतुलित रणनीति है, जिसमें अल्पकालिक लोकप्रियता के बजाय दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता को प्राथमिकता दी गई है। यदि आने वाले महीनों में महंगाई अनुमानित दिशा में घटती है, खाद्य आपूर्ति सामान्य रहती है और वैश्विक जोखिम नियंत्रित होते हैं, तो आरबीआई के पास भविष्य में अधिक अनुकूल नीतिगत कदम उठाने की पर्याप्त गुंजाइश होगी।

(लेखक वरिष्ठ बैंकिंग एवं आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

प्रतिभा

शीतल देवी

खेलो इंडिया योजना से नई प्रतिभाओं को मिलेगा मौका

आज मुझे एक पैरालंपिक पदक विजेता के रूप में जो पहचान और सम्मान मिला है, उसके पीछे कई वर्षों की मेहनत और सही दिशा में आया सहयोग है। मैं कभी जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ की एक साधारण बच्ची थी। अच्छी कोचिंग और हर तरह का सहयोग मिलने से ही मैं आज इस मुकाम तक पहुंच सकी। मेरी कहानी प्रेरणादायक है, लेकिन देश के कई दूर-दराज़ गांवों में आज भी मेरे जैसे कई प्रतिभाशाली दिव्यांग बच्चे हैं, जिन्हें यह तक नहीं पता कि पैरा खेल भी होते हैं। उनके पास प्रतिभा है, लेकिन उन्हें अवसर नहीं मिलते। मुझे यह अवसर मिला, इसलिए मैं आगे बढ़ सकी। देश के गांवों और छोटे शहरों में हजारों दिव्यांग बच्चे हैं, जिनमें खेलों की शानदार प्रतिभा है, लेकिन उनमें से कई कभी सामने नहीं आ पाते। कुछ को यह नहीं पता कि प्रशिक्षण कहां मिलेगा और कुछ को ऐसा कोच नहीं मिलता जो पैरा खेलों की समझ रखता हो। इसलिए मुझे लगता है कि सरकार की नई संशोधित खेलो इंडिया योजना खासकर पैरा खेलों के लिए बड़ा बदलाव ला सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच पर आधारित इस पांच साल की योजना पर 29,054 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

इसमें प्रतिभाओं की पहचान, कोच और सहयोगी स्टाफ तैयार करना, खेल सुविधाएं बढ़ाना और खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देना शामिल है। लेकिन इस योजना की सफलता तभी होगी, जब राज्य सरकारें और केंद्र शासित प्रदेश भी पूरी लगन से इसे लागू करेंगे। मुझे अपने कोचों, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), सरकार और कई अन्य लोगों का पूरा सहयोग मिला। मेरी तैयारी में कभी किसी जरूरी चीज़ की कमी नहीं रही। इसी वजह से मुझे बड़े सपने देखने और दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों से मुकाबला करने का आत्मविश्वास मिला। लेकिन ऐसा सिर्फ मेरे साथ नहीं होना चाहिए। देश के हर प्रतिभाशाली बच्चे को यही मौका मिलना चाहिए। मुझे खुशी है कि नई खेलो इंडिया योजना में पैरा खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण केंद्रों और मान्यता प्राप्त अकादमियों को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया है। हर बच्चा प्रशिक्षण लेने के लिए सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा नहीं कर सकता।

आज भी कई प्रतिभाशाली बच्चे सिर्फ इसलिए गांवों में रह जाते हैं क्योंकि उनके आसपास अच्छी खेल सुविधाएं नहीं हैं। अगर उनके घर के पास ही अच्छी अकादमी, प्रशिक्षित कोच और बेहतर खेल सुविधाएं होंगी, तो परिवार भी उन्हें खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इस योजना की सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें कम उम्र में ही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने पर जोर दिया गया है। पैरा खेलो इंडिया एथलीट और इमर्जिंग खेलो इंडिया एथलीट जैसी नई व्यवस्था से बच्चों को शुरुआत से ही सही मार्गदर्शन और सहयोग मिलेगा। दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए शुरुआती पहचान बहुत जरूरी है। कई बच्चे देर से खेल शुरू करते हैं क्योंकि उन्हें जानकारी, कोचिंग या अवसर नहीं मिलते। अगर उन्हें समय रहते पहचानकर लगातार सहयोग दिया जाए, तो वे भी बड़े खिलाड़ी बन सकते हैं। नई योजना में पैरा खेलों के लिए विशेष अकादमियां और प्रशिक्षण केंद्र बनाने पर भी जोर दिया गया है। किसी बच्चे को सिर्फ इसलिए अपना घर नहीं छोड़ना चाहिए कि उसे पैरा खेलों को समझने वाला कोच मिल सके। मुझे भी अच्छा सहयोग मिला, इसलिए मैं पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकी। सिर्फ अभ्यास से सब कुछ नहीं सीखा जा सकता। प्रतियोगिताओं में खेलने से खिलाड़ी का आत्मविश्वास बढ़ता है और प्रदर्शन बेहतर होता है। खेलो इंडिया पैरा गेम्स के विस्तार से अब ज्यादा खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं में खेलने का मौका मिलेगा। मैंने भी इन खेलों की तीरंदाजी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है।

यहां देश की बेहतरीन प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का मंच मिलता है। इस योजना की असली सफलता सिर्फ पदकों की संख्या से नहीं मापी जाएगी। इसकी सबसे बड़ी सफलता तब होगी, जब देश के ज्यादा से ज्यादा दिव्यांग बच्चे यह विश्वास करने लगेंगे कि खेलों में उनका भी भविष्य है। यही विश्वास हर बड़े खिलाड़ी की शुरुआत होता है। मेरा मानना है कि खेलो इंडिया योजना की सबसे बड़ी सफलता उस दिन होगी, जब भारत के हर जिले, हर गांव और हर कोने से दिव्यांग बच्चे पूरे आत्मविश्वास के साथ खेलों में आएंगे, क्योंकि उन्हें पता होगा कि अब उनके लिए आगे बढ़ने का रास्ता तैयार है।

(लेखिका कंपाउंड तीरंदाज, पैरालंपिक पदक विजेता, विश्व चैंपियन और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता हैं, ये उनके अपने विचार हैं)

गुरु बिना न भक्ति सार्थक और न मुक्ति संभव

संकलित
दर्शन

कागा सब तन खाइयो, चुनि चुनि खाइयो मांस। दुइ अखियां मत खाइयो, मोहे पिया मिलन की आस।।

इश्क हकीकी हो या इश्क मिजाजी, यह इश्क का चरम है। इश्क के लिए सब कुछ न्यौछावर कर दें, तो भी थोड़ा है, कम है। इतिहास गवाह है कि इश्क करने वालों ने मरना कुबूल किया, पर इश्क से मुंह मोड़ना मंजूर नहीं किया। सांसारिक प्रेम के दीवाने हों या फिर रब्बी इश्क के मतवाले। खुदा की खोज स्वयं की खोज है। इसलिए स्वयं को स्वयं तक पहुंचने के लिए जरूरत होती है पूर्ण सद्गुरु और सच्चे रहबर तक पहुंचने की। सद्गुरु बेखबर इनसान को खबर देते हैं कि ये रहा निरंकार। तुम इसे चाहे कुछ भी नाम दे दो, है ये एक ही। खुदा भी यही, प्रभु भी यही, ऑलमाइटी गॉड भी यही तो वाहेगुरु भी यही। यही महबूब है हर रूह का, जिसे पाने के लिए आत्मा ने जाने कितने जन्म लिए हैं। इसे पाने के बाद ही भक्ति शुरू होती है और इसको जान लेने से ही मुक्ति मिलती है। इसके बिना न भक्ति सार्थक है और न मुक्ति संभव है। सद्गुरु मिलते ही सारे भ्रम-भुलेखे समाप्त हो उठते हैं। प्रेम और इश्क करने वालों के हिस्से तो सजा ही आया करती है। सजा से डरकर वे अपना समर्पण छोड़ नहीं दिया करते। यहां कवि ने ऐसे ही समर्पण को अपनी दो पंक्तियों में इस तरह व्यक्त किया है कि हां, मैंने मोहब्बत की है। यह मेरा गुनाह है तो खुलकर सजा दे दो। मेरे तन की बोटी-बोटी नोच लो, पर ख्याल रहे कि ये आंखें सलामत रहें, इन आंखों को मत छूना क्योंकि ये आंखें पिया की बाट जोह रही हैं।

प्रभावी संवाद के लिए संवेदनशीलता जरूरी

संकलित
प्रेरणा

प्रभावी संवाद के लिए संवेदनशीलता तथा समझदारी, दोनों गुणों में निपुणता आवश्यक है। कुछ लोग अति संवेदनशील होते हैं, जिसके परिणाम स्वरूप वे अपनी बुद्धिमता खो देते हैं। उनकी वाणी में अस्पष्टता होती है और उसमें अस्फुटता झलकती है। इसमें आपकी मनःस्थिति का भी योगदान है। आप केवल क्रोध कर के किसी को सुधार नहीं सकते। इससे केवल आपके मन की शांति ही भंग होगी। जब आप लोगों से मिलते हो तो प्रायः आप उनसे बुद्धि के स्तर पर ही संवाद करते हो। यही, जब आप प्रकृति के साथ होते हो तो आप स्वतः ही गाना आरंभ कर देते हो तथा प्रकृति के साथ अपने दिल से संवाद स्थापित कर लेते हो। जब आप लोगों के साथ होते हो तो बुद्धि के स्तर पर ही बातचीत अथवा गपशप ही करते रहते हो। किंतु आप यदि प्रकृति के संग हो तो आप गुनगुनाने लगते हो और आपका संवाद दिल से निकलता है। और जब आप गुरु के सान्निध्य में होते हो तो आप खाली हो जाते हो, सभी प्रश्न भूल जाते हो! तब उस मौन में आत्मा के स्तर पर संवाद होता है। संसार में जन्म लेते ही, जैसे ही हम अपनी प्रथम श्वास लेते हैं, हम संवाद करना आरंभ कर देते हैं। हमारा पहला क्रंदन अपनी मां और इस दुनिया से हमारे प्रथम संवाद का द्योतक है कि मैं आ गया हूं। और अपनी अंतिम सांस तक हम निरंतर संवाद करते रहते हैं। तथापि, अच्छे स्तर का संवाद केवल शब्दों से कहीं ऊपर होता है। यह एक कला है और प्रभावी संवाद के लिए, केवल बोले गए शब्द की जगह बहुत से अन्य आयाम होते हैं।

सटाका

आज की पाती

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती हो

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती होना चाहिए। अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए। स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया जाए और स्कूलों से विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे जाए कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, न कि चालान के डर से। - *रमेश मलिक, हिसार*

ट्रेंड

'गोबरधन' योजना

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 23,731 करोड़ की लागत वाली 'गोबरधन' योजना को मंज़ूरी देना 'आत्मनिर्भर भारत', स्वच्छ ऊर्जा और ग्रामीण समृद्धि की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह फैसला देश की ऊर्जा सुरक्षा को मज़बूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। - **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र

बीजेपी-स्टाइल

यह बीजेपी-स्टाइल की तरक्की की नई हवा है... जिस सड़क का उद्घाटन कुछ दिन पहले ही हुआ था, उसकी मरम्मत अभी से करनी पड़ रही है और मरम्मत को सुखाने के लिए तेज रफ्तार वाले पंखे इस्तेमाल किए जा रहे हैं- यह भी हंसी की बात है।
-**अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

हम छात्रों के साथ

कांग्रेस पार्टी छात्रों के साथ खड़ी है। चाहे झारखंड हो, पंजाब हो, दिल्ली हो या कोई और जगह, हम अपने छात्रों के साथ मजबूती से खड़े हैं। चाहे हमारे गठबंधन के साथी हों या विपक्ष, हम छात्रों और युवाओं के साथ खड़े हैं। हम उनकी समस्याओं को हल करने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।
- **मल्लिकार्जुन खड़गे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

निष्पक्ष जांच हो

पिछले छह सालों में जेएसएससी द्वारा आयोजित सभी भर्ती परीक्षाएं, जिनमें सीजीएल, उत्कर्ष सिपाही और असिस्टेंट प्रोफेसर शामिल हैं, उन्हें तुरंत रद्द किया कर उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।
-**बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

करंट अफेयर

रानी-प्रिया कपूर विवाद, आपसी सहमति से समझौते की उम्मीद

उच्चतम न्यायालय ने दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर की मां रानी कपूर और पत्नी प्रिया कपूर के बीच पारिवारिक न्यास को लेकर जारी विवाद में बृहस्पतिवार को कहा कि मध्यस्थता की प्रक्रिया 'काफी संतोषजनक' ढंग से बढ़ रही है और उसे 'उम्मीद' है कि यह विवाद आपसी सहमति से सुलझा लिया जाएगा। न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने मध्यस्थ की ओर से दाखिल शुरुआती मध्यस्थता रिपोर्ट पर गौर किया। पीठ ने कहा, हमने देखा है कि अबतक मध्यस्थता की प्रक्रिया छह सत्रों में हुई है। मध्यस्थ ने परिवार के सभी सदस्यों से बातचीत की है। हमें यह जानकर खुशी है कि मध्यस्थता काफी संतोषजनक ढंग से आगे बढ़ रही है। हमें इस बात से भी खुशी है कि सभी पक्ष सहयोग कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने इस बात का भी संज्ञान लिया कि मध्यस्थ ने दो नवंबर तक मध्यस्थता के लिए समय देने का अनुरोध किया है। पीठ ने कहा, संबंधित पक्षों को खुले मन और दिल से मध्यस्थ के पास जाना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे किसी लंबे कानूनी विवाद में न फंसें। मध्यस्थता को बढ़ने दें, हम एक और रिपोर्ट का इंतजार करेंगे। न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी निर्देश दिया कि मध्यस्थ की फीस का भुगतान 'आर.के. फैमिली ट्रस्ट' से किया जाए।

ऑफ बीट

मिंजर मेला : संस्कृति और धार्मिक आस्था की अनूठी झलक

श्रावण की पहली फुहारों और रावी नदी के अनहद नाद के बीच दूसरे रविवार को चंबा के ऐतिहासिक मैदान में अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव का शुभारंभ होता है। शोभायात्रा में स्थानीय संस्कृति और धार्मिक आस्था की अनूठी झलक देखने को मिलती है। माना जाता है कि किसी महत्वपूर्ण विजय और समृद्ध फसल की खुशी में लोगों ने राजा का स्वागत धान और मक्की की बालियों के प्रतीक 'मिंजर' से किया। 'मिंजर' रेशमी धागों से तैयार की जाने वाली एक विशेष लटकन होती है, जो धान और मक्की की नई बालियों का प्रतीक मानी जाती है। इसे अच्छी फसल, खुशहाली और समृद्धि का संदेश देने वाला शुभ प्रतीक माना जाता है। शोभायात्रा में भगवान लक्ष्मीनारायण और भगवान रघुनाथ मंदिर में मिंजर अर्पित की जाती है। मेले के दौरान लोग इसे अपने वस्त्रों पर धारण करते हैं और मंदिरों में अर्पित करते हैं। मेले का समापन विशेष धार्मिक अनुष्ठान के साथ होता है। अंतिम दिन शोभायात्रा रावी नदी के तट तक पहुंचती है, जहां मिंजर, नारियल, मौसमी फल और शुभ सामग्री जल में अर्पित की जाती है। यह परंपरा प्रकृति के प्रति आभार, अच्छी फसल और सुख-समृद्धि की कामना का प्रतीक मानी जाती है। धीरे-धीरे यह परंपरा एक बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक मेले में बदल गई, जो आज भी पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

कोलकाता हाईकोर्ट की टिप्पणी

आसमान नहीं गिर जाएगा, मदरसों में वंदे मातरम के गाने से

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

'आसमान नहीं गिर जाएगा'। कलकत्ता हाई कोर्ट ने मदरसों में वंदे मातरम गाना जरूरी करने के सरकारी नोटिफिकेशन को चुनौती देने वाली याचिका पर यह टिप्पणी की। कोलकाता हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई की। इस बीच एक्टिंग चीफ जस्टिस तपब्रत चक्रवर्ती ने अपने कॉमेंट को मजबूती देने के लिए क्रिश्चियन स्कूलों का भी उदाहरण दिया। सीनियर एडवोकेट विकास रंजन भट्टाचार्य ने यह पीआईएल दाखिल की थी।

एसीजे ने कहा- हजारों क्रिश्चियन स्कूलों में होती है प्रार्थना, तब....

इस मामले में उठी चिंताओं पर बात करते हुए एसीजे तपब्रत चक्रवर्ती ने कहा, आसमान नहीं गिर जाएगा... आज अगर मुझसे कोई ऐसा कोट बोलने के लिए कहा जाए जो मेरे धर्म में नहीं है... तो क्या होगा? क्या मैं उस धर्म का नहीं रहने वाला इंसान बन जाऊंगा? कोर्ट ने ऐसे एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन का जिक्र किया, जो दूसरे धार्मिक समुदाय चलाते हैं। हजारों क्रिश्चियन स्कूल हैं जहां सभी स्टूडेंट्स को ईश्वर से प्रार्थना करने के लिए कहा जाता है तो क्या किसी खास समुदाय के स्टूडेंट्स पूछते हैं कि उन्हें क्रिश्चियन धर्म की कुछ खास चीजें गाने के लिए क्यों कहा जा रहा है?"



याचिकाकर्ता की दलील कोर्ट के सवाल

पिटीशनर्स के सीनियर वकील ने दलील दी कि वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत के तौर पर अपनाया गया था। इसे मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों पर नहीं थोपा जा सकता। तर्क दिया गया, राष्ट्रीय गीत की तुलना में राष्ट्रगान का स्थान ऊंचा है। इस पर एक्टिंग चीफ जस्टिस ने सवाल किया कि क्या मदरसों में वंदे मातरम गाने को जरूरी बनाने वाले सर्कुलर को ना मानने वालों के खिलाफ कोई एक्शन लिया गया है। पिटीशनर्स के सीनियर वकील ने जवाब दिया, उन्होंने अभी तक इसे लागू करने की हिम्मत नहीं की है।

बंगाल सरकार ने क्या कहा

पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल धीरज कुमार त्रिवेदी पेश हुए. उन्होंने कोर्ट से अगली तारीख देने की गुजारिश की, ताकि वे रिपोर्ट के रूप में हलफनामे के जरिए निर्देश ले सकें। उन्होंने आगे कहा कि याचिकाकर्ता केवल आशंका के आधार पर रोक (इंजंक्शन) की मांग नहीं कर सकते। कोर्ट ने राज्य सरकार की रिपोर्ट दाखिल होने के बाद मामले की सुनवाई टाल दी।

खबर संक्षेप

'अग्नि-4' बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। भारत ने गुरुवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-4' का सफल परीक्षण किया। मिसाइल का परीक्षण सामरिक बल कमान ने किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा इस प्रक्षेपण के दौरान सभी परिचालन और तकनीकी मानकों का सफलतापूर्वक सत्यापन हुआ। यह परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किया गया। मंत्रालय ने कहा कि ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-4' का सफल परीक्षण किया गया।

बेटी की हत्या के आरोप में पिता गिरफ्तार

भदोही। भदोही जिले के एक गांव में पारिवारिक झगड़े में बीच-बचाव करने पहुंची बेटी को उसके पिता ने सिर पर वार करके घायल कर दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया गया कि राजेश के भाई संतोष यादव की पत्नी रानी का देवर राजेश यादव से विवाद हुआ। इसके बाद राजेश अपनी भाभी को लकड़ी से मारने लगा। इसी बीच चाची को बचाने राजेश की 17 वर्षीय बेटी सुषमा आई तो राजेश ने उस पर वार कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई।

चंदा चोर कहां मिलेंगे, भाजपा के दफ्तर में, विपक्षियों नारे के बाद, भाजपा सांसद का पलटवार

कांग्रेस के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगातार लगाने पर भड़के मल्लिकार्जुन खड़गे, राज्यसभा में हुआ जमकर हंगामा

संसद का मॉनसून सत्र पिछले तीन हफ्तों से चल रहा है, लेकिन विपक्ष के हंगामे से कार्यवाही बार-बार स्थगित हो जा रही है। कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों के साथ हुई पुलिस 'बर्बरता', राम मंदिर में कथित चंदा चोरी जैसे मुद्दों पर सरकार को घेर रहा है। विपक्ष की ओर से 'चंदा चोर कहां मिलेंगे, बीजेपी के दफ्तर में' जैसे नारे लगाए जा रहे हैं, लेकिन गुरुवार को अचानक संसद का माहौल तब बदल गया, जब एक भाजपा सांसद ने इसी तरह के नारे के जरिए कांग्रेस को घेर लिया। राज्यसभा में महाराष्ट्र से आने वाले भाजपा सांसद अनिल बोंडे ने आतंकवादी कहां मिलेंगे, कांग्रेस के दफ्तर में नारे लगाए।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विपक्ष पिछले कई दिनों से गृह मंत्री अमित शाह को संसद में बुलाने की मांग कर रहा है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज फिर उस मांग को दोहराया कि 20 जुलाई को दिल्ली में छात्रों पर हुए पुलिसिया हमले पर गृह मंत्री सदन में आकर जवाब दें। विपक्ष चर्चा के लिए तैयार है। एक बार स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे जब सदन में प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू हुई तो नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कुछ कहना चाहा। विपक्ष की नारेबाजी के बीच पर्यटन मंत्रालय से संबंधित पहला प्रश्न पूरा होने के बाद सभापति राधाकृष्णन ने उन्हें बोलने का मौका दिया। तब खरगे ने उनसे अनुरोध किया कि वह प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को सदन में आने का निर्देश दें।

भड़के खड़गे, बोले- अब क्या रिजिजू से सीखना पड़ेगा सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक के बीच सदन में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पर भड़क गए। खड़गे ने कहा कि उन्हें किरेन रिजिजू ससंदीय नियम न सिखाएं। सदन में क्या बोलना है और क्या नहीं, यह उनका अधिकार है। खड़गे ने आसन की ओर मुखातिब होते हुए कहा, सर, अगर मैं यहां रूल्स नहीं पढ़ूंगा, अगर अपना विषय पढ़कर नहीं बोलूंगा, तो क्या तुमने जो दिए, उसे मैं पढ़ूं?

क्या कहा भाजपा सांसद बोंडे ने

राज्यसभा में अनिल बोंडे ने कहा, ''2014 के पहले बच्चा-बच्चा बोल सकता था कि कोयला चोर कहां मिलेंगे, कांग्रेस के दफ्तर में, भ्रष्टाचारी कहां मिलेंगे, कांग्रेस के दफ्तर में... बोला जाता था कि आतंकवादी कहां मिलेंगे, कांग्रेस के दफ्तर में, देशद्रोही कहां मिलेंगे कांग्रेस के दफ्तर में।'' अनिल बोंडे के नारे लगाते ही बाकी भाजपा सांसद ने कांग्रेस के दफ्तर में बोलना शुरू कर दिया। हालांकि, इस दौरान उपसभापति हरिवंश ने अनिल बोंडे से ऐसा बोलने से मना किया, लेकिन सांसद बोलते रहे। उपसभापति ने साफ किया कि विषय पर ही बोलिए, सिर्फ वही रिकॉर्ड पर जाएगा।

विपक्ष का संसद परिसर में प्रदर्शन

कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सांसदों संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। सांसद लगातार संसद परिसर में प्रदर्शन कर अयोध्या स्थित राम मंदिर में श्रद्धालुओं के चढ़ावे की कथित चोरी के मामले की निष्पक्ष जांच तथा विभिन्न राज्यों में छात्रों के खिलाफ की गई कार्रवाई का मुद्दा उठा रहे हैं। संसद भवन के मकर द्वार के निकट एकत्र विपक्षी सांसदों ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे हैं। वे 'चंदा चोर कहां मिलेंगे, भाजपा के दफ्तर में', 'चंदा चोर, गद्दी छोड़' और 'अमित शाह जवाब दो' के नारे लगाते रहे हैं।

गृह मंत्री जवाब दें, हम सदन में सहयोग करेंगे : खड़गे

इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्ष संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित करने में सहयोग के लिए तैयार है, लेकिन जरूरी है कि गृह मंत्री अमित शाह छात्रों पर कथित बर्बरता के मामले में सदन में आकर जवाब दें। उन्होंने सवाल किया कि छात्रों पर लाठीचार्ज, पैलेट गन चलाने का निर्देश किसने दिया और आंसू गैस के गोले क्यों छोड़े गए? उन्होंने कहा, इन सवालों का जवाब देने के लिए गृह मंत्री अमित शाह को सदन में आकर बयान देना चाहिए।

रिजिजू ने विपक्ष को दिलाई संसदीय नियमों की याद

कार्यवाही स्थगित किए जाने से पहले, राज्यसभा में हंगामे के बीच बोलते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष व नेता प्रतिपक्ष पर संसदीय नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया। राज्यसभा में हंगामे के बीच किरेन रिजिजू ने विपक्ष को नियमों की याद दिलाई। राज्यसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर तक शांति बनी रही। इसके ठीक बाद शून्यकाल की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने जमकर नारेबाजी की।

हथियारों की कमी पर बोले ट्रम्प

हथियारों का बड़ा जखीरा मौजूद, नए हथियार भी बन रहे

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका के पास हथियारों का बड़ा जखीरा मौजूद है और जरूरत के मुताबिक नए हथियार भी तेजी से तैयार किए जा रहे हैं। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिकी रक्षा कंपनियां इतिहास में सबसे ज्यादा नए प्लांट और फैक्ट्रियां बना रही हैं। ट्रम्प ने सेना से जुड़ी सीक्रेट जानकारियां लीक करने वालों को भी कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की पहचान की जा रही है उन्हें लंबी जेल की सजा दी जाएगी।

हालांकि, ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि वह किस सीक्रेट जानकारी लीक का जिक्र कर रहे हैं। दरअसल, कुछ अखबारों में मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से दावा किया गया है कि अमेरिकी सेना के पास हथियार तेजी से खत्म होते जा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका के पास थॉड और एटीएसीएमएस सहित कई लंबी दूरी की मिसाइलों का जखीरा समाप्त हो गया है।

सीक्रेट लीक करने वालों को लंबी जेल होगी

48 घंटे में होर्मुज डील पर तस्वीर होगी साफ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान के साथ बातचीत में अच्छी प्रगति हुई है और अगले 48 घंटे में समझौते की स्थिति साफ हो जाएगी। इधर ईरान ने कहा कि ओमान से समझौते के बाद भी होर्मुज पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ओमान के साथ सहमति बनने का मतलब यह नहीं है कि होर्मुज स्ट्रेट का खतरा खत्म हो गया। अमेरिका का सैन्य दबाव जारी रहा तो सुरक्षा जोखिम भी बना रहेगा।

ईरान में पोस्टर लगा- स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी को गिरता दिखाया

वहीं ईरान की राजधानी तेहरान में अमेरिका के खिलाफ बदले का संदेश देने वाले बड़े-बड़े पोस्टर लगाए गए हैं। एक पोस्टर में गिरती हुई स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी दिखाई गई है। उस पर लिखा है, 'जिसने मेरे इमाम को मारा, उसे क्यों न मारें? अगर हम ऐसा नहीं करते, तो यह हमारी बेइज्जती होगी।' यहां 'इमाम' से मतलब ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई से है।

भाजपा सांसद के भाई को मिला था टेका

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे धंसा पंखे से सुखाया जा रहा पैचवर्क

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को औद्योगिक राजधानी कानपुर से जोड़ने वाले लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे की हालत उद्घाटन के 18 दिन बाद ही बिगड़ गई। रिपोर्ट के मुताबिक, 63 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे 18 दिन में 84 जगह धंस चुका है। इन सबके बीच एनएचएआई ने कहा कि जब तक काम नहीं होता, तब तक टोल नहीं वसूला जाएगा। वहीं पैचवर्क सुखाने के लिए 10 पंखे लगाए गए हैं। कानपुर लेन पर 39 जगह पैचवर्क हुआ है, जबकि लखनऊ लेन पर 45 जगह मरम्मत हुई है। अब कंपनी को नॉन-परफॉर्मर घोषित कर उसके ऊपर 2 प्रतिशत का जुर्माना लगाया है। उसके अधिकारियों को 2 साल के लिए प्रतिबंधित किया है।

आसाराम की सेहत बिगड़ने पर होगा विचार, देखभालकर्ता रख सकेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बलात्कार के मामले में सजा काट रहे स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम बापू को गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने स्वास्थ्य कारणों से जमानत देने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और पीबी वराले की पीठ ने कहा कि अगर आसाराम का स्वास्थ्य बिगड़ता तो वह जमानत के लिए दोबारा से आवेदन कर सकते हैं। साथ ही, कोर्ट ने आसाराम को अपनी पसंद के प्रशिक्षित देखभालकर्ता की 24 घंटे सहायता लेने की छूट दी है। बता दें कि जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने 21 जुलाई को एम्स निदेशक को आसाराम की डॉक्टरों की टीम से जांच कराने और मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था।

जेन जी को मोहन भागवत का समर्थन, कहा-विरोध बातचीत का एक तरीका

एजेंसी ▶▶| मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को भारत की युवा पीढ़ी पर भरोसा जताया। भागवत ने 'जेन जी' और जेन-अल्फा के छात्रों के बीच उन्होंने लोकतंत्र, आंदोलन, शिक्षा, रोजगार और युवा पीढ़ी की सोच जैसे मुद्दों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि वे 'जेन जी' पर आंख मूंद करके भरोसा करेंगे। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि छात्रों को बेहतर सिस्टम के लिए विरोध करने का पूरा अधिकार है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने गुरुवार को मुंबई के नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस सम्मेलन में युवाओं को संबोधित किया। एक कार्यक्रम में बोलते हुए भागवत ने कहा कि उन्हें पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हालिया टकराव के सही जानकारी नहीं पता हैं, लेकिन युवाओं पर उनका भरोसा अटूट है। भागवत ने कहा, मैं जेन जी पर आंख बंद करके भरोसा करूंगा। उन्होंने कहा कि उन्हें देश के युवाओं की नीयत और उम्मीदों पर भरोसा है। एंटी पेपर लीक प्रोटेस्ट पर युवाओं के विरोध और लोकतांत्रिक बातचीत का जिक्र करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध बातचीत का एक जरिया है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र बातचीत के बाद आम सहमति बनाने का एक तरीका है। शिकायतें जायज़ हैं और हमारे देश की शिक्षा प्रणाली में बहुत कुछ सुधारने की जरूरत है, इसलिए बातचीत जरूरी है। भागवत ने कहा कि पहले की पीढ़ियां शायद ही कभी अधिकारियों से सवाल पूछती थीं, लेकिन जेन जी और जेन अल्फा सवाल पूछते हैं और सहानुभूति के साथ तार्किक जवाब चाहते हैं। उन्होंने कहा, हम कभी अधिकारियों से सवाल नहीं पूछते थे, लेकिन जेन जी और जेन अल्फा अधिकारियों से सवाल पूछते हैं और तार्किक जवाब चाहते हैं, वह भी प्यार के साथ। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि वह कभी भी जेन जी से विरोध न करने के लिए नहीं कहेंगे।

भागवत ने यह कहा

- भागवत 'जेन जी' और 'जेन अल्फा' के साथ
- देश के युवाओं की नीयत और उम्मीदों पर भरोसा
- आज के युवा देश के प्रति अधिक जिम्मेदार, ईमानदार
- देश की शिक्षा प्रणाली में बहुत कुछ सुधारने की जरूरत
- सिस्टम में कमियां हैं, जिन्हें ठीक करने की जरूरत

रोजगार का मतलब सिर्फ नौकरी नहीं

भागवत ने कहा कि नौकरी ही रोजगार का एकमात्र विकल्प नहीं है। युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता की ओर भी बढ़ना चाहिए। नए अवसर पैदा करना और दूसरों को रोजगार देना भी राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बताते चलें कि मोहन भागवत का यह बयान ऐसे समय आया है जब देश में विभिन्न मुद्दों पर युवाओं के प्रदर्शन, शिक्षा व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार को लेकर लगातार बहस चल रही है।

13 साल पुराने झीरमघाटी नक्सल हमले की 10 अगस्त को होगी अंतिम बहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लगभग 13 वर्ष पूर्व 25 मई 2013 को झीरमघाटी में कांग्रेस के काफिले पर हुए नक्सल हमले मामले में अंतिम बहस 10 अगस्त को होनी है। इस अंतिम बहस के बाद न्यायालय अपना फैसला सुरक्षित रख सकता है या निर्णय की तिथि घोषित कर सकता है। गौरतलब है कि 25 मई 2013 को हुए बहुचर्चित झीरमकांड जिसमें 250 से अधिक हथियारबंद नक्सलियों ने सुकमा परिवर्तन यात्रा से लौट रहे कांग्रेस के काफिले पर घात लगाकर हमला किया था। इस हमले में दिग्गज कांग्रेस नेता विद्याचरण शुक्ल,महेन्द्र कर्मा, नंदकुमार पटेल, उदय मुदलियार व पुलिस जवानों समेत 32 लोगों की हत्या कर दी गई थी। 101 गवाहों के बयान दर्ज इस मामले में कुल 11 आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में अभियोजन चल रहा है। इनमें से एक आरोपी की मृत्यु हो चुकी है जबकि शेष आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में सुनवाई जारी है।

हाईकोर्ट का फैसला

अनुकंपा नियुक्ति के लिए शादीशुदा बहन भी हकदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट के जस्टिस संजय के अग्रवाल की सिंगल बेंच ने अनुकंपा नियुक्ति के मामले में दिए गए अहम फैसले में कहा है कि अविवाहित सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के बाद शादीशुदा बहन भी अनुकंपा नियुक्ति की बराबर हकदार है। महज वैवाहिक स्थिति और लैंगिक पूर्वाग्रह के आधार पर किसी महिला को उसके संवैधानिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता।

बिलासपुर निवासी दुर्गेश मिश्रा जांजगीर-चांपा में जिला लोक अभियोजन अधिकारी के पद पर पदस्थ थे। 13 जून 2018 को सेवा में रहते हुए उनका निधन हो गया। मृतक अविवाहित थे और निधन के बाद उनकी वृद्ध माता तारा मिश्रा ने वर्ष 2013 को राज्य शासन की अनुकंपा नीति के तहत अपनी बेटी और मृतक की बहन अमिता दुबे को अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया। राज्य सरकार के गृह एवं सामान्य प्रशासन विभाग ने 19 सितंबर 2019 को यह कहते हुए आवेदन खारिज कर दिया था कि नीति में विवाहित बहन को अनुकंपा नियुक्ति देने का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। राज्य शासन के आदेश खिलाफ पीड़ित परिवार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की और तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा कुलसुम निशा विरूद्ध उत्तर प्रदेश राज्य एवं सायरा खातून विरूद्ध बिहार राज्य के मामलों में दिए गए फैसलों के अनुसार केवल शादी हो जाने से किसी बेटी या बहन का अपने मूल परिवार से नाता खत्म नहीं होता। शासन की नीति में स्पष्ट उल्लेख है कि अविवाहित शासकीय सेवक के निधन पर माता-पिता की अनुशंसा पर उसके भाई-बहन को नियुक्ति दी जाएगी और जब विवाहित बेटे या भाई को अलग नहीं किया जाता तो केवल शादीशुदा होने के आधार पर बहन के साथ भेद करना संविधान के अनुच्छेद का उल्लंघन है।

चार सप्ताह के भीतर जारी करें आदेश

हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि अनुकंपा नियुक्ति का मुख्य उद्देश्य परिवार के कमाऊ सदस्य की असमय मृत्यु के बाद संकटग्रस्त परिवार को तत्काल वित्तीय राहत पहुंचाना है। इसमें मुख्य मानदंड निर्भरता और आर्थिक जरूरत है न कि वैवाहिक स्थिति। वर्तमान समाज में कई शादीशुदा बेटियां और बहनें अपने माता-पिता व परिवार का सहारा बनती हैं। शादी के बाद बेटी अपने मायके के परिवार से पूरी तरह अलग हो जाती है, यह एक पुरानी और रूढ़िवादी धारणा है जिसे संवैधानिक समानता के सिद्धांत के तहत स्वीकार नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए राज्य सरकार के 19 सितंबर 2019 के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें विवाहित बहन होने का हवाला देते हुए नौकरी देने से इनकार कर दिया गया था।

लोकसभा में पास हुआ अधिकार देने वाला बिल

डिजिटल भुगतान पर शुल्क लगाने का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा ने सरकार को बैंकों और अन्य सेवा प्रदाताओं को 'यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस' (यूपीआई) और अन्य अधिसूचित इलेक्ट्रॉनिक तरीकों से होने वाले भुगतान पर शुल्क लगाने की अनुमति प्रदान करने का अधिकार देने संबंधी एक विधेयक गुरुवार को पारित कर दिया।

यह सरकार को बैंकों और अन्य सेवा प्रदाताओं को 'यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस' (यूपीआई) और अन्य अधिसूचित इलेक्ट्रॉनिक तरीकों से होने वाले भुगतान पर शुल्क लगाने की अनुमति प्रदान करने का अधिकार देता है। सदन में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच, चर्चा के बिना पारित किए गए 'कराधान एवं अन्य विधियां संशोधन विधेयक, 2026' का मकसद उस मौजूदा कानूनी प्रावधान को हटाना है, जो बैंकों और भुगतान सेवा प्रदाताओं को अधिसूचित इलेक्ट्रॉनिक भुगतान तरीकों पर 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' लागू करने से रोकता है।

अभी क्या है नियम

वर्तमान में, कोई भी बैंक या भुगतान प्रणाली प्रदाता आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 269एसयू के निर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के तरीकों का इस्तेमाल करने के लिए किसी पर भी सीधे या परोक्ष रूप से कोई शुल्क नहीं लगा सकता है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि डिजिटल तरीकों से भुगतान पर एमडीआर के बारे में बात करना अभी जल्दबाजी होगी।

आखिर इस बिल में बदला क्या है?

यह संशोधन टैक्सेशन एंड अदर लॉज विधेयक, 2026 का हिस्सा है। गुरुवार को लोकसभा में ध्वनिमत से इसे मंजूरी मिल गई। अब तक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स एक्ट की धारा 10ए के तहत आयकर अधिनियम की धारा 269एसयू में शामिल डिजिटल भुगतान माध्यमों पर बैंक या पेमेंट कंपनियां किसी तरह का शुल्क नहीं लगा सकती थीं।

क्या कहते हैं एक्सपर्ट

कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि व्यवसायी और ग्राहक के बीच एक निश्चित रकम से ज़्यादा के यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर लग सकता है, लेकिन एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को भुगतान पर नहीं। आरबीआई के गवर्नर ने कहा कि अहम बात यह है कि 'सर्विस' के लिए किसी न किसी को तो पैसे देने ही होंगे। 'यूज़-पे' सिद्धांत के तहत, लेनदेन करने वाले व्यक्ति या मर्चेंट से ही एमडीआर वसूला जाता है।



फिर लीक हुआ वाराणसी का सीन? महेश का एक्शन वीडियो वायरल

मुंबई। महेश बाबू के जन्मदिन (8 अगस्त) से ठीक पहले फिल्म का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसे वाराणसी घाट पर शूट हुए एक बड़े एक्शन सीन का हिस्सा बताया जा रहा है। फिल्म के अनाउंसमेंट के बाद से ही वाराणसी बार-बार लीक का शिकार होती रही है। पहले सेट की तस्वीरें, अनाउंसमेंट वीडियो के कुछ हिस्से और पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक भी ऑनलाइन सामने आ चुका है। अब यह नया वीडियो सामने आने के बाद फैंस के बीच और भी एक्साइटमेंट बढ़ गई है। वायरल हो रहे इस वीडियो में महेश बाबू खून से लथपथ नजर आ रहे हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह फिल्म के किसी बड़े एक्शन सीन का हिस्सा हो सकता है।

लाइफ Style

श्रेया लॉकअप सीजन 2 को मिला विजेता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लॉकअप सीजन 2 के विजेता का खिताब जीतने के बाद श्रेया कालरा को पुरस्कार में एक चमचमाती ट्रॉफी मिली है। इसके अलावा एक करोड़ रुपए की राशि भी उन्हें मिली। लॉकअप का यह दूसरा सीजन भी काफी रोमांचक रहा।

रियलिटी शो 'लॉकअप सीजन 2' को आखिर विजेता मिल गया है। इस बार जीत का ताज श्रेया कालरा के सिर सजा है। उन्होंने शो में बाजी मारी है। बता दें कि इसी के साथ इस सीजन का पड़ाव खत्म हो गया है। श्रेया कालरा ने ग्रैंड फिनाले में शिवांगी जोशी को हराकर 'लॉक अप- सच या सजा' सीजन 2 जीता है। 'लॉकअप सीजन 2' के ग्रैंड फिनाले में श्रेया कालरा और शिवांगी जोशी के बीच मुकाबला था। विजेता के नाम का ऐलान किया गया तो होस्ट रितेश देशमुख ने श्रेया कालरा का नाम लिया। बता दें कि फाइनल एपिसोड जारी हो चुका है। दर्शकों ने इसे आगे बढ़ाकर देखते हुए विनर की जानकारी जुटा ली। सोशल मीडिया पर कई वीडियोज भी वायरल हो रहे हैं। लॉकअप सीजन 2 के विजेता का खिताब जीतने के बाद श्रेया कालरा को पुरस्कार में एक चमचमाती ट्रॉफी मिली है। इसके अलावा एक करोड़ रुपए की राशि भी उन्हें मिली। लॉकअप का यह दूसरा सीजन भी काफी रोमांचक रहा। दर्शकों को खूब ड्रामा और सस्पेंस देखने को मिला। रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रेया कालरा मामूली अंतर से जीती हैं। उन्होंने शिवांगी जोशी को सात वोटों से हराया है। पांच फाइनलिस्ट चुने गए थे। फाइनल में राम कपूर, शिवांगी जोशी, श्रेया कालरा, योगेश रावत और आकांक्षा चमोला ने जगह बनाई थी।

हॉलीवुड मसाला

दक्षिण भारतीय परंपरा से की शादी?

नई दिल्ली। इन दिनों भारत के सिनेमाघरों में फिल्म 'स्पाइडर-मैन 4' की धूम है। इस बीच इस फिल्म से जुड़ा एक एआई से बना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें पीटर पार्कर और एमजे की शादी की कल्पना की गई है। एआई से बना यह वीडियो इंस्टाग्राम पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो में सुपरहीरो को एक बेहतरीन साउथ इंडियन हैप्पी एंडिंग देता है। पीटर पार्कर और एमजे चमेली के फूलों की माला, सिल्क की साड़ियों और मंदिर-स्टाइल की शादी की सजावट के बीच शादी के बंधन में बंधते हैं।

क्रॉप ओवर उत्सव में रिहाना का दिखा अलग अंदाज...

लॉस एंजिल्स। सिंगर रिहाना जब भी 'क्रॉप ओवर' के लिए बारबाडोस लौटती हैं, तो फैशन पसंद करने वाले जानते हैं कि वे कुछ ऐसा देखने वाले हैं जिसे वे कभी नहीं भूल पाएंगे। यह सिंगर लंबे समय से इस आइलैंड के सबसे बड़े जश्न में शामिल होती रही हैं। 2024 के बाद 'ग्रैंड कडूमेंट डे' परेड में रिहाना ने अपनी जबरदस्त वापसी की। यहां उन्होंने अपने फैंस का दिल जीता। इस साल के जश्न के लिए, रिहाना ने बारबाडोस की डिजाइनर लॉरेन ऑस्टिन की बनाई हुई कॉस्ट्यूम पहनी। इस कॉस्ट्यूम में एक बहुत ही बारीक बॉडीसूट था जो पूरी तरह से चमकदार सजावट से ढका हुआ था। हजारों रंग-बिरंगे जेमस्टोन, क्रिस्टल, बारीक बीडवर्क और फूलों वाले पैटर्न ने इस बॉडीसूट को एक शानदार लुक दिया। रिहाना की ड्रेस में पीछे लगे बड़े-बड़े पंखों वाले हिस्से ने पूरे लुक को और भी शानदार बना दिया।

फिर मोहब्बत के लिए जंग लड़ते दिखे

मुंबई। साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म आवारापन में इमरान हाशमी ने अपनी अदाकारी से फैंस को हैरान किया था। फिल्म की कहानी, गाने आज तक दर्शकों को याद हैं। फिल्म की अलग ही फैन फॉलोइंग है। अब मेकर्स आवारापन 2 लेकर आए हैं, गुरुवार को इस फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज किया गया है। ट्रेलर मोहब्बत के लिए कुछ भी कर गुजरने की कहानी को दिखा रहा है। इमरान हाशमी और दिशा पाटनी के बीच की केमिस्ट्री भी कमाल की है। वहीं, ट्रेलर में इमरान हाशमी के एक्शन सीन्स भी हैरान करते हैं। उनके डायलॉग भी दर्शकों को पसंद आएंगे। एक सीन में वह कहते हैं, 'मौत से मेरा पुराना रिश्ता है, उसका एक कर्ज है, जो चुकाना है।' ट्रेलर में शबाना आजमी भी हैं, जो नेगेटिव रोल में नजर आ रही हैं। इसके अलावा दिशा पाटनी के भी कई सीन्स इसमें देखने को मिले।

जेमी के साथ बनाएंगे एक्शन थ्रिलर...

मुंबई। डायरेक्टर निखिल नागेश भट्ट 'डेडलॉक्ड' नाम की एक एक्शन थ्रिलर फिल्म डायरेक्ट करेंगे, जिसमें ऑस्कर विजेता एक्टर जेमी फॉक्स लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म को अमेजन एमजीएम स्टूडियोज दुनिया भर में रिलीज करेगा। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक, डेडलॉक्ड को प्राइम वीडियो पर ग्लोबली स्ट्रीम किया जाएगा। यह निखिल भट्ट की पहली इंग्लिश लैंग्वेज फिल्म होगी और किल की सफलता के बाद उनके करियर में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। फिल्म की कहानी एक ऐसे पूर्व मरीन पर आधारित है, जो एक बड़े केस में ज्यूरी ड्यूटी कर रहा होता है। इसी दौरान कोर्ट में अचानक खतरनाक हालात बन जाते हैं और मामला बंधक बनाने तक पहुंच जाता है। दरअसल, आरोपी की बेटी अपने पिता को बचाने के लिए कोर्ट पर कब्जा कर लेती है।

टीवी मसाला

मिनी बनीं अलायंस की विजेता एली और रूही को हराया

नई दिल्ली। शो 'अलायंस' की विनर मिनी माथुर ने टीवी एक्टर एली गोनी और यूट्यूबर रूही दोसानी को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। उन्हें ट्रॉफी के अलावा इनाम में 50 लाख रुपए मिले हैं। मिनी को उम्मीद है कि यह जीत आम महिलाओं को भी प्रेरित करेगी। शो 'अलायंस' जीतने के बाद मिनी माथुर ने अपनी विनिंग स्पीच में कहा, 'इन छह हफ्तों में मैंने एक पूरी जिंदगी जी ली है। यह मेरा पहला रियलिटी शो है। इससे पहले मैंने कभी किसी ऐसे रियलिटी शो में हिस्सा लेने के बारे में नहीं सोचा था, जिसमें कंटेस्टेंट्स को एक जगह बंद रहना पड़ता है। मैंने हां इसलिए कहा, क्योंकि मुझे स्पोर्ट्स और कॉम्पिटिशन पसंद हैं। मुझे खुशी है कि मेरे कुछ दोस्तों ने मुझे इसके लिए मनाया। मुझे नहीं लगा था कि मैं यहां एक हफ्ते से ज्यादा टिक पाऊंगी क्योंकि जब जिंदगी अच्छी चल रही हो, तो आप उसे मुश्किल या असहज न बनाने के बहाने तलाशते हैं। लेकिन, कुछ चीजें थीं जो मैं खुद को साबित करना चाहती थी। अपनी जिंदगी के बारे में कुछ चीजों पर फिर से सोच रही थी। लेकिन, जब मैं यहां आई तो मुझे सबसे लगाव हो गया। मुझे हर एक कंटेस्टेंट से प्यार हो गया। इस पूरे सफर में उन्होंने मेरी बहुत मदद की।' वह आगे कहती हैं, 'मुझे लगता है कि मैंने शो को गरिमा और शालीनता के साथ खेला। मुझे उम्मीद है कि मुझे देखकर सभी महिलाओं को थोड़ी प्रेरणा मिलेगी। मुझे लगता है कि अब आसमान ही मेरी लिमिट है। मैं खुद को और आगे ले जाऊंगी।'

एक वरदान से बदलेगी घरवालों की किस्मत

नई दिल्ली। गुरुवार को बिग बॉस 20 के नए प्रोमो में सलमना खान ने शो के नए नियम से पर्दा उठाया है। साथ ही प्रोमो में बिग बॉस हाउस की पहली झलक भी सामने आई है। शो के प्रोमो में अभिनेता एक वरदान की

बात कर रहे हैं जो घरवालों की किस्मत पलट देगी। उन्होंने कहा कि सभी घरवालों को एक वरदान मिलेगा। सलमान खान ने कहा, 'इस बार सभी घरवालों को मिलेगा एक वरदान, तथास्तु मेरी जान।' प्रोमो में सलमान खान ने कहा था, 'जो करण-अर्जुन में हुआ था, अब बिग बॉस में दोबारा होगा।' इसके जरिए उन्होंने '2' को भी हाइलाइट किया था। हो सकता है कि शो में जोड़ी में कंटेस्टेंट्स की एंट्री हो। खैर, अभी तक इसको लेकर कोई अपडेट सामने नहीं आया है। नए प्रोमो में बिग बॉस 20 के हाउस की झलक भी सामने आई है। इस बार बिग बॉस का हाउस किसी रंग-बिरंगे और लग्जरी हाउस जैसा नहीं है। सोशल मीडिया पर जैसे ही फोटो सामने आई, लोग इसकी तुलना द 50 के सेट से कर रहे हैं। कुछ लोग इसे भूतिया हवेली तक बता रहे हैं।

रामायण का इंग्लिश ट्रेलर मेकर्स ने किया साझा, रिलीज डेट भी सामने आई

मुंबई। नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म 'रामायण' का हिंदी ट्रेलर कुछ दिन पहले साझा किया गया था, इसी के साथ दक्षिण भारतीय भाषाओं में भी ट्रेलर सामने आया था। अब मेकर्स ने इसका इंग्लिश ट्रेलर इंटरनेशनल ऑडियंस के लिए रिलीज किया है। इसमें सभी किरदार इंग्लिश डायलॉग बोलते हुए दिखाई दिए। कई सोशल मीडिया यूजर्स को लगता है कि इंग्लिश डायलॉग्स के लिए एआई का इस्तेमाल किया गया है। नमित मल्होत्रा प्रोड्यूस फिल्म रामायण का पहला पार्ट दिवाली पर रिलीज होने की बात सामने आई थी। अब मेकर्स ने इसकी तारीख भी बता दी है। यह फिल्म 6 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दिवाली से दो दिन पहले यह फिल्म सिनेमाघरों में आएगी।

दूसरा पार्ट अगले साल रिलीज होगा, लेकिन इसकी रिलीज डेट अभी मेकर्स ने शेयर नहीं की है। रामायण फिल्म में रणबीर कपूर के अलावा अरुण गोविल, साई पल्लवी, विवेक ओबेरॉय, रकुल प्रीत, रवि दुबे, यश, फैसल खान जैसे उम्दा कलाकार नजर आएंगे। रावण का किरदार साउथ सुपरस्टार यश निभा रहे हैं। इस फिल्म का जब ट्रेलर रिलीज हुआ था तो दर्शकों ने वीएफएक्स की जमकर तारीफ की है।

भारत के बंटवारे का दर्द बयां करती हैं ये फिल्में

नई दिल्ली। सनी देओल की फिल्म आ रही है बंटवारा 1947 जिसका ट्रेलर कुछ दिनों पहले रिलीज हुआ है और इसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म को राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है और इसमें सनी के साथ प्रीति जिंटा, करण देओल और शबाना आजमी हैं। इस फिल्म में भारत-पाकिस्तान के बंटवारे की कहानी को दिखाया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इससे पहले भी कई फिल्में रिलीज हो चुकी हैं, जिसमें बंटवारे के दौरान के दर्द की कहानी को दिखाया है।

गर्म हवा : फिल्म 'गर्म हवा' साल 1973 में रिलीज हुई थी। फिल्म को एम. एस. सथ्यू ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में भारत-पाकिस्तान के विभाजन के दौर में आगरा के एक मुस्लिम व्यवसायी सलीम मिर्जा (बलराज साहनी) के परिवार के संघर्ष की कहानी को दिखाया है। फिल्म की स्क्रिप्ट कैफी आजमी और शमा जैदी ने लिखी थी। फिल्म में बलराज साहनी, फारुख शेख, शौकत कैफी, गीता सिद्धार्थ जैसे स्टार्स अहम किरदार में थे।

पिंजर : पिंजर साल 2003 में रिलीज हुई थी। यह एक ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म थी जिसे चंद्रप्रकाश ने डायरेक्ट किया था। यह फिल्म 1947 में हुए भारत के विभाजन पर आधारित है। इसमें एक हिंदू महिला की

दुखद, लेकिन हिम्मत से भरी कहानी को दिखाया है, जिसे पारिवारिक झगड़े के कारण अलग कर दिया होता है। वहीं, इस बीच सांप्रदायिक हिंसा के दौरान उसके स्ट्रगल को दिखाया है। फिल्म में मनोज बाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर, संदली सिन्हा, ईशा कोप्पिकर और संजय सूरी अहम किरदार में थे।

ट्रेन टू पाकिस्तान : 1998 में फिल्म आई थी ट्रेन टू पाकिस्तान। यह फिल्म खुशवंत सिंह की बुक ट्रेन टू पाकिस्तान पर आधारित है। फिल्म में 1947 में भारत के पार्टिशन और उस दौरान हुए भयानक सांप्रदायिक खून-खराबे पर आधारित है। फिल्म में दिव्या दत्ता, निर्मल पांडे, रजित कपूर अहम किरदार में थे।

हे राम : हे राम फिल्म की कहानी भारत के विभाजन, सांप्रदायिक हिंसा और महात्मा गांधी की हत्या पर आधारित है। फिल्म को कमल हासन ने डायरेक्ट किया था और इसमें कमल ने परफॉर्म भी किया था। कमल के साथ शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, हेमा मालिनी, नसीरुद्दीन शाह लीड रोल में थे।

1947 अर्थ : साल 1998 में आई थी फिल्म 1947 अर्थ। इस फिल्म को दीपा मेहता ने डायरेक्ट किया था और इसमें आमिर खान, नंदिता दास, राहुल खन्ना और गुलशन ग्रोवर लीड रोल में थे।

गदर : सनी देओल की फिल्म गदर भी इस लिस्ट में शामिल है। गदर में भी दिखाया गया है कि कैसे भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के दौरान दंगे होते हैं और फिर पाकिस्तान की सकीना, भारत में तारा सिंह के साथ रहती हैं और दोनों की शादी हो जाती है। इसके बाद सकीना और दोनों का बेटा पाकिस्तान जाते हैं और वहां सकीना के पिता ऐसा गेम खेलते हैं कि दोनों को वही रख लेते हैं। ऐसे में तारा सिंह फिर दोनों को लेना जाता है और जो होता है उसने ही फिल्म को हिट बनाया।

रोमांटिक कॉमेडी सीरीज 'स्टिकी लव' है दो अजनबियों की कहानी

इस वीकएंड ओटीटी पर रिलीज होंगी ये धमाकेदार फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। सिनेमाघरों में स्पाइडर मैन 4 का कलेक्शन भारत में 300 करोड़ पार हो चुका है। 'द ओडिसी' भी छाई हुई है। वहीं, 7 अगस्त को ओह माय डॉग और आर्यभट्ट का जीरो जैसी फिल्में भी रिलीज होंगी। इस बीच ओटीटी पर भी दर्शकों के लिए इस वीकएंड पर काफी कुछ दिलचस्प है।

मैं वापस आऊंगा

इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी यह फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें नसीरुद्दीन शाह, दिलजीत दोसांझ, शरवरी और वेदांग रैना जैसे सितारे हैं। इस फिल्म की काफी तारीफें हुईं। दर्शक फिल्म देखने के बाद भावुक हुए। अब यह ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। यह फिल्म 7 अगस्त से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

उयिर

यह तमिल भाषा की फिल्म है। तमिल भाषा में उयिर का अर्थ जीवन या आत्मा होता है। रोशन मैथ्यू, बैजू संतोष और अतुल्या चंद्रा अभिनीत यह फिल्म 4 अगस्त को जियोहॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड आप इसे देख सकते हैं। इस फिल्म की कहानी कन्नूर के धर्मदम पुलिस स्टेशन में तैनात एक ट्रेनी सब-इंस्पेक्टर अजीब की सच्ची घटनाओं पर आधारित पुलिस जांच पर आधारित है।

ऑपरेशन सफेद सागर

यह वेब सीरीज भी इसी वीक दस्तक देगी। 'ऑपरेशन सफेद सागर' साल 1999 के करगिल युद्ध के दौरान भारतीय वायु सेना द्वारा चलाया गया एक ऐतिहासिक और निर्णायक हवाई अभियान था, जिसका मुख्य उद्देश्य करगिल की ऊंची पहाड़ियों पर छिपे पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ना था। यह सीरीज 7 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी।

माय लाइफ विद द वाल्टर बॉयज 3

लोकप्रिय अमेरिकी टीन ड्रामा और रोमांटिक सीरीज 'माय लाइफ विद द वाल्टर बॉयज' का तीसरा सीजन इस वीक ओटीटी पर आएगा। इस सीरीज का प्रीमियर 6 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर हो गया है। इस सीजन में कुल 10 एपिसोड होंगे। ये सभी एक साथ रिलीज किए जाएंगे।

स्टर्लिंग पॉइंट

यह अमेरिकी ड्रामा सीरीज है। इसे मेगन पार्क ने बनाया है। यह 17 साल की एनी जैकबसन (एला रुबिन) की कहानी है। स्टर्लिंग पॉइंट05 अगस्त से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

एमटीवी हसल 5

मशहूर भारतीय रैप और हिप-हॉप रियलिटी शो एमटीवी हसल 5 नए सीजन के साथ लौट रहा है। इस बार शो में नए रैपर की खोज होगी, साथ ही उन जगहों, अनुभवों और कहानियों से भी रूबरू कराया जाएगा, जहां इन कलाकारों को आकार मिला। यह 8 अगस्त से जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा। इस सीजन में सिंगर-रैपर बादशाह रैप सुप्रीमो के रूप में नजर आएंगे।

स्टिकी लव

अगर आपको के-ड्रामा में दिलचस्पी है तो इस वीकएंड के लिए इसका भी ऑप्शन है। यह रोमांटिक कॉमेडी सीरीज है। 'स्टिकी लव' दो अजनबियों की कहानी है, जिनकी अचानक मुलाकात होती है और जिंदगी एक-दूसरे से जुड़ जाती है। इसके बाद रोमांस शुरू होता है। इसे 7 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा।

माई लाइफ विद द वॉल्टर बॉयज सीजन 3

यह टीन रोमांटिक ड्रामा सीरीज है। यह इस सीरीज का तीसरा सीजन है, जिसे दर्शक इस वीक देख सकते हैं। 'माई लाइफ विद द वॉल्टर बॉयज सीजन 3', 06 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।